वर्ष-07 - अंक 303
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
रविवार ,09 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च 3
कौशल विकास से आत्मनिर्भर बन रहे यूपी के युवा..... 4
नाले में निकासी का इंतजाम नहीं, जलभराव से व्यापारी और 11

अगले 35 साल विकसित भारत का आधार बनेंगे युवा: पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के 57वें दीक्षांत समारोह में युवाओं से देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल सवाल पूछना पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं को समस्याओं के समाधान खोजने का साहस भी रखना चाहिए। अगले 30 से 35 वर्षों में युवा जो करेंगे, वही विकसित भारत की यात्रा की दिशा और गति तय करेगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं से हर निर्णय लेते समय यह विचार करने की अपील की कि उनके कार्य से देश को कितना लाभ पहुंचेगा। प्रधानमंत्री पहली बार शारीरिक रूप से आईआईटी दिल्ली के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। इनमें 587 पीएचडी शोधार्थी भी शामिल रहे। प्रधानमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल, डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल सहित संस्थान के विभिन्न प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों की डिग्री केवल परीक्षा पास करने या अच्छा सीजीपीए हासिल करने का प्रमाण नहीं है। यह जटिल समस्याओं को समझने, उनका समाधान खोजने और तेजी से बदलती दुनिया की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता का भी प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आने वाले 30 से 35 वर्ष भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस अवधि में आज के युवा देश के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभाएंगे। ऐसे में युवाओं को अपने प्रत्येक निर्णय में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने कार्यों के व्यापक प्रभाव के बारे में सोचें और यह सवाल खुद से करें कि उनके प्रयासों से देश को क्या लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं को जिज्ञासु बने रहने की सलाह देते हुए कहा कि जो बातें बिना सोचे-समझे स्वीकार कर ली जाती हैं, उन पर सवाल उठाना जरूरी है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सवाल पूछने के बाद रुक जाना पर्याप्त नहीं है। वास्तविक बदलाव तब आता है, जब सवालों के जवाब और समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि आईआईटी की परीक्षा में सिलेबस निर्धारित होता है, लेकिन जीवन की परीक्षा में बहुत कुछ ऐसा सामने आता है, जिसकी पहले से कोई तैयारी नहीं होती। इसलिए युवाओं को लगातार सीखने और खुद को बदलती परिस्थितियों के अनुरूप तैयार करने की आदत विकसित करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति नई चुनौतियों के लिए नए समाधान खोजने का साहस रखता है, उसके लिए चुनौती स्वयं एक अवसर बन जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेने और लगातार आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि भारत को तकनीक और विनिर्माण के क्षेत्र में अपनी क्षमता को और मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि देश को चिप से लेकर शिप तक विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना है और इसमें युवाओं की प्रतिभा, अनुसंधान एवं नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए एक लाख करोड़ रुपये की फंडिंग का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को वैश्विक तकनीकी शक्ति बनाने के लिए अनुसंधान, नवाचार और स्वदेशी तकनीक पर लगातार काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने आईआईटी दिल्ली के सोनीपत परिसर में एआई-संचालित सुपरकंप्यूटिंग सुविधा 'परम प्रज्ञा' का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उन्नत कंप्यूटिंग जैसी तकनीकें आने वाले समय में अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और अनुसंधान सहित अनेक क्षेत्रों को प्रभावित करेंगी। उन्होंने युवाओं से इन नई तकनीकों को केवल रोजगार के माध्यम के रूप में नहीं, बल्कि देश की बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए उपयोग करने की अपील की।

छात्रों से संवाद करेंगे युवा आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसर

युवाओं से जुड़ने के लिए योगी सरकार की बड़ी पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के युवाओं को सही दिशा, करियर संबंधी मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायता देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने नई पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश में तैनात युवा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों को छात्रों से सीधे संवाद करने की जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया है। इसके तहत युवा अधिकारी नियमित रूप से इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और उनके सवालों, जिज्ञासाओं तथा भविष्य से जुड़ी चिंताओं पर चर्चा करेंगे। सरकार का उद्देश्य केवल छात्रों को औपचारिक भाषण देना नहीं, बल्कि उनके साथ सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें व्यावहारिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। अधिकारियों के व्यक्तिगत अनुभव, संघर्ष, तैयारी और प्रशासनिक सेवा में पहुंचने की यात्रा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। योजना के तहत सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने जिले में तैनात युवा आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों से प्रत्येक माह कम से कम एक इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालय का भ्रमण करवाएं। इसमें सरकारी, सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों को भी शामिल किया जा सकता है। जिलाधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वे पूरे माह का कार्यक्रम पहले से तैयार करें और यह सुनिश्चित करें कि अधिकारियों की विद्यालयों में सक्रिय भागीदारी हो। कार्यक्रमों की गुणवत्ता की समीक्षा भी जिलाधिकारी स्वयं करेंगे। सरकार की इस पहल में छात्रों के साथ संवाद को विशेष महत्व दिया गया है। विद्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम केवल पारंपरिक व्याख्यान तक सीमित नहीं रहेंगे। अधिकारियों और छात्रों के बीच संवादात्मक चर्चा तथा प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विद्यार्थी करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं, पढ़ाई, रोजगार और अपने भविष्य से जुड़े सवाल सीधे अधिकारियों से पूछ सकेंगे। अधिकारियों को छात्रों की जिज्ञासाओं का व्यावहारिक और अनुभव आधारित जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, करियर योजना, प्रभावी अध्ययन तकनीक, समय प्रबंधन, आत्म-अनुशासन और व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

संक्षिप्त ख़बरें

सुप्रिया सुले ने एफसीआरए संशोधन विधेयक का किया विरोध

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष और बारामती से लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक, 2026 के मौजूदा स्वरूप का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि हर विदेशी फंडिंग को संदेह की नजर से नहीं देखा जा सकता। सुले ने केंद्र सरकार से विधेयक को वापस लेने या इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने की मांग की। सुले ने शनिवार को मुंबई में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि सभी राजनीतिक दलों को प्रस्तावित विधेयक पर विस्तार से चर्चा करने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार को विधेयक को जल्दबाजी में संसद से पारित कराने के खिलाफ भी आगाह किया। सुप्रिया सुले ने कहा कि उनकी पार्टी एफसीआरए संशोधन विधेयक के मौजूदा स्वरूप से असहमत है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार विधेयक वापस लेने के लिए तैयार नहीं है तो इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा जाना चाहिए, ताकि सभी पक्षों की राय सुनी जा सके और विधेयक के प्रावधानों पर व्यापक चर्चा हो।

हवाई अड्डों पर तैनात होंगे 'साइबर कमांडो'

नई दिल्ली। देश के हवाई अड्डों की साइबर सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सीआईएसएफ के एयरपोर्ट सेक्टर ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत सीआईएसएफ के चयनित जवानों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और उभरते खतरों से निपटने के लिए छह सप्ताह का विशेष आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद बल में विशेष रूप से प्रशिक्षित 'साइबर कमांडो' का समूह तैयार किया जाएगा। सीआईएसएफ के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य हवाई अड्डों जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को साइबर हमलों और डिजिटल व्यवधानों से सुरक्षित रखना है। प्रशिक्षण प्राप्त जवान साइबर खतरों की पहचान, उनकी रोकथाम और किसी भी घटना की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे। सीआईएसएफ महानिदेशक प्रवीर रंजन के नेतृत्व में बल ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से प्रशिक्षित जवानों की टीम तैयार करने की पहल की है।

मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन: छात्र प्रतिनिधिमंडल

रांची(एजेंसी)। झारखंड सरकार और जेपीएससी-जेएसएससी एस्पिरेंट न्याय मंच से जुड़े छात्रों के बीच बातचीत का दूसरा दौर शनिवार को हुआ। बैठक के बाद छात्र प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से सुना और सभी मुद्दों पर विचार करने का भरोसा दिया है। हालांकि, छात्रों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, उनका आंदोलन जारी रहेगा। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्र लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सरकार के समक्ष परीक्षा प्रक्रिया, कथित गड़बड़ियों, लंबित परिणामों और भर्ती प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य अमित ने कहा कि बैठक में उन्होंने झारखंड के छात्रों की परेशानियों और समस्याओं के विभिन्न पहलुओं को सरकार के सामने रखा। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में वर्ष 2024 में झारखंड आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान के दौरान शारीरिक दक्षता परीक्षा के तहत दौड़ में जान गंवाने वाले अभ्यर्थियों के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग शामिल है। अमित ने कहा कि छात्रों की मांगों पर सरकार ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है, लेकिन जब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आता, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि छात्रों को उम्मीद है कि सरकार उनकी मांगों पर जल्द निर्णय लेगी। बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल के सदस्य चंदन ने कहा कि सरकार के साथ हुई वार्ता सकारात्मक रही। छात्रों ने तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के साथ अपनी सभी मांगें सरकार के सामने विस्तार से रखीं। उन्होंने कहा कि सरकार ने छात्रों की चिंताओं को गंभीरता से सुना और जल्द ही मुख्यमंत्री से बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। चंदन ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि जो छात्र भूख हड़ताल पर बैठे हैं, वे अपना अनशन जारी रखेंगे। छात्रों की मांग है कि सरकार यह स्पष्ट करे कि उनकी मांगों पर कब तक निर्णय लिया जाएगा। छात्र प्रतिनिधिमंडल ने टीडीपीएल एजेंसी द्वारा आयोजित उन परीक्षाओं को रद्द करने की मांग की है, जिनके परिणाम अभी घोषित नहीं किए गए हैं। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा संचालन की प्रक्रिया को लेकर कई सवाल उठे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि भविष्य में परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी किसी विश्वसनीय एजेंसी को दी जाए। इसके लिए टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी प्रतिष्ठित एजेंसी अथवा संबंधित आयोग द्वारा स्वयं परीक्षा आयोजित कराने का सुझाव दिया गया है। छात्रों ने मांग की कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की जाए तथा ऐसी कंपनियों को परीक्षा की जिम्मेदारी न दी जाए, जिनकी कार्यप्रणाली को लेकर छात्रों के बीच सवाल उठ रहे हैं।

राहुल गांधी का केंद्र पर हमला, बोले- युवाओं के लिए रोजगार के रास्ते बंद

प्रयागराज(एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि देश में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लगातार कम किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उद्योगपति गौतम अदाणी का नाम लेते हुए रोजगार के संकट के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। राहुल गांधी ने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों और भविष्य के लिए आवाज उठानी होगी तथा समाज में नफरत के बजाय प्रेम और भाईचारे का संदेश देना होगा। युवाओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देश का भविष्य युवा पीढ़ी के हाथों में है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे 'मोहब्बत की दुकान' खोलें और प्यार तथा एकजुटता के साथ अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करें। राहुल गांधी ने कहा कि युवा पढ़ाई करते हैं, परिवार पैसा खर्च करता है और छात्र अपने भविष्य के लिए मेहनत करते हैं, लेकिन शिक्षा पूरी करने के बाद रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि दुनिया के बाजारों में 'मेड इन चाइना' और 'मेड इन वियतनाम' जैसे उत्पाद दिखाई देते हैं।

पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

नई दिल्ली/लखनऊ(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के लिए नई दिल्ली पहुंचे। उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव प्रस्तावित होने के बीच मुख्यमंत्री का यह दिल्ली दौरा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री के साथ उनकी मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिल्ली दौरे को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठनात्मक रणनीति के संदर्भ में देखा जा रहा है। हालांकि, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच होने वाली बैठक के एजेंडे को लेकर विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव को देखते हुए प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां धीरे-धीरे तेज होने लगी हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शीर्ष नेतृत्व के साथ मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों के लिए बनेगा राष्ट्रीय आयोग

नई दिल्ली (एजेंसी)। विभिन्न न्यायाधिकरणों के अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग के गठन का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र सरकार संबंधित विधेयक को अगले सप्ताह लोकसभा में पेश करने की तैयारी में है। प्रस्तावित कानून का उद्देश्य न्यायाधिकरणों में नियुक्ति प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, स्वतंत्र और एकरूप बनाना है। प्रस्तावित न्यायाधिकरण सुधार विधेयक में विभिन्न न्यायाधिकरणों के अध्यक्षों और सदस्यों के चयन एवं नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग गठित करने का प्रावधान किया गया है। सरकार का कहना है कि इससे नियुक्तियों की प्रक्रिया में दक्षता बढ़ेगी और न्यायाधिकरणों के कामकाज में स्वतंत्रता तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। लोकसभा सदस्यों को वितरित किए गए विधेयक के अनुसार, प्रस्तावित राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा। आयोग में एक अध्यक्ष और चार सदस्य होंगे। इनमें दो न्यायिक तथा दो तकनीकी सदस्य शामिल होंगे। आयोग के अध्यक्ष पद के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या किसी हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश पात्र होंगे। आयोग को विभिन्न न्यायाधिकरणों में अध्यक्षों और सदस्यों के चयन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका दी जाएगी। राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग के गठन का प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद सामने आया है। शीर्ष अदालत ने न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों की प्रक्रिया को स्वतंत्र और पारदर्शी बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसे राष्ट्रीय आयोग के गठन का निर्देश दिया था, जिसमें पेशेवर विशेषज्ञता हो और जो विभिन्न न्यायाधिकरणों में अध्यक्षों एवं सदस्यों की नियुक्ति के लिए पारदर्शी प्रक्रिया तथा प्रभावी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित कर सके। विधेयक में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के कुछ प्रावधानों को रद्द कर दिया था। शीर्ष अदालत ने इन प्रावधानों को शक्तियों के पृथक्करण और न्यायिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं माना था।

नीट-यूजी में बड़ा बदलाव! जेईई की तर्ज पर दो चरणों में हो सकती है परीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सचिन बाजपेई

नई दिल्ली। मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट -यूजी) के स्वरूप में बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि नीट -यूजी को इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा छ्ष्श्व की तर्ज पर दो चरणों में आयोजित करने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही वर्तमान पेन-एंड-पेपर मोड को बदलकर कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) कराने के प्रस्ताव पर भी सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा है कि नीट -यूजी को पेन-एंड-पेपर मोड से कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बदलने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। यह परीक्षा एक चरण में कराई जाए या जेईई मेन और जेईई एडवांस्ड की तरह दो चरणों में, इस पर सभी संबंधित हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया जा रहा है। सरकार का यह रुख उन याचिकाओं के जवाब में सामने आया है, जिनमें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की परीक्षा प्रणाली में सुधार, परीक्षा प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित बनाने और प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की गई है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत नीट -यूजी को दो चरणों में आयोजित करने का विकल्प सामने आया है। जेईई की तर्ज पर पहले चरण में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के लिए स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जा सकती है। इसके बाद निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को दूसरे चरण की परीक्षा में शामिल किया जा सकता है। इस व्यवस्था का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाना, उम्मीदवारों की संख्या को चरणबद्ध तरीके से कम करना और परीक्षा संचालन से जुड़े जोखिमों को नियंत्रित करना हो सकता है। हालांकि, दो चरणों वाली व्यवस्था लागू होगी या नहीं, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। नीट -यूजी को कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बदलने का विकल्प भी सरकार के विचाराधीन है। वर्तमान में नीट -यूजी प्रमुख राष्ट्रीय परीक्षाओं में ऐसी परीक्षा है, जो पेन-एंड-पेपर मोड में आयोजित की जाती है। इसके विपरीत एनटीए की कई अन्य प्रमुख परीक्षाएं पहले से ही कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रणाली में आयोजित की जा रही हैं। JEE मेन, CUET, UGC-NET और CSIR-NET जैसी परीक्षाओं में कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रणाली का इस्तेमाल किया जा चुका है। सरकार का मानना है कि तकनीक आधारित परीक्षा व्यवस्था से प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी और परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाया जा सकता है। हालांकि नीट -यूजी का स्वरूप अन्य परीक्षाओं से काफी अलग है। इसमें देशभर से लाखों विद्यार्थी शामिल होते हैं और बड़ी संख्या में अभ्यर्थी ग्रामीण तथा दूरदराज के क्षेत्रों से आते हैं। ऐसे में सीबीटी लागू करने से पहले देशभर में कंप्यूटर सुविधाओं और परीक्षा केंद्रों की उपलब्धता को भी ध्यान में रखना होगा।

बस साइन बोर्ड से टकराकर पलटी; दो की मौत, 25 घायल

बंगलूरू(एजेंसी)। कर्नाटक के बंगलूरू-मैसूरु एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बिदादी इलाके में हुए इस हादसे में बस चालक और परिचालक की मौत हो गई, जबकि 25 यात्री घायल हो गए। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, अधिकांश घायलों की हालत स्थिर है। मृतकों की पहचान केएसआरटीसी बस चालक अरुण एनएम और परिचालक मिदिलेश के रूप में हुई है। दोनों कोझिकोड से संचालित होने वाली बस में तैनात थे। पुलिस अधिकारी के अनुसार, हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद दोनों ने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा सुबह करीब 6:30 बजे अवरगेरे गेट के पास हुआ। पुलिस को आशंका है कि वाहन चलाते समय चालक को झपकी आ गई होगी, जिसके कारण बस पर नियंत्रण नहीं रहा। नियंत्रण खोने के बाद बस एक्सप्रेसवे के बाईं ओर चली गई और सड़क किनारे लगे बड़े साइन बोर्ड से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में 25 यात्री घायल हुए हैं। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें आने की भी जानकारी है। हादसे के तुरंत बाद पुलिस और आपातकालीन सेवा की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया। अस्पताल में घायलों का उपचार जारी है। हादसे के कारण व्यस्त बंगलूरू-मैसूरु एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और राहतकर्मियों ने क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटाया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था सामान्य की गई।

संक्षिप्त खबरें

वरिष्ठ पत्रकार रणवीर सिंह सिसोदिया को मातृ शोक

लालगंज (रायबरेली)। कस्बे के साकेत नगर मोहल्ला निवासी वरिष्ठ पत्रकार रणवीर सिंह सिसोदिया की माताजी स्वराज सिंह (90) का शुक्रवार देर शाम निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन की खबर से उनके शुभचिंतकों और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। स्वराज सिंह अपने पीछे तीन बेटों महेश सिसोदिया, रणवीर सिसोदिया और उमेश सिसोदिया सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनके नाती सचिन, सार्थक, विशाल, शुभम और अक्षिता सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। शनिवार को गेगासो गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, प्रो. अरुण कुमार सिंह मुन्ना, पवन सिंह, अवनींद्र पांडेय, जयप्रकाश सिंह, सनी सिंह, सुखेंद्र बहादुर सिंह, संजय तिवारी, अरविंद अग्निहोत्री, दीपक सिंह, बबलू सहित अन्य लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

समाजवाद के पुरोधा जनेश्वर मिश्र की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

देवरिया। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय बांस देवरिया स्थित मुलायम सिंह यादव सभागार में बुधवार को समाजवादी चिंतक, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके संघर्ष और विचारों को याद किया। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का पूरा जीवन सिद्धांत, संघर्ष, सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। उन्होंने सत्ता को लक्ष्य बनाने के बजाय जनसेवा को प्राथमिकता दी और गरीब, किसान, नौजवान तथा वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। आज लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के सामने चुनौतियों के दौर में उनके विचार और अधिक प्रासंगिक हैं। पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने आजीवन सिद्धांतों की राजनीति की। उनका सादगीपूर्ण जीवन और राजनीतिक आचरण समाजवादी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने युवाओं को संघर्ष, ईमानदारी और जनसेवा की राह दिखाई। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। अंत में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक न्याय तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। इस दौरान परवेज आलम, हृदय नारायण जायसवाल, हाफिज शहादत हुसैन अंसारी, राजवंशी राजभर, मुरली मनोहर जायसवाल, मोहन गुप्ता, डॉ. रामनाथ चौहान, लक्ष्मण निषाद, हरेंद्र सिंह त्यागी, इंद्रेश सिंह, मुन्ना यादव, हरेंद्र यादव, आफताब आलम, वंदना पासवान, रंजना भारती, अंबिका यादव, श्याम बहादुर भारती, सुनील सिंह, रामानंद यादव, रामबचन सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर पर गंभीर सवाल: लाइसेंस दिलाने के नाम पर 2,200 मांगने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

» आईटीआई कैंपस के बगल स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट का मामला

» बायोमेट्रिक के नाम पर 100 सुविधा शुल्क लिए जाने का है रिकॉर्ड

बस्ती। आईटीआई कैंपस के बगल स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट के टेस्ट ट्रैक की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में आवेदकों से कथित तौर पर अतिरिक्त रकम लिए जाने और टेस्टिंग प्रक्रिया को लेकर अनियमितता के आरोप सामने आए हैं। मामला उस समय चर्चा में आया जब एक आवेदक ने अपने बच्चे और एक रिश्तेदार के ड्राइविंग लाइसेंस के लिए निर्धारित सरकारी शुल्क ऑनलाइन जमा कराया। इसके बाद बायोमेट्रिक प्रक्रिया के दौरान कथित रूप से 100 अतिरिक्त सुविधा शुल्क लिए जाने की बात सामने आई। आरोप है कि इसके बाद लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए 2,200 और देने की बात कही गई। आवेदक के अनुसार, कथित तौर पर यह भी कहा गया कि यदि 2,200 नहीं दिए जाते हैं तो वाहन को टेस्ट ट्रैक पर चलाकर ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। वहीं, अतिरिक्त रकम देने पर बिना टेस्ट दिए लाइसेंस की प्रक्रिया आगे बढ़ने की बात कही गई।

टेस्टिंग प्रक्रिया पर भी उठे सवाल- आवेदक का दावा है कि बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक वह टेस्टिंग सेंटर में मौजूद रहा, लेकिन इस दौरान उसे टेस्ट ट्रैक पर किसी आवेदक को वाहन चलाते हुए नहीं देखा गया। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अनिवार्य टेस्टिंग हो रही है तो आवेदकों का वास्तविक ड्राइविंग टेस्ट किस प्रकार लिया जा रहा है। आवेदक ने पूरे परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि उस अवधि में टेस्टिंग प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

प्रतिदिन हजारों रुपये की वसूली का आरोप- स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि टेस्टिंग सेंटर पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में आवेदकों से अतिरिक्त रकम की वसूली की जाती है। कुछ लोगों ने आकलन कर के कथित रूप से प्रतिदिन 50 हजार से 1 लाख तक की अवैध वसूली होने की बात कही है।

क्या बिना टेस्ट पास किए मिल सकता है लाइसेंस?

पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि कोई आवेदक ड्राइविंग टेस्ट में असफल होता है तो क्या अतिरिक्त रकम लेकर उसके लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है? यदि ऐसा हो रहा है तो यह न केवल ड्राइविंग टेस्टिंग व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है,बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय है। ड्राइविंग लाइसेंस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वाहन चालक सड़क पर वाहन चलाने के लिए आवश्यक कौशल और नियमों की जानकारी रखता हो। ऐसे में यदि बिना उचित टेस्ट के लाइसेंस जारी किए जाने की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित व्यवस्था की निष्पक्ष जांच बेहद जरूरी हो जाती है। शिकायतकर्ता का कहना है कि करीब तीन वर्ष बाद जब उसने अपने बच्चे और एक रिश्तेदार के लाइसेंस के लिए सरकारी प्रक्रिया के तहत आवेदन किया तो उसे कथित रूप से अतिरिक्त रकम देने की बात कही गई। उसका कहना है कि यदि वह अतिरिक्त पैसा नहीं देता तो उसे स्वयं वाहन चलाकर टेस्ट देना पड़ता, जबकि पैसा देने की स्थिति में बिना टेस्ट के लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी कराने का संकेत दिया गया।

जांच से सामने आ सकती है सच्चाई- मामले में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। टेस्ट ट्रैक के सीसीटीवी फुटेज,बायोमेट्रिक रिकॉर्ड, ऑनलाइन आवेदन,सरकारी शुल्क की रसीद,टेस्टिंग रिकॉर्ड तथा उस दिन उपस्थित आवेदकों का विवरण जांचा जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। शिकायतकर्ता ने संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कराने और यदि अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अगस्त क्रांति ने आजादी की लड़ाई को दी निर्णायक दिशा

देवरिया। भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर अगस्त क्रांति के क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया गया था। गांधी जी ने अंग्रेजी शासन को भारत से समाप्त करने और देश को पूर्ण स्वतंत्रता दिलाने के लिए आंदोलन के दौरान 'करो या मरो' का ऐतिहासिक नारा दिया।

उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन ने स्वतंत्रता संग्राम को निर्णायक दिशा देने के साथ ही देशवासियों में एकता, राष्ट्रप्रेम और स्वतंत्रता की भावना को और मजबूत किया। भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पांडेय ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन ने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी थी। इस आंदोलन ने युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया और अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध जनआंदोलन को व्यापक रूप दिया। स्वतंत्रता प्राप्ति के संघर्ष में अगस्त क्रांति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विजय कुशवाहा, वीरेंद्र पाठक, विजेंद्र चौहान, आदित्यनाथ मिश्र, राजू मिश्रा, सुमंत और सूरज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वीडियो मौजूद, एफआईआर का आदेश भी जारी; फिर कार्रवाई में देरी क्यों?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के बनकटा गांव में जमीन विवाद और मारपीट के मामले में आखिरकार पुलिस को मुकदमा दर्ज करना पड़ा। घटना 31 जुलाई 2026 की बताई जा रही है, जबकि मुकदमा 07 अगस्त 2026 को दर्ज किया गया शिकायतकर्ता बलजीत चौधरी की शिकायत पर मुकदमा संख्या 192/2026 दर्ज होने के बाद इसे खबर का असर माना जा रहा है पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद शिकायत करने के बावजूद पुलिस तत्काल मुकदमा दर्ज करने के बजाय उन्हें थाने और अधिकारियों के चक्कर कटवाती रही मामला मीडिया में प्रमुखता से उठने और कलवारी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने के बाद आखिरकार 08 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया गया आरोप है कि संतराम, जयदीप उर्फ सोनू , रूबी , उर्मिला और अशर्फी देवी लोग जमीन पर कब्जे की नीयत से पहुंचे और मारपीट की पीड़ित पक्ष के अनुसार 31 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे निर्माण कार्य के दौरान लाठी-डंडे और सरिया लेकर पहुंचे लोगों ने गाली-गलौज करते हुए निर्माणाधीन दीवार गिराने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की गई तथा बचाने पहुंचीं शिवांगी और प्रीति के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है

पुलिस ने अब मुकदमा संख्या 192/2026 में BNS की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3) और 324(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है FIR 7 अगस्त को, घटना 31 जुलाई की सवाल बड़ा है जबकि पहले सीताराम का मुकदमा तत्काल दर्ज हुआ चोटे दोनों तरफ आई थी लेकिन मुकदमा एक पक्ष का ही दर्ज हुआ था आखिर मंजू बनाम स्टेट आफ यूपी के हाईकोर्ट का जजमेंट का हवाला हुआ सच साबित मामले में थाना प्रभारी संतोष कुमार ने पहले मीडिया से कहा था कि बलजीत चौधरी के मामले में उच्च अधिकारियों का मुकदमा दर्ज करने का आदेश आ चुका है। उन्होंने यह भी बताया था कि वीडियो में मारपीट की घटना स्पष्ट दिखाई दे रही है फिर सवाल यही है जब घटना 31 जुलाई की थी, वीडियो मौजूद था और उच्च अधिकारियों का आदेश भी आ चुका था, तो 08 अगस्त तक मुकदमा दर्ज क्यों नहीं हुआ? क्या आम जनता की शिकायत पर पुलिस खुद मुकदमा दर्ज नहीं कर सकती? क्या मीडिया में मामला उठने के बाद ही थाने की कार्रवाई आगे बढ़ेगी? सवाल अभी भी है पुलिस पर 31 जुलाई की घटना, 8 अगस्त को स्नढ्ढक्र अब सवाल सिर्फ मुकदमा दर्ज होने का नहीं, बल्कि आठ दिन की देरी का भी है।

मरवटिया तिवारी से खोभा जाने वाली सड़क गड्ढे तबदील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्तीजिले केविकास खंड कप्तानगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत मरवटिया तिवारी के ग्राम खोभा तथा ग्राम पंचायत थूहा की सरहद के बीच स्थित मुख्य संपर्क मार्ग पर लगभग 30 मीटर सड़क लंबे समय से बदहाल पड़ी है। सड़क पर गहरे गड्ढे और बारिश के कारण जलभराव होने से राहगीरों का आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। यह मार्ग खोभा पुलिया से रमापति जोत की पक्की सड़क को जोड़ता है और इसी रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, स्कूली बच्चे तथा अन्य राहगीर आवागमन करते हैं। बरसात के दिनों में सड़क पूरी तरह कीचड़ और पानी से भर जाती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार लोग फिसलकर चोटिल भी हो जाते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग खोभा पंचायत भवन तक पहुंचने वाला प्रमुख रास्ता है। इसके बावजूद अब तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस संबंध में ग्राम प्रधान अजय कुमार गुप्ता एवं हीरालाल निषाद से कई बार सड़क निर्माण कराने की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकल सका। ग्रामीणों का कहना है कि केवल 30 मीटर सड़क बन जाने से वर्षों पुरानी समस्या समाप्त हो सकती है और हजारों लोगों को राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन करने को विवश होंगे।

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

लालगंज (रायबरेली)। बांदा बहराइच मार्ग पर बढ़ईन का पुरवा गांव के पास शनिवार को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।शोभवापुर गांव निवासी अखिलेश सिंह (27) शनिवार को वह बाइक से दो सड़का की ओर जा रहे थे। इसी दौरान फतेहपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही अखिलेश सड़क पर गिर पड़े। उन्हें गंभीर चोटें आई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पिकअप वाहन की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घायल का उपचार कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

बस्ती में स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई सौगात, ओम जागृति हॉस्पिटल केयर का उद्घाटन

» अब बस्तीवासियों को मिलेगा बेहतर एवंगुणवत्तापूर्णउपचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। जनपद बस्ती में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मोहल्ला चाईबारी, निकट कोतवाली रोड स्थित ओम जागृति हॉस्पिटल केयर का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। अस्पताल का शुभारंभ बस्ती सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, चिकित्सक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अस्पताल की संचालक डॉ. जागृति ने बताया कि ओम जागृति हॉस्पिटल केयर का उद्देश्य जनपदवासियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में विभिन्न प्रकार की बीमारियों का समुचित उपचार किया जाएगा, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े।

डॉ. जागृति ने कहा कि अस्पताल केवल इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि सेवा और मानवता का भी प्रतीक बनेगा। आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का भी प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक महेंद्र नाथ यादव ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने ओम जागृति हॉस्पिटल केयर की पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह अस्पताल जनपद के लोगों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा और समाज सेवा का एक आदर्श केंद्र बनेगा। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ा मानव धर्म है। ओम जागृति हॉस्पिटल केयर मरीजों को संवेदनशील देखभाल, आधुनिक उपचार और विश्वासपूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह समर्पित रहेगा। गरीबो एवं आयुष्मान कार्ड से इलाज होगा हर संभव प्रयास जारी रहेगा मरीजों की ज्ञान की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल के शुभारंभ का स्वागत करते हुए इसे बस्ती जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने डॉ. जागृति के सेवा भाव की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि यह अस्पताल विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा की नई किरण साबित होगा और जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगा।

मंडलायुक्त ने भदेश्वरनाथ धाम मे लगाई हाजिरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती मंडल के नवागत मंडलायुक्त वैभव श्रीवास्तव ने गुरुवार की शाम भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर तथा कांवड़ यात्रा मार्ग का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन, स्वच्छता व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों का गहनता से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिया मंडलायुक्त सबसे पहले बाबा श्री भदेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान शिव का दर्शन-पूजन कर प्रदेश एवं जनपदवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। इसके उपरांत उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई, शौचालयों तथा पार्किंग स्थलों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ संचालित की जाएं।

इसके बाद मंडलायुक्त ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों तथा संवेदनशील स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा चिकित्सा टीमों, एंबुलेंस सेवाओं तथा आपातकालीन सहायता केंद्रों को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि श्रावण मास के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए बाबा श्री भदेश्वरनाथ मंदिर पहुंचते ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी ज्ञानचंद्र गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत, क्षेत्राधिकारी पुलिस सत्येंद्र भूषण तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

क्षेत्राधिकारी व नायब तहसीलदार के नेतृत्व में संपन्न हुआ थाना दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

शुकुल बाजार, अमेठी। थाना परिसर बाजार शुक्ल में शनिवार को थाना दिवस/समाधान दिवस का आयोजन क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार मुसाफिरखाना राम लखन वर्मा के नेतृत्व में किया गया। समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादियों ने राजस्व एवं पुलिस से संबंधित अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।थाना दिवस के दौरान कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया गया। वहीं, शेष शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर संबंधित स्थानों पर भेजी गई। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए दोनों पक्षों की बात निष्पक्षता से सुनकर नियमानुसार एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार राम लखन वर्मा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। फरियादियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित न्याय एवं बेहतर प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल विवेक वर्मा, राजस्व निरीक्षक संतराम, न्यायालय सुल्तानपुर से अंकित शर्मा सहित थाना पुलिस स्टाफ एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपस्थित फरियादियों को भरोसा दिलाया कि शेष शिकायतों का भी निर्धारित समयसीमा में निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा।

आईटीआई में पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी 09 से 12 अगस्त तक व्यवसाय एवं संस्थान में कर सकेंगे संशोधन

रायबरेली। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रायबरेली विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि अधिशासी निदेशक, राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, अलीगंज, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद के 05 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, 02 पीपीपी संस्थानों एवं 13 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपने पूर्व में किए गए आवेदन में संशोधन का अवसर प्रदान किया गया है। अभ्यर्थी 09 अगस्त 2026 से 12 अगस्त 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक अपने आवेदन में अपेक्षित संशोधन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कतिपय तकनीकी कारणों से कुछ व्यवसाय/संस्थान एनसीवीटी/एससीवीटी के अंतर्गत प्रदर्शित नहीं हो रहे थे। अब सभी संबंधित ट्रेड एवं संस्थान पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी https://scvtup.in पोर्टल पर अपने पूर्व में किए गए आवेदन को खोलकर अपनी इच्छानुसार वर्तमान ट्रेड एवं संस्थान का चयन करते हुए निर्धारित अवधि में संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने आवेदन में आवश्यक संशोधन अवश्य कर लें।

मुसाफिरखाना में थाना दिवस संपन्न, अधिकारियों ने सुनी फरियाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

शुकुलबाजार अमेठी, जनपद अमेठी अंतर्गत विकासखंड शुकुलबाजार मे नवागत खंड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी के पदभार ग्रहण करने पर शिक्षक पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने नवागत खंड विकास अधिकारी हरिओम तिवारी को शुभकामनाएं दी वहीं सामाजिक कार्यों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि.के प्रबंधक समाजसेवी पी.के.तिवारी ने कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी शुकुलबाजार पहुंचकर बतौर संस्था प्रबंधक खंड शिक्षा अधिकारी को श्री राधा कृष्ण प्रतिमा भेंटकर शुभकामनाएं दी एवं संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा कराए जा रहे कार्यों से अवगत कराया और इस समय लक्ष्य एक हजार वृक्षारोपण के तहत वृक्षारोपण महाभियान के बारे मे जानकारी दी उक्त अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शुकुलबाजार के अध्यक्ष शिवकुश पाण्डेय, एआरपी डॉ अजय त्रिपाठी, कमल कुमार शर्मा,अभिजीत श्रीवास्तव, दीप कश्यप, संदीप यादव एवं कम्पोजिट विद्यालय किसनी के इं. प्रधानाध्यापक राघवेंद्र त्रिपाठी तथा शिक्षक राहुल पाण्डेय भी उपस्थित रहे सभी ने खंड शिक्षा अधिकारी को शुभकामनाएं दी,वहीं खंड विकास अधिकारी हरिओम तिवारी ने संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यों की सराहना करते हुए संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद किया। नवजात खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी स्कूलों में बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना प्रथम प्राथमिकता है, साथ ही साथ उन्होंने सभी शिक्षकों से निर्धारित समय से विद्यालय पहुंचकर बच्चों के पठन-पाठन कार्य को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा सभी लोग अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन बेहतर ढंग से करे जिससे सब पढे, सब बढे का सपना साकार हो।

पत्रकार रमेश यादव बने देवीपाटन मंडल अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर। पत्रकार एवं समाजसेवी रमेश कुमार यादव को श्री बलराम दल जन सेवा संगठन का देवीपाटन मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर रमेश यादव ने संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन पर जताए गए विश्वास को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया जाएगा। रमेश यादव ने कहा कि वह लंबे समय से पत्रकारिता और सामाजिक कार्यों के माध्यम से आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। अब संगठन की ओर से देवीपाटन मंडल की जिम्मेदारी मिलने से जनसेवा के कार्यों को और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष के रूप में उनकी प्राथमिकता छात्र-छात्राओं, किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, गरीबों और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए प्रभावी प्रयास करना होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान हित, महिला सशक्तीकरण, युवा विकास और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देवीपाटन मंडल के सभी जिलों में संगठन का विस्तार करते हुए अधिक से अधिक युवाओं और समाजसेवियों को जोड़ा जाएगा। कार्यकर्ताओं के सम्मान और समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने

जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : केशव प्रसाद मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सर्किट हाउस, प्रयागराज में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिले एवं क्षेत्र से जुड़े विभिन्न स्थानीय विषयों पर चर्चा की। उन्होंने विकास कार्यों, जनहित से जुड़े मुद्दों और क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के सुझावों और जनअपेक्षाओं के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' के माध्यम से प्रयागराज एवं आसपास के क्षेत्रों से आए नागरिकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। 'जनता दर्शन' में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी व्यक्तिगत और क्षेत्रीय समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। श्री मौर्य ने प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकारियों को शिकायतों का नियमानुसार परीक्षण कर संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही के साथ उनका समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप अधिकारी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। श्री मौर्य ने कहा कि 'जनता दर्शन' सरकार और जनता के बीच सीधे संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके जरिए आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुना जाता है और उनकी वास्तविक स्थिति को समझकर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से प्रभावी समाधान कराया जाता है। उप मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने और उनके समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। विकास कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के साथ जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

कम्पीटेंसी मैपिंग फॉर पर्सनैलिटी प्रोफाइलिंग पर तकनीकी व्याख्यान आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आज के प्रतिस्पर्धात्मक एवं गतिशील कार्य परिवेश में किसी भी संगठन की सफलता उसके मानव संसाधनों की दक्षता, क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास पर निर्भर करती है। कम्पीटेंसी मैपिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति के ज्ञान , कौशल , व्यवहार तथा कार्यकुशलता का मूल्यांकन कर उसे उपयुक्त दायित्वों एवं नेतृत्व भूमिकाओं के लिए विकसित किया जाता है। वहीं पर्सनैलिटी प्रोफाइलिंग व्यक्तित्व की विशेषताओं, व्यवहार शैली, संप्रेषण क्षमता एवं नेतृत्व गुणों का विश्लेषण कर व्यक्तिगत एवं संस्थागत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस विषय का महत्व उद्योग, शिक्षा, प्रशासन एवं प्रबंधन के सभी क्षेत्रों में निरंतर बढ़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी.पी. सिंह, चेयरमैन, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता एवं प्रभावी व्यक्तित्व का विकास प्रत्येक अभियंता के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कम्पीटेंसी मैपिंग एवं पर्सनैलिटी प्रोफाइलिंग के माध्यम से अभियंताओं एवं पेशेवरों की कार्यक्षमता, नेतृत्व क्षमता तथा संगठनात्मक विकास को नई दिशा मिल सकती है। उन्होंने मुख्य वक्ता के व्याख्यान की सराहना करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे समसामयिक एवं ज्ञानवर्धक तकनीकी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करती रहेगी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में इं. एम.एम. खान, निदेशक, ProLead Consultancy & Training Group, पूर्व मुख्य अभियंता, Renusagar Power Division, Hindalco (Aditya Birla Group) एवं पूर्व ग्रुप जनरल मैनेजर, NASH Engineering Group, Dubai (UAE) ने अपने व्याख्यान में Competency Mapping की अवधारणा, उसके विभिन्न आयामों, संगठनात्मक विकास में उसकी भूमिका तथा Personality Profiling के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी भी संगठन की दीर्घकालिक सफलता उसके कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता के साथ-साथ उनके व्यवहार, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता एवं टीम भावना पर निर्भर करती है। उन्होंने विभिन्न उद्योगों के व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से यह भी समझाया कि उचित Competency Mapping एवं Personality Profiling से कर्मचारियों की कार्यक्षमता, संगठनात्मक संस्कृति तथा नेतृत्व विकास को प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक इं. राजेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐसे व्याख्यान अभियंताओं, प्रबंधकों, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं तथा उन्हें आधुनिक औद्योगिक एवं प्रबंधकीय आवश्यकताओं से परिचित कराते हैं।

नाविकों के सम्मान और कल्याण को समर्पित रही 'नाविक मान सम्मान संगोष्ठी'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में समुद्री क्षेत्र में देश की अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार को गति देने वाले नाविकों के योगदान, परिश्रम और समर्पण को सम्मान देने के उद्देश्य से वीआर मैरिटाइम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 'नाविक मान सम्मान संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नाविकों, समुद्री उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों, वरिष्ठ अधिकारियों और समुद्री समुदाय के सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम होटल सैवी ग्रैंड, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य समुद्र के अनदेखे नायकों के योगदान को सम्मानित करने के साथ-साथ नाविकों के कल्याण, सुरक्षा, रोजगार के अवसरों और उज्ज्वल भविष्य को लेकर सार्थक संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य प्रेरणास्रोत कैप्टन संजय पराशर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा सोनिका पराशर, निदेशक रहे। उनकी पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में नाविकों के समर्पण और देश के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया गया। संगोष्ठी में समुद्री क्षेत्र में रोजगार और करियर की संभावनाओं, नाविकों के कल्याण, कार्यस्थल पर सुरक्षा तथा उनके भविष्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि समुद्र की कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हुए देश और दुनिया के व्यापार को निरंतर गति देने वाले नाविक वास्तव में राष्ट्र की आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण आधार हैं। उनके योगदान को सम्मान और उचित सुविधाएं मिलना आवश्यक है। कार्यक्रम में कैप्टन संजय प्रशार, किशोर पति, भर्ती विभागाध्यक्ष तथा नेहा कुमारी, लखनऊ शाखा प्रभारी सहित समुद्री क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिनिधि एवं प्रतिभागी मौजूद रहे। संगोष्ठी के माध्यम से 'नाविक का सम्मान, समृद्ध भारत का अभियान' का संदेश दिया गया। आयोजकों ने नाविक समुदाय के सम्मान, कल्याण, सुरक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट रहा–समुद्र की चुनौतियों के बीच देश की सेवा करने वाले नाविकों का सम्मान, उनके प्रति कृतज्ञता और उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

अस्पताल में युवक की मौत डीएम सख्त दो सदस्यीय कमेटी करेगी जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर। जनपद सीतापुर में निजी अस्पताल में ऑपरेशन के करीब 11 दिन बाद 35 वर्षीय युवक की मौत के मामले में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने सख्त रुख अपनाया है। डीएम ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित की है। कमेटी को 24 घंटे के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। जांच टीम परिजनों की ओर से लगाए गए इलाज में लापरवाही और अधिक रुपये वसूलने के आरोपों की भी पड़ताल करेगी। जांच कमेटी में एसडीएम सदर न्यायिक सीमा सिंह और जिला अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. अनूप कुमार को शामिल किया गया है। टीम अस्पताल में युवक के इलाज, ऑपरेशन, दवाओं और उपचार के दौरान अपनाई गई प्रक्रिया से जुड़े तथ्यों की जांच करेगी। रामकोट कस्बा निवासी 35 वर्षीय शैलेश कुमार को यूरिन न होने की समस्या थी। परिजनों ने उन्हें 27 जुलाई को शहर के बस स्टॉप स्थित सेवांता अस्पताल में भर्ती कराया था। परिवार के मुताबिक, जांच के बाद डॉक्टरों ने शैलेश का ऑपरेशन किया। इसके बाद करीब 11 दिनों तक अस्पताल में उनका इलाज चलता रहा। परिजनों का आरोप है कि लगातार इलाज के बावजूद शैलेश की हालत में सुधार नहीं हुआ। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ती चली गई। परिवार का कहना है कि अस्पताल में इलाज पर लगातार खर्च होने के बावजूद उनकी हालत गंभीर होती गई। हालत बिगड़ी तो लखनऊ किया रेफर, रास्ते में मौत शुक्रवार रात शैलेश की हालत अचानक ज्यादा गंभीर हो गई। इसके बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ के हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन आनन-फानन में उन्हें लेकर लखनऊ रवाना हुए, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन शव लेकर वापस सेवांता अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने अस्पताल के गेट पर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक की मां राजकुमारी ने आरोप लगाया कि अस्पताल में उनके बेटे के इलाज में लापरवाही बरती गई। उन्होंने इलाज के नाम पर अधिक रुपये वसूलने का आरोप भी लगाया। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया डीएम ने 24 घंटे में मांगी जांच रिपोर्ट मामला सामने आने के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी। एसडीएम सदर न्यायिक सीमा सिंह और जिला अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. अनूप कुमार मामले की जांच करेंगे। जांच टीम परिजनों के आरोपों के साथ-साथ युवक के अस्पताल में भर्ती होने से लेकर ऑपरेशन, उपचार और लखनऊ रेफर किए जाने तक की पूरी प्रक्रिया की पड़ताल करेगी। डीएम ने कमेटी को 24 घंटे के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। वहीं, पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। जांच कमेटी की रिपोर्ट और पोस्टमार्टम में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी!!

सदरपुर क्षेत्र में कृषि अधिकारी ने खाद-बीज दुकानों का किया निरीक्षण, शिकायतों पर कार्रवाई

बिसवां। सदरपुर क्षेत्र में सीतापुर के कृषि अधिकारी संजीव कुमार ने खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानों पर उपलब्ध खाद-बीज एवं कृषि सामग्री की स्थिति का निष्पक्ष रूप से मुआयना किया और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों ने दुकानदारों को लेकर अपनी शिकायतें भी अधिकारियों के सामने रखीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कृषि अधिकारी ने दुकानदारों को किसानों को निर्धारित नियमों के अनुसार खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा किसी प्रकार की अनियमितता न करने की हिदायत दी। इस दौरान नबी बाबू समेत सदरपुर क्षेत्र के खाद-बीज विक्रेता एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कृषि विभाग की कार्रवाई से क्षेत्र के खाद-बीज विक्रेताओं में भी हड़कंप की स्थिति रही।

एल्पिस ग्लोबल स्कूल की अंडर-19 बालिका वॉलीबॉल टीम ने जीता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिसवां/सीतापुर। एल्पिस ग्लोबल स्कूल के लिए यह गौरव का क्षण है। विद्यालय की अंडर-19 बालिका वॉलीबॉल टीम ने सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल गर्ल्स टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 30 जुलाई 2026 तक ग्रीन फील्ड एकेडमी, लखीमपुर खीरी में किया गया, जिसमें 32 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान एल्पिस ग्लोबल स्कूल की खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल, अनुशासन, आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और शानदार टीमवर्क का परिचय दिया। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत *सन इंटरनेशनल स्कूल, झांसी* को हराकर की। इसके बाद दूसरे दौर में द कैंब्रियन स्कूल, अयोध्या को पराजित किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम ने मेजबान ग्रीन फील्ड एकेडमी, लखीमपुर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, जलालाबाद के विरुद्ध शानदार जीत दर्ज कर टीम ने फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। फाइनल मुकाबला आर्मी पब्लिक स्कूल, लखनऊ (एस.पी. मार्ग) के विरुद्ध खेला गया। कड़े और रोमांचक मुकाबले में एल्पिस की टीम उपविजेता रही और रजत पदक हासिल किया। टीम में कप्तान रुश्दा फुरकान, अमरता, माही यादव, हिबा अंसारी, जैनब फारूक, भारती यादव और ऐमन फराह शामिल रहीं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय ने कहा कि विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे। एल्पिस ग्लोबल स्कूल की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों के प्रति समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया है।

हत्या के संदिग्ध मामले में कोतवाली पुलिस नहीं दर्ज कर रही एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महमूदाबाद-सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली अंतर्गत नगर में हत्या का एक संदिग्ध मामला सामने आया है, जहां पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दी गयी तहरीर पर दो दिन बीत जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। विवश होकर मृतक के भाई को न्याय के लिए मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर गुहार लगानी पड़ी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कस्बा व थाना महमूदाबाद के मोहल्ला शहजानी निवासी कपिल गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता ने कोतवाली महमूदाबाद में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके भाई राजकुमार गुप्ता की साजिश के तहत हत्या कर दी गई है। घटना 22 जुलाई 2026 की शाम लगभग 7 बजे की है, जब परिजनों को राजकुमार की मृत्यु की सूचना मिली। घटना के दिन प्रार्थी व उसके परिजन जब सरकारी अस्पताल महमूदाबाद पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि महमूदाबाद के मोहल्ला इंदौरा स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी शिवा पुत्र अज्ञात और राजकुमारी उर्फ ज्ञाना पत्नी अज्ञात मोटरसाइकिल से राजकुमार का शव लेकर आए थे। राजकुमार को देखते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जब कपिल गुप्ता ने अपने भाई राजकुमार गुप्ता की मौत के संदर्भ में शिवा और राजकुमारी से पूछताछ की, तो उन्होंने गोलमोल जवाब देते हुए कहा कि राजकुमार का गला कॉलोनी के एक कमरे के खिड़की में फंदे से बंधा था, जिसे वे खोलकर अस्पताल लेकर आए हैं। मृतक के भाई कपिल गुप्ता ने अपनी तहरीर में बताया कि राजकुमार गुप्ता एक सीधा-साधा मजदूर था जो पुताई का कार्य कर परिवार का पालन-पोषण करता था। मृतक की पत्नी का चाल-चलन ठीक नहीं था और उसके किसी रिश्तेदार अथवा अज्ञात व्यक्ति के साथ अवैध संबंध थे। इसी बात को लेकर कपिल की भाभी अपने ससुर का पैतृक घर छोड़कर इंदौरा स्थित काशीराम कॉलोनी में रहने लगी थी। राजकुमार इस अवैध संबंध का लगातार विरोध करता था, जिसके चलते दोनों में आए दिन झगड़ा होता था। राजकुमार की पत्नी अक्सर राजकुमार को जान से मारने की धमकी देती थी, जिसका जिक्र मृतक ने अपने भाई कपिल और पिता से कई बार किया था। विदित हो कि 22 जुलाई 2026 को शाम करीब 7 बजे राजकुमार की संदिग्?ध परिस्थितियों में मौत इंदौरा श्थित काशीराम कालोनी में हो गयी थी। बताते है कि मौत से ठीक पहले राजकुमार ने अपनी बहन को मोबाइल पर फोन करके पत्नी को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाने की बात बताई थी। और डॉक्टर के शव परीक्षण में मौत का कारण 'एन्टिमोर्टम हैंगिंग' और आंखें बंद होना दर्शाया गया है। तहरीर दिए जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस द्वारा एफआईआर न दर्ज किए जाने पर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। तहरीर के मुताबिक, जब राजकुमार काम से वापस लौटा तो उसने अपनी पत्नी को किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। राजकुमार ने इसकी जानकारी तुरंत अपनी बहन को मोबाइल फोन के जरिए दी थी। आरोप है कि इसी रंजिश में मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी और अन्य अज्ञात साथियों के साथ मिलकर किसी वस्तु से राजकुमार का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और बाद में इसे आत्महत्या दिखाने के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

झाड़ियों में मिले युवक की 12 घंटे बाद हुई पहचान, सर्विस रोड किनारे मिला था शव

सीतापुर। जनपद सीतापुर के रामकोट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 की सर्विस रोड किनारे झाड़ियों में मिले युवक के शव की करीब 12 घंटे बाद पहचान हो गई। मृतक की पहचान कैमहरा गांव निवासी 35 वर्षीय निखिलेश अवस्थी उर्फ छोटू पुत्र राम प्रवेश अवस्थी के रूप में हुई है। पिता ने कपड़ों और चेहरे के आधार पर शव की पहचान की। परिजनों ने युवक की मौत को सामान्य नहीं मानते हुए अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे एनएच-30 के किनारे सर्विस रोड पर झाड़ियों में युवक का शव पड़ा मिला था।

उसकी नाक से खून निकल रहा था। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची रामकोट पुलिस ने करीब एक घंटे तक घटनास्थल की जांच की। शुरुआत में युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। उसने काले रंग की शर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। सोशल मीडिया से पहचान कराने का प्रयास पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ शव की पहचान कराने के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया। स्थानीय मजदूरों ने पुलिस को बताया कि युवक शुक्रवार सुबह से आसपास के क्षेत्र में शराब के नशे में घूमता दिखाई दे रहा था।

टायर फटने से दो ट्रैकों में लगी आग नेशनल हाईवे-30 पर हुआ हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर। जनपद सीतापुर के खैराबाद थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 2 बजे नेशनल हाईवे 30 के किनारे ले-बाई रोड पर अचानक टायर फटने से एक ट्रक की डीजल टंकी फट गई। इसके बाद दोनों ट्रकों में आग लग गई। आग की चपेट में आने से दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि हादसे के समय दोनों ट्रक खाली थे और घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। फायर सर्विस की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, जिसके बाद हाईवे पर यातायात सुचारु रहा। घटना शनिवार को करीब दोपहर दो बजे थाना क्षेत्र के जमीयतपुर स्थित गप्पू मार्केट के पास मिडवे ढाबे के निकट हाईवे की ले-बाई रोड पर हुई। जानकारी के अनुसार हाईवे के किनारे ट्रक ले-बाई के बराबर में दो ट्रक खड़े थे। इसी दौरान वाहन संख्या क्क34ज्ञ 1171 के टायर में अचानक तेज धमाका हुआ। टायर फटने के बाद ट्रक की डीजल टंकी क्षतिग्रस्त होकर फट गई, जिससे देखते ही देखते आग भड़क उठी आग इतनी तेजी से फैली कि पास में खड़े दूसरे ट्रक संख्या UP34 AT 2607 को भी अपनी चपेट में ले लिया। दोनों ट्रकों में आग लगने से मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और फायर सर्विस को दी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद दोनों ट्रकों को सुरक्षित बचाया गया। राहत की बात यह रही कि दोनों वाहन खाली थे और घटना के दौरान कोई व्यक्ति ट्रक में मौजूद नहीं था। इससे बड़ा हादसा टल गया। क्षतिग्रस्त ट्रक संख्या क्क34ज्ञ 1171 के स्वामी रामसेवक गुप्ता निवासी गुरु नानक नगर कॉलोनी, सीतापुर बताए गए हैं, जबकि दूसरे ट्रक क्क34ज्ञ 2607 के स्वामी अय्यूब खान निवासी भूसेला गोरिया, लहरपुर थाना लहरपुर बताए गए हैं। पुलिस ने दोनों वाहन स्वामियों को घटना की जानकारी दे दी है। पुलिस के मुताबिक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है और हाईवे पर आवागमन सामान्य है!!

जिम ट्रेनर की मौत, तीन युवकों पर केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर। जनपद सीतापुर में शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में जिम ट्रेनर रंजीत सिंह की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परिजनों से अभद्रता के आरोप और हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। शनिवार को भारतीय सिख समाज के जिलाध्यक्ष गुरपाल सिंह अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने ओमजी, दिलीप और अनिल अवस्थी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद परिजन रंजीत सिंह के अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए और शनिवार दोपहर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। शुक्रवार सुबह विशेषण मार्ग के पास रंजीत सिंह की बाइक हादसे का शिकार हो गई थी। वह सदरपुर स्थित जिम से ट्रेनिंग देकर बाइक से घर लौट रहे थे। हादसे में उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद मौके पर मौजूद तीन बाइक सवार युवकों ओमजी पुत्र अशोक कुमार, दिलीप पुत्र रमेश अवस्थी और अनिल अवस्थी पुत्र सिपाही लाल अवस्थी पर मृतक के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए थे। परिजनों का आरोप था कि तीनों युवकों ने रणजीत सिंह को बाइक समेत ट्रक के सामने धक्का दे दिया। हालांकि इन आरोपों की पुलिस जांच कर रही है और घटना की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। हादसे के बाद परिजनों और पुलिस चौकी बांसुरा के पुलिसकर्मियों के बीच झगड़ा हो गया था। परिजनों ने पुलिसकर्मियों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। मामला बढ़ने पर पुलिस बैकफुट पर आई और अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद तीनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। आज सुबह भारतीय सिख समाज के जिलाध्यक्ष गुरपाल सिंह समर्थकों के साथ रामपुर मथुरा थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा दर्ज होने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए!

संपादकीय

सोशल मीडिया का शोर और लोकतंत्र की खामोशी

लोकतंत्र केवल चुनाव कराने का नाम नहीं है। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ है जनता की आवाज सुनी जाए, सत्ता से सवाल पूछे जाएं, असहमति का सम्मान हो और नागरिकों को सही जानकारी के आधार पर अपना निर्णय लेने का अवसर मिले। लेकिन डिजिटल युग में लोकतंत्र के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। आज हमारे पास संवाद के साधन पहले से कहीं अधिक हैं, लेकिन क्या संवाद की गुणवत्ता भी उसी अनुपात में बढ़ी है? यही वह सवाल है जिस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। भारत में सोशल मीडिया अब केवल मनोरंजन या व्यक्तिगत संपर्क का माध्यम नहीं रह गया है। यह राजनीतिक विमर्श, चुनावी प्रचार, सामाजिक आंदोलनों और जनमत निर्माण का एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। डाटा रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2025 में भारत में लगभग 80.6 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता और लगभग 49.1 करोड़ सोशल मीडिया यूजर आइडेंटिटीज थीं। इतनी बड़ी डिजिटल आबादी के बीच सोशल मीडिया पर कही गई बात का असर घर, समाज और अंततः राजनीति तक पहुंचना स्वाभाविक है। समस्या सोशल मीडिया के अस्तित्व में नहीं है। समस्या तब शुरू होती है जब सूचना की जगह शोर लेने लगता है और तर्क की जगह उत्तेजना। जब हर व्यक्ति बन गया है अपना 'न्यूज चैनल' सोशल मीडिया ने सूचना पर पुराने पहरे तोड़े हैं। पहले किसी घटना को जनता तक पहुंचने के लिए अखबार, रेडियो या टेलीविजन की जरूरत होती थी। आज मोबाइल फोन रखने वाला लगभग हर व्यक्ति सूचना का निर्माता, प्रसारक और टिप्पणीकार बन सकता है। यह लोकतंत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। किसी गांव की समस्या को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जा सकता है। किसी पीड़ित की आवाज लाखों लोगों तक पहुंच सकती है। सरकार की किसी नीति पर तत्काल प्रतिक्रिया सामने आ सकती है। पत्रकारों और नागरिकों को सत्ता से सवाल पूछने के नए माध्यम मिले हैं। लेकिन इसी शक्ति का दूसरा पक्ष भी है। जब हर व्यक्ति बिना सत्यापन के किसी सूचना को आगे बढ़ाने लगे तो सूचना और अफवाह के बीच की सीमा समाप्त होने लगती है। किसी पुरानी तस्वीर को नई घटना से जोड़ दिया जाता है। किसी वीडियो का संदर्भ बदल दिया जाता है। आधा सच पूरे झूठ से अधिक प्रभावशाली बना दिया जाता है। और सबसे खतरनाक स्थिति तब पैदा होती है जब झूठ तेजी से फैलता है और सच उसके पीछे भागता रह जाता है। लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा 'झूठ' ही नहीं, आधा सच है लोकतांत्रिक समाज में असहमति स्वाभाविक है। सरकार की आलोचना भी होनी चाहिए और विपक्ष की आलोचना भी। समस्या आलोचना में नहीं, बल्कि उस आलोचना को प्रभावित करने वाली गलत सूचना में है। आज किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के बारे में एक छोटा-सा वीडियो लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। लेकिन उस वीडियो का पूरा संदर्भ कितने लोग तलाशते हैं? गलत सूचना का प्रभाव केवल यह नहीं कि कोई व्यक्ति गलत तथ्य जान लेता है। इससे समाज में अविश्वास पैदा हो सकता है। एक समुदाय दूसरे समुदाय को संदेह की नजर से देखने लग सकता है। राजनीतिक विरोध व्यक्तिगत दुश्मनी में बदल सकता है और सार्वजनिक बहस नीतियों से हटकर व्यक्तियों के चरित्र पर पहुंच सकती है। इसलिए सवाल यह नहीं है कि सोशल मीडिया पर कितनी बातें कही जा रही हैं। असली सवाल यह है कि उनमें से कितनी बातें तथ्य, तर्क और जिम्मेदारी पर आधारित हैं। 'वायरल' होना सत्य होने का प्रमाण नहीं हमने एक खतरनाक मानसिकता विकसित कर ली है—जो बात ज्यादा वायरल है, उसे ज्यादा महत्वपूर्ण मान लेना। लेकिन लोकप्रियता और सत्यता दो अलग-अलग चीजें हैं। सोशल मीडिया का एल्गोरिदम लोकतांत्रिक सत्यापन प्रणाली नहीं है। वह सामान्यतः यह तय नहीं करता कि कौन-सी बात तथ्यात्मक रूप से सही है; वह उपयोगकर्ता की रुचि और सहभागिता के आधार पर सामग्री को आगे बढ़ाता है। परिणाम यह हो सकता है कि उत्तेजक, भावनात्मक या विवादित सामग्री शांत और तथ्यात्मक जानकारी की तुलना में अधिक ध्यान खींचे। यहीं लोकतंत्र की परीक्षा शुरू होती है। क्योंकि लोकतंत्र को केवल बोलने वाले नागरिक नहीं चाहिए। लोकतंत्र को सूचित नागरिक चाहिए। राजनीति में सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव राजनीतिक दलों ने सोशल मीडिया की ताकत को बहुत पहले पहचान लिया था। अब चुनावी राजनीति केवल मैदान में होने वाली रैलियों तक सीमित नहीं है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संदेश तैयार किए जाते हैं, वीडियो बनाए जाते हैं, समर्थकों के नेटवर्क सक्रिय किए जाते हैं और राजनीतिक मुद्दों पर जनमत बनाने की कोशिश होती है। हाल के घटनाक्रम भी बताते हैं कि राजनीतिक संवाद में सोशल मीडिया की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण हो चुकी है। अगस्त 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल रणनीति में द्धठ्ठह्यह्लड्डद्दह्लड्डद्ध और युवा-केंद्रित सामग्री पर विशेष जोर की रिपोर्ट सामने आई है। यह स्वाभाविक है कि राजनीतिक दल उस मंच पर पहुंचना चाहते हैं जहां करोड़ों मतदाता मौजूद हैं। लेकिन यहां राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है। यदि सोशल मीडिया को केवल प्रचार का माध्यम बनाया गया और तथ्य, मर्यादा तथा पारदर्शिता को पीछे छोड़ दिया गया, तो लोकतांत्रिक संवाद धीरे-धीरे प्रचार युद्ध में बदल सकता है।

राजीव शुक्ला -(संपादक)

कौशल विकास से आत्मनिर्भर बन रहे यूपी के युवा

(आदर अदीब पावेल बन्धु)
जिला सूचना अधिकारी

उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और जनसंख्या बहुल राज्य में युवाओं की बड़ी आबादी राज्य की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि इस युवा शक्ति को सही दिशा, प्रशिक्षण और अवसर मिले तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यूपी कौशल विकास मिशन की शुरुआत की। यह मिशन राज्य के युवाओं के लिए रोजगार, स्वरोजगार और तकनीकी दक्षता का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। यूपी कौशल विकास मिशन की उपलब्धियों पर दृष्टि डालें तो इसके सकारात्मक परिणाम स्पष्ट दिखाई देते हैं। वर्ष 2017-18 से मार्च 2025 तक मिशन के अंतर्गत लगभग 14.13 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा 5.66 लाख से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराने में सहायता मिली है। इसके अतिरिक्त विभिन्न 40 से अधिक रोजगार मेलों के माध्यम से 77 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार अवसर उपलब्ध कराए गए। यह आंकड़े इस मिशन की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं। आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षिक डिग्री पर्याप्त नहीं मानी जाती, बल्कि रोजगार के लिए तकनीकी कौशल, व्यावसायिक दक्षता और व्यवहारिक ज्ञान भी आवश्यक हो गया है। बड़ी संख्या में ऐसे युवा हैं, जो पढ़े-लिखे होने के बावजूद रोजगार से वंचित रह जाते हैं क्योंकि उनके पास बाजार की मांग के अनुरूप कौशल नहीं होता। इसी अंतर को समाप्त करने के लिए यूपी कौशल विकास मिशन की स्थापना की गई, ताकि युवाओं को उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा सके और उन्हें रोजगार योग्य बनाया जा सके। मिशन के अंतर्गत प्रदेश में 2,800 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इन प्रशिक्षण केंद्रों में सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, रिटेल, स्वास्थ्य सेवा, ऑटोमोबाइल, निर्माण कार्य, ब्यूटी एवं वेलनेस, सिलाई-कढ़ाई, फूड प्रोसेसिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, पर्यटन, आतिथ्य सेवा, प्लंबिंग, विद्युत कार्य तथा कृषि आधारित गतिविधियों जैसे अनेक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता है। इस मिशन की एक बड़ी विशेषता यह है कि प्रशिक्षण केवल सैद्धांतिक नहीं बल्कि व्यवहारिक और उद्योग आधारित होता है। युवाओं को प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे कार्यस्थल की वास्तविक परिस्थितियों को समझ सकें। साथ ही संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल्स पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि प्रशिक्षित युवा इंटरव्यू और कार्यस्थल दोनों के लिए तैयार हो सकें। यूपी कौशल विकास मिशन का एक प्रमुख उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। आज केवल सरकारी नौकरी पर निर्भर रहना व्यवहारिक नहीं है। ऐसे में कौशल आधारित प्रशिक्षण युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में भी प्रेरित करता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बादकई युवा स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर रहे हैं, जिससे वे न केवल अपनी आजीविका चला रहे हैं बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं। ग्रामीण युवाओं के लिए यह मिशन विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के सीमित अवसर होने के कारण बड़ी संख्या में युवा बेरोजगारी की समस्या से जूझते रहे हैं। लेकिन कौशल विकास मिशन ने गांवों के युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें नई संभावनाओं से जोड़ा है। अब ग्रामीण युवा तकनीकी दक्षता के साथ विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं या स्वरोजगार स्थापित कर रहे हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण में भी यह मिशन उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 27 हजार से अधिक महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई और अन्य कौशलों में प्रशिक्षण देकर स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाया गया है। इससे महिला उद्यमिता और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। यूपी कौशल विकास मिशन उद्योगों और युवाओं के बीच सेतु का कार्य करता है। मिशन के अंतर्गत 24 प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा 8 प्लेसमेंट एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है, जिससे प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया और सुदृढ़ हुई है। राज्य सरकार द्वारा आईटीआई और तकनीकी प्रशिक्षण संस्थानों के सुदृढ़ीकरण पर भी बल दिया जा रहा है। प्रदेश में 286 सरकारी आईटीआई संस्थानों में 92 ट्रेडों के माध्यम से लगभग 1.84 लाख सीटों की प्रशिक्षण क्षमता विकसित की गई है। यह राज्य की कौशल अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी गति प्रदान कर रहा है। जब बड़ी संख्या में युवा कौशल प्राप्त कर रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ते हैं, तो इससे आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होती है, उत्पादकता बढ़ती है और समग्र विकास को बल मिलता है। उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में भी कुशल मानव संसाधन की यह तैयारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस मिशन के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास भी हुआ है। पहले जहां बेरोजगारी के कारण कई युवा निराशा का सामना करते थे, वहीं अब कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से वे अपने भविष्य को लेकर आश्वस्त दिखाई देते हैं। यह योजना युवाओं में आत्मनिर्भरता और उद्यमशीलता की भावना को भी प्रोत्साहित कर रही है। यूपी कौशल विकास मिशन ने विशेष रूप से उन युवाओं के लिए नई संभावनाएं खोली हैं, जो आर्थिक या सामाजिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। ऐसे युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण रोजगार और सम्मानजनक जीवन का माध्यम बना है। यह मिशन सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को कम करने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। सरकार की यह पहल 'युवा शक्ति' को 'राष्ट्र शक्ति' में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राज्य के लाखों युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की प्रक्रिया है। यह मिशन युवाओं को अवसर, मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराकर उनके सपनों को साकार करने में सहयोग कर रहा है। हालांकि इस मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन में कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं, जैसे दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंच, सभी पात्र युवाओं को जोड़ना और प्रशिक्षण के बाद पर्याप्त प्लेसमेंट सुनिश्चित करना। लेकिन सरकार इन चुनौतियों को दूर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।प्रशिक्षण केंद्रों का विस्तार, डिजिटल मॉनिटरिंग और उद्योगों के साथ सहयोग बढ़ाकर मिशन को और मजबूत बनाया जा रहा है। आज जब रोजगार के स्वरूप तेजी से बदल रहे हैं और कौशल की मांग बढ़ रही है, तब यूपी कौशल विकास मिशन की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। यह मिशन युवाओं को आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार कर रहा है और उन्हें प्रतिस्पर्धी दुनिया में सफल होने के लिए सक्षम बना रहा है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि यूपी कौशल विकास मिशन उत्तर प्रदेश सरकार की एक दूरदर्शी, जनहितकारी और परिवर्तनकारी पहल है। 14 लाख से अधिक युवाओं का प्रशिक्षण, 5.66 लाख से अधिक रोजगार, हजारों महिलाओं का सशक्तिकरण और हजारों युवाओं को रोजगार मेलों के माध्यम से अवसरकृये उपलब्धियां इस मिशन की सफलता की कहानी कहती हैं। यह योजना न केवल बेरोजगारी कम करने में सहायक है, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना बनी किसानों का सहारा

भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले किसान अपने परिश्रम से देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। खेतों में दिन-रात मेहनत करने वाले किसानों का जीवन अनेक प्रकार के जोखिमों से जुड़ा होता है। कृषि कार्य के दौरान या दैनिक जीवन में होने वाली आकस्मिक दुर्घटनाएं, सॉप काटना, आकाशीय बिजली आदि घटना होने से कई बार पूरे परिवार को आर्थिक और सामाजिक संकट में डाल देती हैं। ऐसे कठिन समय में यदि परिवार का कमाऊ सदस्य असमय दुर्घटना का शिकार हो जाए, तो उसकी भरपाई संभव नहीं होती, लेकिन आर्थिक सहायता उस परिवार को दोबारा संभलने का संबल अवश्य देती है। इसी संवेदनशील सोच के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संचालित करते हुए किसानों और उनके आश्रित परिवारों को सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार प्रदान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में 14 सितम्बर, 2019 से लागू यह योजना किसानों के हितों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है। योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि किसी दुर्घटना की स्थिति में किसान परिवार स्वयं को असहाय महसूस न करे। यही कारण है कि यह योजना आज लाखों किसान परिवारों के लिए सुरक्षा और विश्वास का पर्याय बन चुकी है। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसका व्यापक दायरा है। इसके अंतर्गत केवल खतौनी में दर्ज खातेदार या सहखातेदार ही नहीं, बल्कि उनके परिवार के वे कमाऊ सदस्य भी शामिल हैं जिनकी आजीविका का मुख्य स्रोत कृषि आय है। इतना ही नहीं, पट्टे पर या बटाई पर खेती करने वाले भूमिहीन कृषकों को भी योजना के दायरे में शामिल किया गया है। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि खेती से जुड़े प्रत्येक पात्र परिवार को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके। योजना के अंतर्गत दुर्घटनावश मृत्यु/पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में पात्र परिवार को अधिकतम पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह सहायता कठिन परिस्थितियों में परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने, बच्चों की शिक्षा, घरेलू खर्च और भविष्य की आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण सहारा बनती है। प्रदेश सरकार योजना के प्रभावी और पारदर्शी संचालन के लिए लगातार प्रयासरत है। योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु शासन स्तर से समय-समय पर जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जाते हैं। साथ ही योजना के लिए विकसित ऑनलाइन पोर्टल को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से एकीकृत किया गया है, जिससे आवेदन, स्वीकृति और भुगतान की पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और जवाबदेही बन गई है। तकनीक के इस उपयोग से लाभार्थियों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने में उल्लेखनीय सुविधा मिली है। इस योजना की प्रभावशीलता का अनुमान इसके लाभार्थियों की संख्या से भी लगाया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के लिए 1,050 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया था। जनपदों की मांग के अनुरूप पूरी धनराशि आवंटित की गई, जिसके माध्यम से लगभग 21,659 किसानों के आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रदेश सरकार ने प्रत्येक पात्र परिवार तक समयबद्ध सहायता पहुंचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

ऐसे कठिन समय में यदि परिवार का कमाऊ सदस्य असमय दुर्घटना का शिकार हो जाए, तो उसकी भरपाई संभव नहीं होती, लेकिन आर्थिक सहायता उस परिवार को दोबारा संभलने का संबल अवश्य देती है। इसी संवेदनशील सोच के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मुयमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मुयमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संचालित करते हुए किसानों और उनके आश्रित परिवारों को सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार प्रदान किया है। मुयमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में 14 सितबर, 2019 से लागू यह योजना किसानों के हितों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है।

इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना का दायरा और मजबूत करते हुए 1,150 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत प्रथम और द्वितीय किस्त मिलाकर 862.50 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। जनपदों की मांग के अनुसार अब तक 813.81 करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं, जिससे लगभग 17,152 आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। प्रदेश सरकार की यह योजना लगातार प्रभावी ढंग से किसानों के जीवन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली योजना नहीं है, बल्कि यह किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशील सोच और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी प्रतीक है। जब किसी किसान परिवार पर संकट आता है, तब यह योजना उसके साथ खड़ी होकर उसे सम्मानपूर्वक आगे बढ़ने का संबल देती है। इससे ग्रामीण समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत होती है और किसान अपने भविष्य को लेकर अधिक आश्वस्त महसूस करते हैं। आज उत्तर प्रदेश सरकार कृषि विकास के साथ-साथ किसानों के सामाजिक और आर्थिक संरक्षण को भी समान महत्व दे रही है। आधुनिक कृषि, सिंचाई, तकनीकी नवाचार और किसान कल्याण की विभिन्न योजनाओं के साथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना किसानों के जीवन में भरोसे की नई रोशनी लेकर आई है। यह योजना किसानों और उनके परिवारों को सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करती रहेगी तथा समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर ग्रामीण उत्तर प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगें।

शिखा अवस्थी

मेष-मेष राशि वालों के लिए आज का दिन उत्साह और प्रसन्नता से भरा रह सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है और व्यापार में आगे बढ़ने के नए रास्ते दिखाई दे सकते हैं।

वृषभ -वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन लाभकारी रहने वाला है। अपनी योग्यता और मेहनत के बल पर आप किसी महत्वपूर्ण काम को पूरा करने में सफल हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर लिया गया निर्णय भविष्य में लाभ दे सकता है।

मिथुन-मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन नई उम्मीद और उत्साह लेकर आ सकता है। लंबे समय से की जा रही मेहनत का परिणाम मिलने की संभावना है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं, जबकि कार्यरत लोगों को अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा।

कर्क -कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रह सकता है। कारोबार से जुड़ी गतिविधियों में कुछ बदलाव करने का विचार बन सकता है और यह परिवर्तन आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है।

सिंह-सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन सकारात्मक रह सकता है। आप कुछ नए विचारों पर काम शुरू कर सकते हैं, जिनसे भविष्य में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है।

कन्या -कन्या राशि वालों के लिए आज का दिन विशेष रूप से अच्छा रह सकता है। नौकरी और रोजगार से जुड़े मामलों में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। कार्यस्थल पर जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करने से वरिष्ठ अधिकारियों का विश्वास बढ़ेगा।

तुला -तुला राशि वालों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है। कारोबार में आर्थिक लाभ के अवसर मिल सकते हैं और घर में सुखद वातावरण बना रहेगा। व्यापार से जुड़ी गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने में सफलता मिलेगी, लेकिन आर्थिक लेनदेन के मामलों में सावधानी बरतना जरूरी होगा।

वृश्चिक -वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रह सकता है, लेकिन समझदारी से काम लेने पर परिस्थितियां आपके पक्ष में आ सकती हैं। आपके विनम्र व्यवहार की लोग सराहना करेंगे। किसी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति का समाधान आप अपनी सूझबूझ से निकाल सकते हैं।

धनु-धनु राशि वालों के लिए आज का दिन मेहनत का परिणाम देने वाला हो सकता है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि लगातार प्रयास करने से सफलता के अच्छे अवसर बन सकते हैं।

मकर-मकर राशि वालों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। प्रियजनों से मुलाकात का अवसर मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा। आपकी पसंद की कोई वस्तु मिलने से भी खुशी हो सकती है।

कुंभ-कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन बेहद सुखद रहने की संभावना है। व्यस्तता अधिक होने के बावजूद आप परिवार और कारोबार के बीच अच्छा संतुलन बनाए रखने में सफल रहेंगे।

मीन -मीन राशि वालों के लिए आज का दिन सफलता और प्रसन्नता लेकर आ सकता है। कारोबार में कोई बड़ा सौदा तय होने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। दांपत्य जीवन में खुशहाली बनी रहेगी और परिवार के सदस्य भी अपने-अपने कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित रहेगा।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से अमेठी में उद्यमिता को मिली नई उड़ान

उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को सशक्त बनाने तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार प्रदाता बनाने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से संचालित यह योजना प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गैर-कृषि क्षेत्र के अंतर्गत नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से बड़े पैमाने पर स्थायी रोजगार के अवसर पैदा कर रही है। संबंधित नोडल एजेंसियों के एकीकृत माध्यम से संचालित इस महत्वाकांक्षी योजना ने प्रदेश के युवाओं, पारंपरिक कारीगरों और नए उद्यमियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने का एक सुलभ मंच प्रदान किया है। योजना के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र के लिए अधिकतम ?50 लाख तथा सेवा क्षेत्र के लिए ?20 लाख तक की परियोजनाओं हेतु वित्तीय संस्थानों के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। इसमें सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को शहरी क्षेत्रों में 15 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। वहीं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, दिव्यांगजनों, अल्पसंख्यकों और पूर्व सैनिकों जैसे विशेष वर्गों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है। पारदर्शी प्रक्रियाओं एवं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण व्यवस्था के माध्यम से यह राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुँच रही है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष उदाहरण जनपद अमेठी में देखने को मिल रहा है, जहाँ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विशिष्ट कार्य किया गया है। जनपद के रामगंज क्षेत्र के त्रिसुंडी गांव निवासी एक उच्च शिक्षित युवा की सफलता की कहानी इस परिवर्तन को दर्शाती है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर करने के बाद वे लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य से जुड़े थे। सुरक्षित नौकरी के बावजूद उन्होंने अपने क्षेत्र के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने के उद्देश्य से स्वरोजगार अपनाने का साहसिक निर्णय लिया। आरंभिक पूंजी के अभाव की पूर्ति के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत आवेदन किया। केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों तथा जिला प्रशासन व संबंधित वित्तीय संस्थान के सहयोग से वर्ष 2022 में उन्हें ?50 लाख का ऋण स्वीकृत हुआ। इस वित्तीय सहयोग से उन्होंने अपने गांव में एक मैनचेस्टर फैशन फैक्ट्री की स्थापना की और परिधान निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा। आरंभ में रेडीमेड परिधान उद्योग का तकनीकी अनुभव न होने से उन्होंने विभागीय सहयोग से इस क्षेत्र में प्रशिक्षण और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्राप्त किया, इसके साथ ही उन्होंने उत्पादन की बारीकियों को समझने के साथ-साथ गुणवत्ता को प्राथमिकता दी, जिससे उनका उद्यम तेजी से विकसित हुआ। वर्तमान में उनकी फैक्ट्री में तैयार परिधान उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी सप्लाई किए जा रहे हैं। उनका स्वयं का परिधान ब्रांड अब बाजार में अपनी सुदृढ़ पहचान बना चुका है। वर्तमान में इस औद्योगिक इकाई के माध्यम से 20 से अधिक स्थानीय निवासियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला हुआ है, जिनमें महिलाओं की बड़ी भागीदारी है। ग्रामीण अंचल में स्थापित इस उद्योग ने न केवल युवाओं को आजीविका प्रदान की है, बल्कि अनेक परिवारों को आर्थिक संबल भी दिया है। यह सफलता दर्शाती है कि पी.एम.ई.जी.पी जैसी योजनाएं किस प्रकार महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए संबल बनकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ रोजगार प्रदाता भी बना रही हैं। जनपद अमेठी में जिला प्रशासन के प्रभावी निर्देशन में स्वरोजगार एवं रोजगारपरक योजनाओं को तत्परता से धरातल पर उतारा जा रहा है। पात्र युवाओं को चिन्हित कर योजनाओं से जोड़ने और उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन समेकित प्रयासों के फलस्वरूप जनपद में स्वरोजगार की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है, जो न केवल अमेठी बल्कि संपूर्ण प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस योजना का प्रभाव केवल आर्थिक उन्नति तक सीमित न रहकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित कर पलायन को नियंत्रित करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। सूक्ष्म उद्यमों के निरंतर विस्तार से 'एक जिला एक उत्पाद' (व्क्व्च्) योजना तथा पारंपरिक हस्तशिल्प को भी नया जीवन मिला है। संपूर्ण आवेदन व स्वीकृति प्रक्रिया को ऑनलाइन तथा पेपरलेस बनाए जाने से पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है और युवाओं के लिए ऋण प्राप्ति की राह आसान हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय संस्थाओं के साथ निरंतर समन्वय के परिणामस्वरूप सब्सिडी वितरण तथा ऋण स्वीकृति दर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

**केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से संचालित यह योजना प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गैर-कृषि क्षेत्र के अंतर्गत नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से बड़े पैमाने पर स्थायी रोजगार के अवसर पैदा कर रही है। संबंधित नोडल एजेंसियों के एकीकृत माध्यम से संचालित इस महत्वाकांक्षी योजना ने प्रदेश के युवाओं, पारंपरिक कारीगरों और नए उद्यमियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने का एक सुलभ मंच प्रदान किया है। योजना के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र के लिए अधिकतम ?50 लाख तथा सेवा क्षेत्र के लिए ?20 लाख तक की परियोजनाओं हेतु विीय संस्थानों के माध्यम से ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। इसमें सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को शहरी क्षेत्रों में 15 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तक ससिडी प्रदान की जा रही है। वही

संक्षिप्त खबरें

खेत में लगी झटका मशीन से 4 वर्षीय बच्ची की मौत

सुल्तानपुर। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के घरवासपुर गांव में खेत में लगी झटका मशीन की तार की चपेट में आने से एक चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। यह घटना शनिवार दोपहर को हुई, जिससे गांव में शोक का माहौल है। पीड़ित परिवार के अनुसार, घरवासपुर निवासी किसान मुरारी पांडेय के खेत में कुछ दूरी पर एक झटका मशीन लगी हुई थी। शनिवार को दोपहर लगभग 11:30 बजे, इमरान की चार वर्षीय बेटी साजिया घर के पास खेलते-खेलते खेत की तरफ पहुंच गई। खेलते हुए साजिया अचानक झटका मशीन की तार की चपेट में आ गई। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन तुरंत साजिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साजिया की मां रुबीना का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि साजिया तीन बहनों में दूसरी थी। परिवार ने पहले भी अपनी एक बेटी खो दी थी, और अब उनकी केवल डेढ़ साल की एक छोटी बेटी बची है। साजिया के पिता इमरान मुंबई में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में पंचनामा किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शारदा नहर में मिला तीन दिन से लापता युवक का शव, मचा हड़कंप

मियागंज (उन्नाव)। आसीवन थाना क्षेत्र में शनिवार को शारदा नहर की आसीवन ब्रांच में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मियागंज-सफीपुर मार्ग स्थित नहर पुल के पास पानी में शव तैरता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के रानीपुर ग्रांट निवासी 35 वर्षीय शैलेंद्र पुत्र बाबूराम के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार शव करीब तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक के बड़े भाई सुनील कुमार ने बताया कि शैलेंद्र तीन दिन पहले घर से लापता हो गया था। शुक्रवार को बेहटा मुजावर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिजनों को जानकारी मिली थी कि गोता कुसुम्भ पुल के पास नहर किनारे शैलेंद्र के कपड़े और चप्पल पड़े मिले हैं। इसके बाद से परिवार के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। शनिवार को नहर में शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। परिजनों के मुताबिक शैलेंद्र खेती-किसानी करता था। उसके माता-पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। परिवार में तीन भाई सुनील, शानू और सतेंद्र तथा दो बहनें सुनीता और दीपिका हैं। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल परिजनों की ओर से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जमीन के लालच में जीजा की हत्या साले और तीन दोस्तों ने दुपट्टे से गला घोंटा

4 गिरफ्तार; 48 लाख में हुआ था जमीन का सौदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुल्तानपुर। के कोतवाली नगर क्षेत्र के लोलेपुर चौहानी में 2 अगस्त की रात मोहम्मद शाकिब (25) की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के अनुसार, जमीन के पैसों के लालच में शाकिब के साले ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने हत्या में शामिल चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक मोहम्मद शाकिब अपने ननिहाल लोलेपुर चौहानी (कोतवाली नगर थाना क्षेत्र) में रहता था। 2 अगस्त की रात वह किसी काम से घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों की तलाश के बाद अगले दिन घर से करीब 200 मीटर दूर तालाब के किनारे उसका शव मिला। शव पर चोट के निशान थे। घटना के संबंध में मृतक के पिता सहबान (फरीदपुर, गोसाईगंज) की तहरीर पर अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस जांच में सामने आया कि शाकिब की नानी ने उसे लोलेपुर चौहानी में एक पक्का मकान और हाईवे किनारे 5 बिस्सा जमीन दी थी। शाकिब ने यह जमीन 48 लाख रुपये में बेचने का सौदा किया था और 2 लाख रुपये बतौर अग्रिम राशि ले चुका था। उसने पैसे जमा करने के लिए एक नया बैंक खाता खुलवाया था, जिसमें अपने मामा के लड़के अदीब अनवर उर्फ गोलू को नॉमिनी बनाया था। जब इसकी जानकारी शाकिब की पत्नी शब्बो को हुई, तो उसने अपने भाइयों को बताया। सालों को आशंका थी कि शाकिब जमीन का सारा पैसा अपनी बहन को न देकर शराब और अन्य कामों में खर्च कर देगा, और नॉमिनी के पास चला जाएगा। जमीन बहन के नाम कराने के लालच में सालों ने शाकिब को रास्ते से हटाने की साजिश रची।

योजना के अनुसार, अभियुक्त शाकिब को अपने साथ ले गए और पहले उसे शराब पिलाई। इसके बाद वे उसे गांव के बाहर ले गए, जहां पहले से मौजूद साथियों के साथ मिलकर दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। हत्या के बाद शव को जल निगम के तालाब में फेंक दिया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने लोलेपुर चौहानी से बायपास जाने वाली सड़क पर विनोबापुरी के सामने महुए के बाग से घेराबंदी कर चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सलमान अहमद पुत्र सरदार निवासी नकराही, थाना कोतवाली देहात (मृतक का दोस्त), मो. हुसैन उर्फ झूलू पुत्र अबरार अहमद निवासी लोलेपुर चौहानी, थाना कोतवाली नगर (मृतक के सगे साले का दोस्त), मो. जीशान पुत्र नूरुल हक निवासी लोलेपुर चौहानी, थाना कोतवाली नगर (मृतक के सगे साले का दोस्त), सलमानुल हक उर्फ सलमान पुत्र शमशुलहक निवासी नकराही, थाना कोतवाली देहात (मृतक का सगा साला) को गिरफ्तार किया है। घटना का अनावरण करने वाली कोतवाली नगर पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुरेश नारायण मिश्र, उ.नि. अविनाश चन्द्र, उ.नि. अरविन्द सिंह, रि.का. रविन्द्र कुमार और रि.का. अवधेश गौड़ शामिल रहे। सफल खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को 25,000 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

जिम्नास्टिक में सीतापुर और शतरंज में लखनऊ की टीम ने मारी बाजी

उन्नाव। पूरननगर स्थित एसवीएम कॉलेज में बेसिक बाल मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत जिम्नास्टिक एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सीतापुर, रायबरेली और लखनऊ जनपद की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिम्नास्टिक में सीतापुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शतरंज की बालिका वर्ग प्रतियोगिता में लखनऊ की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षक नेता वेणु रंजन भदौरिया, आदर्श इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद के प्रधानाचार्य मोहनलाल शुक्ला तथा प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संदीप चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिम्नास्टिक के बालक एवं बालिका वर्ग में सीतापुर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं शतरंज के बालिका वर्ग में लखनऊ की टीम प्रथम और रायबरेली की टीम द्वितीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में रायबरेली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर रामवीर सिंह, व्यायाम शिक्षिका अनुदीप श्रीवास्तव सहित शिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आज बांसी में, विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित बांसी दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पूर्व मंत्री एवं बांसी विधायक राजा जय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह और जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने रतनसेन इंटर कॉलेज स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंच, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने वाले मार्ग का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि मुख्यमंत्री का दौरा महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की ओर से आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इसके साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि एवं सामग्री का वितरण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है। अधिकारियों ने कार्यक्रम को सकुशल, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

डिप्टी सीएमओ ने सीएचसी के लेबर रूम का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देवरिया। जनपद के सलेमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शनिवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. कार्तिक पांडेय ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी निर्धारित समय से देरी से पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही कर्मचारियों में हलचल मच गई। डिप्टी सीएमओ ने लेबर रूम, वार्ड, औषधि कक्ष, एनबीएसयू और पीएनसी वार्ड का निरीक्षण किया। साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। डिप्टी सीएमओ और डीएमएचसी ने लेबर रूम के स्टाफ को पार्टोग्राफ के उपयोग की ट्रेनिंग दी। इस दौरान बीपीएमयू और लेबर रूम की स्टाफ नर्स के साथ जननी सुरक्षा योजना के तहत होने वाले प्रसव की समीक्षा की गई। लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मंत्र पोर्टल पर सभी लाभार्थियों का आधार सत्यापन कराने और बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कराकर उसका विवरण पोर्टल पर अपडेट करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान शनिवार को पांच प्रसव होने की जानकारी मिली। सभी जच्चा-बच्चा सुरक्षित पाए गए। डिप्टी सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को समय से उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

अवैध कच्ची शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

उन्नाव। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिले में छापेमारी अभियान चलाया। अलग-अलग स्थानों पर हुई कार्रवाई में टीम ने 81 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की, जबकि करीब 400 किलो महुआ लहन मौके पर नष्ट कराया गया। कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के नेतृत्व में सात अगस्त को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 बीघापुर प्रतिभा सिंह ने हमराह टीम के साथ पुरवा थाना क्षेत्र के ग्राम भाटमऊ में दबिश दी। यहां टीम ने 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। मौके पर शराब बनाने के लिए तैयार करीब 400 किलो महुआ लहन नष्ट कराया गया। मामले में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में दो अभियोग पंजीकृत किए गए। इसके अलावा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पुरवा निशांत सिंह ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से थाना पुरवा के ग्राम बेगमगंज तथा थाना मौरावां क्षेत्र के बसहा, कुट्टीखेड़ा बाजार और हिलौली बाजार में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने 36 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

हत्या में प्रयुक्त पिस्टल, कारतूस बरामद

पुलिस रिमांड पर लिए गए आरोपी की निशानदेही पर हुई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुल्तानपुर। पुलिस ने हत्या के एक मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कुड़वार थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। कुड़वार थाने में दर्ज केस से संबंधित अभियुक्त केशरी उपाध्याय उर्फ मामा (पुत्र विद्याधर उपाध्याय, निवासी करीमुद्दीनपुर, नवाबगंज, प्रयागराज, उम्र लगभग 39 वर्ष) को माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर जिला कारागार सुलतानपुर से पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया था। पुलिस रिमांड के दौरान, 8 अगस्त 2026 को अभियुक्त केशरी उपाध्याय की निशानदेही पर कुड़वार पुलिस टीम ने ग्राम बांसी स्थित बरम बाबा मंदिर के पास एक आम के बाग में तलाशी ली। अभियुक्त ने एक पेड़ के नीचे मिट्टी में छिपाई गई काले रंग की पॉलिथीन खोदकर निकाली। इसमें हत्या में प्रयुक्त एक 0.9 रूरू पिस्टल और एक जिंदा 0.9 रूरू कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी के बाद, अभियुक्त के खिलाफ धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

यह मामला 25 मार्च 2026 का है, जब शाम करीब 7:10 बजे कुड़वार कस्बे में गैस एजेंसी के सामने माता प्रसाद पाण्डेय (पुत्र वशिष्ट पाण्डेय, निवासी पूरे बेनी माधव, कुड़वार) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में कुड़वार थाने में रमेश मौर्या, अनुराग मौर्या, सुरेंद्र शर्मा और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान केशरी उपाध्याय उर्फ मामा का नाम सामने आया था, जिसने बाद में माननीय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था। न्यायालय से पुलिस कस्टडी रिमांड मिलने के बाद, 8 अगस्त 2026 को उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

जनपदीय माध्यमिक विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उन्नाव। जनपदीय माध्यमिक विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन सात अगस्त से किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में करीब 65 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। **अंडर-19** बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्रख्यात सिन्हा ने रुद्र प्रताप सिंह को सीधे सेटों में हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका वर्ग में शिफा ने चांदनी को शिकस्त दी। अंडर-17 बालक वर्ग में शिवम सिंह ने उदय प्रताप सिंह को तथा बालिका वर्ग में श्रेया शुक्ला ने शालिनी को पराजित किया।

अंडर-14 बालक वर्ग में अब्दुल शाद ने अनुराग सिंह को हराया, जबकि बालिका वर्ग में तृप्ति शुक्ला ने काव्या शुक्ला को मात देकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने मंडलीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। मंडलीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 12 अगस्त को किया जाएगा। इसमें उन्नाव के अलावा लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी जनपदों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अटल बिहारी इंटर कॉलेज उन्नाव के प्रधानाचार्य अजब सिंह यादव और जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार सबरवाल ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता संयोजक नेहरू इंटर कॉलेज पहाड़पुर सुबस, उन्नाव के प्रधानाचार्य निखिल कुमार त्रिवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला क्रीड़ा सचिव नवीन सिन्हा के साथ वीरेंद्र सिंह, गौरव कुमार, कुलदीप कुमार, सुधाकर सैनी, विवेक सिंह, सोनू सिंह, मयंक कुमार, विक्रम सिंह, अभिषेक, अब्दुल सत्तार और अमृता दिवाकर सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर में सांसद अरुण सागर ने कराया भंडारा

तिलहर शाहजहांपुर। कछियानी खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सांसद अरुण सागर की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले मंदिर परिसर में सुंदरकांड का पाठ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने भगवान राम की पूजा-अर्चना कर किया। सुंदरकांड पाठ के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। पाठ पूर्ण होने के बाद भंडारा शुरू हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं के साथ ही जनप्रतिनिधियों और विभिन्न वर्गों के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सांसद अरुण सागर ने आयोजन में पहुंचे लोगों का स्वागत किया और धार्मिक आयोजन में सहभागिता के लिए आभार जताया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से मंदिर परिसर में पूरे दिन चहल-पहल बनी रही। इस दौरान एमएलसी सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष मिश्रा, डीपीएस राठौर, विधायक अरविंद सिंह सहित जनपद के कई जनप्रतिनिधि, राजनीतिक कार्यकर्ता, पुलिस अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने अमृत सरोवरों का किया निरीक्षण

स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर दिए जनपयोगी निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुल्तानपुर। में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने विकास खंड लम्भुआ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्थित अमृत सरोवरों का स्थलीय निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विधान परिषद की 'प्रश्न एवं संदर्भ समिति' की पूर्व बैठक में सभापति द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में किया गया, जिसका उद्देश्य मनरेगा के तहत तालाबों की खुदाई और गहरीकरण की जांच करना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अमृत सरोवरों में कार्यों की गुणवत्ता, साफ-सफाई व्यवस्था, जल स्तर, पौधरोपण, घाटों की स्थिति और सौंदर्यीकरण का जायजा लिया।

उन्होंने जमखुरी, दुबौली के कमल सरोवर, मामपुर में निर्मित तालाब, सखौलीकलां में नवनिर्मित तालाब और परसीपुर के अमृत सरोवर का दौरा किया। जमखुरी के अमृत सरोवर के निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, जल स्तर, घाटों की स्थिति और सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को अमृत सरोवरों के रखरखाव और सुधार कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि उनकी उपयोगिता और सुंदरता बनी रहे।

जिलाधिकारी ने बीडीओ लम्भुआ नीलिमा गुप्ता को जमखुरी के अमृत सरोवर में स्थायी रूप से जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरोवर में की गई साफ-सफाई और अन्य कार्यों की सराहना भी की। इसके बाद, जिलाधिकारी ने लम्भुआ विकास खंड के दुबौली स्थित कमल सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने सरोवर की साफ-सफाई और जल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कमल सरोवर का संचालन कर रहे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी बातचीत की। महिलाओं ने सरोवर की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराने और चारदीवारी (बाउंड्रीवॉल) के निर्माण की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने बीडीओ लम्भुआ को निर्देश दिया कि वे कार्ययोजना में चारदीवारी के निर्माण का प्रस्ताव शामिल करें। उन्होंने समूह की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

बूंदी कारखाने में गंदगी का अंबार, टीन शेड में उत्पादन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर ग्रामीण। कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू क्षेत्र स्थित मगरासा गांव में शम्भू ट्रेडर्स नाम से संचालित बूंदी कारखाने में खाद्य सुरक्षा मानक की खुलेआम अनदेखी का मामला सामने आया है, टीन शेड के नीचे चल रहे इस कारखाने में गंदगी और अस्वच्छता के बीच बेसन की बूंदी तैयार की जा रही है,,इस मामले में खाद्य निरीक्षक ने जांच के आदेश दिए, कारखाने के चारों ओर गंदे पानी का जमाव और कचरे का ढ़ेर लगा हुआ है, इसी दूषित वातावरण में बूंदी का निर्माण हो रहा है। और तैयार बूंदी को बिना ढके खुलें में रखा जा रहा है, इससे खाद्य सामग्री के दूषित होने का ख़तरा बढ़ गया है, कारखाने में सफाई व्यवस्था का अभाव है, जिसके कारण तैयार बूंदी पर लगातार मक्खियां मंडरा रहीं हैं, स्थानीय निवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि बूंदी बनाने में खराब गुणवत्ता वाले रिफाइंड तेल का इस्तेमाल किया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि खाद्य विभाग की जांच और लैब रिपोर्ट के बाद ही हो पाएंगी, कारखाना संचालक, छोटे ने स्वीकार किया कि उनके पास खाद्य विभाग का लाइसेंस हैं, मामले को गंभीरता से देखते हुए खाद्य निरीक्षक धमेंद्र प्रताप सिंह ने तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया, उन्होंने कहा कि मौके पर जाकर कारखाने के लाइसेंस, साफ सफाई की स्थिति और इस्तेमाल हो रही सामग्री की गुणवत्ता की गहन जांच करेंगे, यदि मानक में कोई कमी पाई जाती है, तों संचालक के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएंगी।

अवैध कच्ची शराब के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान, 81 लीटर शराब बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उन्नाव। अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने बीघापुर, पुरवा और मौरावां क्षेत्र में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 81 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं करीब 400 किलो लहन महुआ मौके पर नष्ट कराया गया। तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने टीम के साथ बीघापुर तहसील क्षेत्र के पुरवा थाना अंतर्गत भाटमऊ गांव में दबिश दी। टीम ने मौके से 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। इसके साथ ही करीब 400 किलो लहन महुआ नष्ट कराया गया। मामले में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में दो अभियोग पंजीकृत किए गए।

इसी क्रम में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 पुरवा निशांत सिंह ने टीम और स्थानीय पुलिस के साथ पुरवा थाना क्षेत्र के बेगमगंज तथा मौरावां थाना क्षेत्र के बसहा, कुट्टीखेड़ा बाजार और हिलौली बाजार में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान कुल 36 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर मौरावां थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया। गिरफ्तार आरोपितों में मौरावां थाना क्षेत्र के गौरी गांव निवासी शिवकली पत्नी स्वर्गीय दढ़ई, जनवारनखेड़ा निवासी श्रीपाल पुत्र स्वर्गीय बुद्धिलाल और दरेहटा निवासी निर्मल कुमार पुत्र रामऔतार शामिल हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग की टीमों को अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

सजेती पुलिस द्वारा चार जुआरियों को जुआं खेलते हुए दबोचा

कानपुर ग्रामीण। कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना सजेती पुलिस ने जुआं खेलते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है,,यह कारवाई बदलेसिमनापुर गांव जाने वाले मार्ग पर दोहरा बाबा समाधि के पास की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से जुआं खेलने का सामान भी बरामद किया है, पुलिस आयुक्त कानपुर नगर, और अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था के निर्देश पर अपराध रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत सजेती थाना क्षेत्र के बदलेसिमनापुर गांव जाने वाले मार्ग पर दोहरा बाबा समाधि से 150 मीटर आगे नीम के पेड़ के नीचे कुछ लोगों के जुआं खेलने की सूचना मिली, सूचना मिलते ही सजेती पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। पुलिस टीम ने मौके से जुआं खेलते हुए चार जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

26 किलो गांजे के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार, जेल भेजे

तिलहर, शाहजहांपुर। बरेली फील्ड से मिली सूचना के बाद सक्रिय हुई तिलहर पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 26 किलो गांजा, 970 रुपये नकद और एक प्रीपेड मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने गांजा थोक में खरीदकर फुटकर में बेचने की बात स्वीकार की। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र के तियरा हैदरपुर गांव निवासी जगजीत सिंह अपने पुत्र आयुष के साथ गांजे की तस्करी कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे सरयू पुलिया के पास घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान जगजीत सिंह के कब्जे से 18 पैकेट में 16 किलो गांजा बरामद हुआ, जबकि उसके पुत्र आयुष के पास से पांच पैकेट में 10 किलो गांजा मिला। इसके अलावा दोनों के पास से 970 रुपये नकद और एक प्रीपेड मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे गांजा थोक में खरीदते हैं और बाद में उसे फुटकर में बेचकर मुनाफा कमाते हैं। पुलिस ने बरामद गांजे को कब्जे में लेकर दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। शनिवार को पुलिस ने पिता-पुत्र को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

समाधान थाना दिवस में दर्ज कराई गई 7 शिकायतें

कोंच(जालौन)- कोतवाली परिसर में शनिवार को समाधान थाना दिवस का आयोजन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक निगवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बाई इलाकों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस मौके पर कुल 7 शिकायतें दर्ज कराई गई, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। जिन शिकायतों का तत्काल समाधान संभव था, उनका मौके पर ही निस्तारण कराया गया, शेष शिकायतों के संबंध में पुलिस एवं राजस्व कर्मियों को आवश्यक कार्रवाई कर निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण पहली प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रचार हेतु निकाली रैली

कोंच (जालौन)- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रचार प्रसार के लिए बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा शनिवार को जन जागरूकता रैली निकाली गई। क्रय विक्रय सहकारी समिति के भवन में संचालित विभागीय कार्यालय से रेलवे क्रासिंग तक रैली निकाली गई। रैली में शामिल आंगनबाड़ी कार्यकत्री योजना के प्रचार प्रसार से परिपूर्ण बैनर-पोस्टर हाथों में लेकर शामिल रहीं। प्रभारी सीडीपीओ चन्दप्रभा खरे ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार अपनाने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करती है जिससे सुरक्षित और स्वस्थ गर्भावस्था को बढ़ावा मिलता है। इस योजना के तहत गर्भावस्था के पंजीयन बाद 5 हजार रुपए (पहले बच्चे के लिए) जिसकी पहली किश्त 3 हजार रूपये होगी मिल सकेगी। दूसरी किश्त के 2 हजार रुपए बच्चे का जन्म पंजीकरण और 14 सप्ताह टीकाकरण के बाद प्राप्त हो सकेगी। वहीं 6 हजार रुपए (दूसरा बच्चा यदि लड़की हो) बच्चे का जन्म पंजीकरण और 14 सप्ताह टीकाकरण के बाद मिल सकेंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए उन्होंने कहा कि अपने आगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिला पंजीकरण कराएं। इस दौरान मुख्य सेविका भारती सहित आंगनवाड़ी संगीता, उपासना, शालिनी, अंजुला, उर्मिला, प्रियंका, सुनीता, माधुरी, ममता, शशिप्रभा, अंजली आदि मौजूद रहीं।

नीमगांव में दलित युवती की संदिग्ध मौत, दुष्कर्म और हत्या के आरोपों की जांच तेज

एक दर्जन से अधिक पुलिस टीमें जुटीं, फॉरेंसिक साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखीमपुर खीरी। नीमगांव थाना क्षेत्र में एक दलित युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। परिजनों ने युवती के साथ दुष्कर्म के बाद गला कसकर हत्या करने और शव को घसीटे जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल से मृतका की हंसिया समेत कई वस्तुएं बरामद हुई हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और अन्य उपलब्ध जानकारियों के आधार पर पुलिस घटना की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

पिता ने लगाए गंभीर आरोप

मृतका के पिता ने बेटी के साथ दरिंदगी किए जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घटनास्थल की स्थिति को देखकर घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने फिलहाल किसी व्यक्ति पर सीधे तौर पर संदेह जाहिर नहीं किया है।पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों का मिलान किया जा रहा है।

एक दर्जन से अधिक पुलिस टीमें जांच में जुटीं

घटना के जल्द खुलासे के लिए पुलिस ने कई टीमें गठित की हैं। स्वाट टीम, लोकल इंटेलिजेंस यूनिट और थाना स्तर की टीमें अलग-अलग बिंदुओं पर जांच कर रही हैं। मितौली इंस्पेक्टर के नेतृत्व में भी टीमें संदिग्धों की गतिविधियों और घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही हैं।पुलिस के अनुसार, एक दर्जन से अधिक टीमें घटना के अनावरण में लगी हैं। संदिग्ध लोगों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है और कई लोगों से पूछताछ भी की गई है। फॉरेंसिक साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी इनपुट के आधार पर पुलिस संदिग्धों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

अधिकारियों ने कहा—जांच में मिले महत्वपूर्ण सुराग

नीमगांव थाना अध्यक्ष प्रवीर कुमार गौतम और सीओ मितौली यादवेंद्र यादव के मुताबिक, घटना के खुलासे के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं और पुलिस घटना के करीब पहुंच रही है। जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।फिलहाल पुलिस की टीमें संदिग्धों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं। युवती की मौत के पीछे वास्तविक कारण क्या था और घटना को किसने अंजाम दिया, इसका स्पष्ट खुलासा पुलिस जांच, फॉरेंसिक साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा।

सराफा दुकान में लाखों की चोरी का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

चोरी की चांदी और सोने के कुंडल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

तिलहर, शाहजहांपुर। कपसेड़ा स्थित सराफा दुकान में शटर तोड़कर हुई लाखों रुपये की चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 1.482 किलोग्राम चांदी और करीब दो ग्राम सोने के कुंडल बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपितों ने क्षेत्र में अन्य चोरी की घटनाओं को भी अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस उनके फरार साथियों की तलाश में जुटी है।मतानी चौक निवासी कृष्णा की कपसेड़ा में स्टेट बैंक के सामने सांवरिया सेठ ज्वेलर्स के नाम से सराफा की दुकान है। 24 जुलाई की रात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर तिजोरी में रखी करीब आठ किलोग्राम चांदी, 20 ग्राम सोना और 93 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली थी। कृष्णा की तहरीर पर पुलिस ने 25 जुलाई को मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की थी। शुक्रवार को पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की घटना में शामिल संदिग्ध युवक जैतीपुर मोड़ से आगे नहर के दक्षिण स्थित जामुन के पेड़ के पास मौजूद हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम निगोही थाना क्षेत्र के बलरामपुर निवासी राकेश उर्फ कल्ला, ईशापुर निवासी हीरा सिंह और मिलकिया निवासी अनोखे उर्फ लाडू उर्फ नोखी बताए। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में तीनों ने सराफा दुकान में चोरी की घटना को स्वीकार किया। इसके अलावा उन्होंने दो मार्च को कुर्रिया कलां तिराहे के पास तीन दुकानों में चोरी करने की बात भी कबूल की। आरोपितों ने पुलिस को बताया कि चोरी का कुछ सामान उनके पास है, जबकि शेष माल उनके फरार साथियों के पास है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 1,482 ग्राम सफेद धातु (चांदी) और करीब दो ग्राम पीली धातु (सोने) के एक जोड़ी कुंडल बरामद किए हैं। फरार आरोपितों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि चोरी के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चोरी की चांदी और सोने के कुंडल बरामद हुए हैं। तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पीएन दीवान पब्लिक स्कूल में मनाई गई 'भारत छोड़ो आंदोलन' की 84 वीं वर्षगांठ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/रिठौरा। कस्बे स्थित पीएन दीवान पब्लिक स्कूल में 'भारत छोड़ो आंदोलन' की 84वीं वर्षगांठ उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष प्रार्थना सभा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को 'भारत छोड़ो आंदोलन' के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी द्वारा 9 अगस्त 1942 को शुरू किया गया यह आंदोलन भारत के स्वतंत्रता संग्राम की अंतिम और सबसे निर्णायक लड़ाई थी। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस मौके पर शिक्षक राजेंद्र कुमार सक्सेना, खूबकरन लाल, सुलभ अग्रवाल, रेहान खान, अनिल राय। दीपिका बनर्जी, ममता शंखधार, सोनम कश्यप, शीतल साहू, रूबी, संजना सक्सेना, शिवानी कश्यप, राधा कश्यप, विमला शर्मा एवं नीलिमा दुबे मौजूद रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।

गाली गलौच कर धमकी देने का लगाया आरोप

कोंच(जालौन)- ग्राम परैथा निवासी व्यक्ति ने शराब के नशे में गाली-गलौज कर विवाद खड़ा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परैथा निवासी शिवदयाल पुत्र तुलसीराम ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 8 अगस्त की रात करीब 11 बजे गांव का ही रामकुमार पुत्र हरचरन शराब के नशे में धुत्त होकर उसके घर पर आया और उसे व उसकी पत्नि के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया तो रामकुमार झगड़े पर आमादा हो गया। घटना की जानकारी उसने फौरन ही पीआरबी पुलिस को दी लेकिन पुलिस के आने से पहले ही वह मौके से भाग गया। पीड़ित शिवदयाल ने पुलिस को बताया कि रामकुमार आए दिन उसके साथ गाली-गलौज करता रहता है जिससे वह और उसका परिवार परेशान है। उसने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

डीएम ने मंडलीय राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय का किया निरीक्षण, मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता परखी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

टूण्डला। तहसील टूण्डला के अंतर्गत मदावली स्थित मंडलीय राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय में चल रहे जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्यों का जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिसर में चल रहे सभी मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने परिसर में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए विद्यालय परिसर स्थित तालाब को गहरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाब को गहरा करने से आसपास का जमा पानी आसानी से उसमें पहुंच सकेगा और इससे भूजल स्तर में भी सुधार होगा। इसके साथ ही भवन के आसपास उगी अनावश्यक घास एवं झाड़ियों को तत्काल साफ कराने तथा पूरे परिसर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि परिसर को पूरी तरह स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जाए, जिससे यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों एवं कर्मचारियों को बेहतर और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि 'विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान और परिसर की स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है। 'निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, उपजिलाधिकारी टूण्डला सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

राजश्री नर्सिंग कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/रिठौरा। राजश्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में बी0एस0सी0 नर्सिंग 2026 बैच के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम का उद्देश्य छात्र/ छात्राओं को संस्थान की पठन-पाठन शैली से परिचय, नर्सिंग लैब, लाइब्रेरी का भ्रमण तथा नर्सिंग ट्यूटर एवं इन्स्ट्रक्टर के साथ प्रथम सेमेस्टर में बेहतर शैक्षिक वातावरण को स्थापित करने के लिए आवश्यक रूपरेखा से अवगत कराना था। संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल क्षेत्र में सेवा, समर्पण और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मानव सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानने की सीख दी। संस्थान के प्रबंध निदेशक रोहन बंसल सर ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके पेशेवर जीवन की एक नई और जिम्मेदार शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों को निष्ठा, करुणा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या प्रो0 लता पी0 ने भी स्टूडेंट्स का स्वागत किया और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। यह प्रोग्राम स्टूडेंट्स को नैतिक मूल्यों से परिचित कराता है और उन्हें नर्सिंग पेशे के लिए जरूरी सेवा, अनुशासन और दया-भाव जैसे मूल्यों को समझने में मदद करता है।

जिलाधिकारी ने ग्लास म्यूजियम व बाबा नीब करौरी धाम का किया आकस्मिक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) मोहनलाल गुप्ता के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ऑडिटोरियम, निर्माणाधीन ग्लास म्यूजियम तथा बाबा नीब करौरी धाम परिसर में बने मल्टीपर्पस हॉल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्लास म्यूजियम के आसपास फैली झाड़ियों को तत्काल जेसीबी लगवाकर साफ कराने तथा परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने म्यूजियम की प्रत्येक मंजिल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए निर्माणदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कराए जा रहे कार्यों एवं डिजाइनिंग के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पर्यटकों एवं आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए म्यूजियम परिसर में आधुनिक कैफेटेरिया विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यान विभाग को म्यूजियम परिसर में आकर्षक डिजाइन के साथ बेहतर पौधरोपण एवं हरियाली विकसित कराने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्लास म्यूजियम आने वाले समय में जनपद की पहचान और विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसलिए इसके निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए सभी कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूरा किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बाबा नीब करौरी धाम परिसर में नवनिर्मित मल्टीपर्पस हॉल, डिजिटल लाइब्रेरी, गेस्ट रूम, कैंटीन, डायनिंग हॉल एवं डॉर्मिटरी रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, स्वच्छता और आगंतुकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

आईटीआई प्रवेश आवेदन में व्यवसाय व संस्थान के विकल्प बदलने का मौका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फिरोजाबाद। जनपद फिरोजाबाद में संचालित राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में व्यवसाय एवं संस्थान के विकल्पों में परिवर्तन करने का अवसर प्रदान किया गया है। प्रधानाचार्य नेहा बाजपेयी ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में व्यवसाय/संस्थान के विकल्प परिवर्तन की सुविधा 09 अगस्त 2026 से 12 अगस्त 2026 तक वेबसाइट www.scvtup.in पर उपलब्ध रहेगी। इससे पूर्व प्रशिक्षण सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीकरण की अंतिम तिथि 07 अगस्त 2026 की रात्रि 12 बजे तक बढ़ाई गई थी। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध Online Submission Application for Admission for Session 2026-27 for Government/Private ITI लिंक के माध्यम से आवेदन करना था। ऑनलाइन आवेदन का शुल्क डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग अथवा यूपीआई के माध्यम से जमा किया जा सकता है। प्रवेश पंजीकरण शुल्क सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 250 रुपये तथा सभी महिला अभ्यर्थियों के लिए 100 रुपये निर्धारित है। अभ्यर्थी व्यवसाय एवं संस्थान के विकल्पों में परिवर्तन निर्धारित अवधि में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी किसी भी कार्यदिवस में राजकीय आईटीआई, शिकोहाबाद-फिरोजाबाद में रवि कुमार बाजपेई, कार्यदेशक/प्रवेश प्रभारी अथवा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

आला हजरत के 108 व उर्स के मौके पर कुल हिंद जमीअतुल आवाम द्वारा खिराज ए अकीदत पेश की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। कुलहिंद जमीअतुल आवाम के तत्वाधान में विश्व प्रसिद्ध महान इस्लामी धर्म गुरु इमाम अहमद रजा खान (आला हजरत) के 108 व उर्स मुबारक के मौके पर संस्था के कार्यालय स्थित कुली बाजार में आला हजरत के इशाले सवाब के लिए फातिहा एवं उन्हें खिराज ए अकीदत पेश की गई उनके द्वारा किए गए कामों को याद किया गया संस्था के महामंत्री महबूब आलम खान ने बताया की आज बरेली शरीफ स्थित उनकी दरगाह पर बड़े अदब और एहताराम के साथ उर्स की रस्म पूरी की जा रही है आला हजरत की बेमिसाल खिदमत के लिए उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा उन्होंने इसके रसूल में चूर होकर मजब ए इस्लाम की खिदमत की उन्होंने अपने कलाम के जरिए पूरी दुनिया के अंदर अहले सुन्नत वल जमात का सर फक्र से बुलंद किया उन्होंने बेशुमार किताबें लिखकर लोगों को इस्लाम के प्रति रहनुमाई फरमाई लोगों को सच्चा नबी करीम सल्लल्लाहो वाले वसल्लम का आशिक और मोहब्बत करने वाला बनाया बरेली स्थित उनकी दरगाह हिंदू मुस्लिम एकता की प्रतीक है जहां सभी धर्म संप्रदाय के लोग पूरी दुनिया से पहुंचते हैं और अकीदत के फूल पेश करते हैं अध्यक्षता कर रहे शहर काजी मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही ने कहा कि हमें उनके मिशन पर आगे बढ़ते हुए इंसानियत की खिदमत करते हुए इस्लाम की सच्ची सूफिज्म की राह पर चलकर बुजुर्गों की दरगाहों से जो दर्श मिलता है उसे मजबूती से थमे उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर अपनी जिंदगी बसर करें क्योंकि हिंदुस्तान के अंदर सूफी संतों की दरगाह हमेशा इंसानियत भाईचारा हिंदू मुस्लिम एकता का पैगाम देती है जो पूरी दुनिया के अंदर हमारे मुल्क हिंदुस्तान की एक अलग पहचान बनती है उस पहचान को हमेशा हमें बना कर रखना चाहिए वक्ताओं ने यह भी कहा कि आला हजरत सिर्फ एक समुदाय विशेष के सूफी संत नहीं थे वह पुरी मानवता के महान धर्मगुरु थे उन्होंने बरेली शरीफ में रहकर पूरी दुनिया जोड़ा आज उनके चाहने वाले पूरी दुनिया में मौजूद है अफ्रीका अमेरिका इंग्लैंड हॉलैंड ऑस्ट्रेलिया जर्मन फ्रांस तुर्की यमन ओमान सहित गल्फ कंट्री आदि देश में उनके बेशुमार शागिर्द है जो आज भी उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं और इंसानियत का पैगाम देते हुए इस्लाम की सच्ची तस्वीर लोगों के सामने पेश कर रहे हैं कुल शरीफ से पहले नात शरीफ मन्क़बात सलातो सलाम पढ़ा गया इस मौके पर मुख्य रूप से शहर काजी कानपुर मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही महामंत्री महबूब आलम खान नायब सदर कारी आरिफ रजा कादरी अयाज चिश्ती एडवोकेट असद सिद्दीकी कारी अब्दुल रहीम मौलाना गुलाम मुस्तफा रजवी शाहनवाज कादरी अलीम अख्तर खान मोहम्मद शारिक सिद्दीकी शाहिद खान लालू नगर सचिव कफिल खान मोहम्मद उस्मान मौलाना जाकिर हुसैन खान इस्लाम खान आजाद आदि लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने फावड़ा उठाकर किया श्रमदान, स्वच्छता का दिया प्रेरक संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडेय तथा उप जिलाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कॉलोनी में विशेष सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर के पास स्थित जागरण पंडाल एवं बारात घर के आसपास स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया। जिलाधिकारी के साथ उपस्थित अधिकारियों ने भी सफाई अभियान में सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। जिलाधिकारी ने कॉलोनीवासियों से संवाद करते हुए अपील की कि स्वच्छता को केवल किसी अभियान तक सीमित न रखें, बल्कि समय-समय पर अपने आसपास सफाई करते रहें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाने में प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। सफाई अभियान के दौरान जिलाधिकारी ने पैदल चलकर पूरी कॉलोनी का जायजा लिया तथा सफाई व्यवस्था से संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम एवं नगर पंचायत से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान रखे जाएं, ताकि लोग कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।

साथ ही कूड़ेदानों को प्रतिदिन खाली कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का स्वयं फावड़ा उठाकर सफाई अभियान में श्रमदान करना आमजन और अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक संदेश रहा। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का सामूहिक संकल्प है। ' सफाई अभियान के दौरान संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सपा के अधिवक्ता देंगे परिवर्तन का संदेश

कानपुर। समाजवादी पार्टी महानगर के पदाधिकारियों ,कार्यकारिणी, विधान सभा अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों,जोनल प्रभारियों,वार्ड अध्यक्षों की मासिक बैठक आज दिन में 3 बजे सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरम्भ हुई। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि गोविन्दनगर,आर्यनगर, सीसामऊ, कैंट,किदवईनगर विधान सभा क्षेत्रो के 342 मतदान केन्द्र पर पीडीए पंचायत के साथ सघन अभियान चलायेगे,अभियान पांच हजार अधिवक्ता गण अलग-अलग क्षेत्रों में परिवर्तन के साथ सत्ता परिवर्तन का सन्देश देंगे। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि पब्लिक स्कूलो ने छात्रों की मासिक फीस बढाकर अभिभावको की जेब काटी जा रही है जिसकी वजह से अभिभावक आर्थिक बोझ से दवा जा रहा है जिसकों सपा ने गम्भीरता से लेकर रणनीति तय की जा रही। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष फजल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि पूरा शहर जाम नालों से त्रस्त जलभराव, टूटी सड़कों, जगह जगह गट्टे सथा गालियों में जमा दनों इड़ा से गन्दगी ने बुखार की बीमारियों ने घेर लिया है। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा की सफाई कर्मचारीओ की नगर निगम उपेक्षा कर रही रही है उनको नियमित नही कर रहीहै तथा दूसरी ओर हाउस टैक्स बढ़ाकर जनता को परेशान कर रही है 2027 मे जनता जवाब देने को तैयार घूम रही रही है। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,नंदलाल जयसवाल,सत्यनारायण गहरवार,फखरे आलम,महेन्द्र सिह,रजत मिश्रा,दीपक खोटे,शादाब आलम,इशरत इराकी,सुधांशु मिश्रा,अरशद दद्दा,मो सारिया,हुकुम सिंह,सजल कुशवाह समीर सोनकर,के के मिश्रा,कीर्ती अग्निहोत्री,महिमा शर्मा,एहसास बॉबी,धीरज श्रीवास्तव,बृजलाल यादव,अकील अहमद,शादाब खान,तौसीफ सिद्दीकी,हेमंत गुप्ता,गुड्डू यादव,राजेंद्र जयसवाल,पारस श्रीवास्तव,राहुल यादव आदि लोग प्रमुख रहे।

संक्षिप्त खबरें

मंडलीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में वसुधा ने जीता स्वर्ण

भदोही। सेंट जेवियर्स उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र के प्रांगण में एक दिवसीय मंडलीय तीरंदाजी प्रतियोगिता (माध्यमिक) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भदोही की छह सदस्यीय टीम ने चंद्रबली सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के 17 वर्षीय बालिका कंपाउंड राउंड में भदोही की वसुधा गुप्ता ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता और जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं 17 वर्षीय बालक वर्ग के कंपाउंड राउंड में प्रखर यादव ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा इंडियन राउंड में उमंग यादव और गौरव ने कांस्य पदक हासिल कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। जिला तीरंदाजी संघ के महासचिव अशोक कुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि पर आलोक कुमार, शिव प्रकाश सिंह, नीतू यादव, अनुराधा जायसवाल, सुमन, दुर्गा प्रसाद एवं आशुतोष सहित अन्य लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर रेलवे पुलिस अलर्ट, ट्रेन और ट्रैक का किया निरीक्षण

गोपीगंज। ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर साप्ताहिक ट्रेनों के चलते यात्रियों की भीड़ बढ़ने पर रेलवे पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। जीआरपी चौकी प्रभारी आनंद कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ट्रेनों में जांच-पड़ताल के साथ रेलवे ट्रैक का भी निरीक्षण किया। शनिवार को स्टेशन पर भीड़ ज्यादा रही। जनरल टिकट काउंटर पर लंबी कतारें लगी रहीं। भीड़ देख आला अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। जीआरपी चौकी प्रभारी आनंद कुमार यादव ने टीम के साथ अभियान चलाकर जांच पड़ताल शुरु की। इस दौरान विभूति एक्सप्रेस और पटना-सिकंदराबाद, सहित अन्य ट्रेनों में जांच कर यात्रियों से पूछताछ की गई। संदिग्धों की पहचान के लिए स्टेशन पर बैठे हर यात्री से पूछताछ हुई। अनावश्यक चहलकदमी करने वालों को चेतावनी दी गई। प्लेटफॉर्म पर मनमानी गाड़ी पार्क करने वालों को स्टैंड में वाहन खड़े करने की हिदायत दी गई। कार्रवाई के दौरान प्लेटफॉर्म पर टहलने वाले लोग गायब हो गए। टीम ने रेलवे ट्रैक का भी निरीक्षण किया।

डिलीवरी बॉय की बाइक चोरी, सीसीटीवी में दिखे दो संदिग्ध

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रोड स्थित ई-कार्ट के सामने से डिलीवरी बॉय की बाइक चोरी हो गई। बाइक चोरी होने के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पूरेभागवत वार्ड नंबर-13 निवासी रविन्द्र यादव पुत्र विजय शंकर यादव ने बताया कि वह ई-कार्ट में डिलीवरी बॉय का कार्य करता है। शुक्रवार को रोज की तरह अपनी बाइक संख्या क्क63 ङ्क 1345 ई-कार्ट के सामने खड़ी कर डिलीवरी का सामान लेने अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाहर निकला तो बाइक गायब थी। बाइक की तलाश के दौरान ई-कार्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई, जिसमें दो अज्ञात लोगों द्वारा बाइक ले जाते हुए दिखाई देने की बात सामने आई। घटना की सूचना 112 नंबर पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखी और थाने में तहरीर देने को कहा। पीड़ित ने गोपीगंज थाने में तहरीर देकर बाइक बरामद करने और अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

48 घंटे में एचबीआई बिग बाजार चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोपीगंज। कस्बे के एचबीआई बिग बाजार कपड़ा दुकान में शटर तोड़कर हुई चोरी का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की रकम में से 920 रुपये के सिक्के, 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। घटना में प्रयुक्त काले रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल के वैध अभिलेख न मिलने पर उसे एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया। पुलिस के अनुसार 5/6 अगस्त की रात गोपीगंज निवासी कपड़ा कारोबारी हेलाल अहमद की दुकान का शटर तोड़कर गल्ले से करीब 1200 रुपये चोरी किए गए थे। मामले में गोपीगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर चमन सिंह चावड़ा के नेतृत्व में गोपीगंज पुलिस टीम ने 8 अगस्त को गश्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर काली मंदिर, मिर्जापुर रोड के पास संदिग्ध बाइक सवार को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से तमंचा, कारतूस और 920 रुपये के सिक्के बरामद हुए।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रिंकू (38) पुत्र श्याम धर मौर्या, निवासी महतुआ, थाना औराई के रूप में हुई। पूछताछ में उसने दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक आरोपी अलग-अलग वेशभूषा और हुलिया बदलकर बंद दुकानों की रेकी करता था और रात में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। तकनीकी सर्विलांस के जरिए जिले में हुई अन्य चोरी की घटनाओं में भी उसकी संभावित संलिप्तता के सुराग मिले हैं, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी की धाराओं के साथ धारा 317(2) बीएनएस एवं 3/25 आयुध अधिनियम की बढ़ोतरी की है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। कार्रवाई की वीडियोग्राफी ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से कराई गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शशांक बाजपेई, हेड कांस्टेबल मिथिलेश सिंह, कांस्टेबल सुनील वर्मा तथा रिजर्व कांस्टेबल शीलू गुप्ता शामिल रहे।

छुट्टा सांड ने छीनी मां-बेटे की जिंदगी, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अमवा बाजार में शुक्रवार को छुट्टा पशुओं के हमले ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। घर से किराने की दुकान पर बाइक से सामान लेने निकले मां-बेटे पर छुट्टा सांड ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सरकारी एंबुलेंस से वाराणसी ले जाने के बाद इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रांशु सिंह 24 वर्ष पुत्र स्व.जनार्दन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह और उनकी मां विनीता सिंह 56 वर्ष पत्नी स्व. जनार्दन सिंह, निवासी पर्वतपुर के रूप में हुई। बताया जाता है कि मां-बेटा घर से किराने की दुकान पर सामान लेने जा रहे थे। दुकान के सामने पहुंचते ही छुट्टा पशुओं के बीच से एक सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए दोनों को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। सरकारी एंबुलेंस से वाराणसी पहुंचने के बाद उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।

हाईकोर्ट ने पूर्व एमएलसी रामलली मिश्रा की सजा निलंबित कर दी जमानत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गोपीगंज थाने से जुड़े वर्ष 2020 के एक मामले में दोषसिद्ध पूर्व विधायक विजय मिश्रा की पत्नी सोनभद्र की पूर्व एमएलसी रामलली मिश्रा की सजा पर रोक लगाते हुए अपील लंबित रहने तक जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति राज बीर सिंह ने यह आदेश छह अगस्त को पारित किया। मामले में ट्रायल कोर्ट ने राम लली मिश्रा को धारा 387/34, 347/34, 419/34, 420/34, 467/34, 468/34, 471/34, 474/34, 450/34 व 506 आईपीसी तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-C/34 व 66-D/34 के तहत दोषी ठहराया था। अधिकतम सजा दस वर्ष के कारावास व जुर्माने की थी।

हाईकोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से दलील दी गई कि एफआईआर में मुख्य आरोप सह-अभियुक्त विजय मिश्रा के विरुद्ध थे और अपीलकर्ता के खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप नहीं था। मामले को व्यावसायिक विवाद से जुड़ा बताते हुए साक्ष्यों में विरोधाभास का भी हवाला दिया गया। यह भी बताया गया कि अपीलकर्ता की उम्र 70 वर्ष है और वह दोषसिद्धि के बाद करीब तीन माह की हिरासत में रह चुकी हैं। राज्य सरकार व सूचनाकर्ता की ओर से जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि दोषसिद्धि पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर हुई है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने मामले की परिस्थितियों, उपलब्ध साक्ष्यों तथा अपीलकर्ता की उम्र को देखते हुए सजा निलंबित करने का आधार पाया। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर मामले के गुण-दोष पर कोई अंतिम राय व्यक्त नहीं की जा रही है। अदालत ने राम लली मिश्रा को संबंधित न्यायालय की संतुष्टि के अनुसार व्यक्तिगत बंधपत्र और दो जमानतदार प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। उनमें से एक जमानतदार परिवार का सदस्य होना चाहिए।

पुल निर्माण के दौरान खोदे गए गड्ढे में डूबने से दो मासूमों की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मिर्जापुर। थाना चिल्ह क्षेत्र के हरसिंगपुर गांव में हुई हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुल निर्माण कार्य के दौरान खोदे गए गहरे गड्ढे में डूबने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में भी शोक की भावना व्याप्त हो गई। मृतक बच्चों की पहचान सत्यम यादव (6 वर्ष) पुत्र कड़ेदीन यादव तथा किशन यादव (8 वर्ष) पुत्र सुरेश कुमार यादव निवासी हरसिंगपुर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों बच्चे खेलते-खेलते निर्माणाधीन पुल के समीप पहुंच गए थे, जहां पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिरकर डूब गए। जब तक ग्रामीणों और परिजनों को घटना की जानकारी हुई और उन्हें बाहर निकाला गया, तब तक दोनों मासूमों की सांसें थम चुकी थीं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

घटना की जानकारी मिलने पर मंडलायुक्त (कमिश्नर) एवं जिलाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तत्काल हरसिंगपुर पहुंचे और मृतक बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। अधिकारियों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने दिवंगत बच्चों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। अधिकारियों ने घटना की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए। गांव में एक साथ दो मासूम बच्चों की मौत से हर कोई स्तब्ध है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण कार्य के दौरान खोदे गए गहरे गड्ढों के आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण स्थलों पर सुरक्षा के समुचित इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। हरसिंगपुर गांव में शोक का माहौल है और मृतक बच्चों के घरों पर लोगों का तांता लगा हुआ है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा गणमान्य लोगों ने भी घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

थाना समाधान दिवस में 87 शिकायतें, 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

भदोही। शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शैलेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस के दौरान जिले के विभिन्न थानों पर कुल 87 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 78 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित तथा 9 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थीं। पुलिस विभाग से जुड़ी सभी 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। राजस्व से संबंधित मामलों में अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। भूमि विवाद समेत अन्य राजस्व संबंधी मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए गए, ताकि फरियादियों को अलग-अलग विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकारियों ने सभी लंबित प्रकरणों का निष्पक्ष, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

कांवड़ियों की सेवा में गोपीगंज में भव्य शिविर का शुभारंभ

एसपी अभिनव त्यागी ने फीता काटकर किया उद्घाटन, सावन के अंत तक मिलेगी निःशुल्क सेवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोपीगंज। कांवड़ मेला के दौरान शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा और सहायता के उद्देश्य से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं कांवड़िया सेवा शिविर समिति गोपीगंज के तत्वावधान में आयोजित सेवा शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद भदोही के पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने फीता काटकर किया साथ में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल भी थे। पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल का पुष्प माला से स्वागत किया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद गोपीगंज के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता के सहयोग से कांवड़ियों की सुविधा एवं सेवा के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में दूर-दराज से आने वाले कांवड़ियों के लिए विभिन्न प्रकार की निःशुल्क सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, ताकि सावन के पावन माह में जलाभिषेक के लिए जाने वाले शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से शिविर में कांवड़ियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य शिविर में कई एमबीबीएस चिकित्सकों की मौजूदगी रही, जहां जरूरत पड़ने पर कांवड़ियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में कांवड़ियों की सुविधा को देखते हुए सचल स्नानघर, सचल शौचालय, भोजन एवं नाश्ते की भी निःशुल्क व्यवस्था की गई है। आयोजकों के अनुसार यह सेवा कार्यक्रम सावन माह के अंत तक लगातार जारी रहेगा। शिविर का उद्देश्य यात्रा के दौरान कांवड़ियों को विश्राम, भोजन, स्वास्थ्य सुविधा एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराकर उनकी यात्रा को सुगम बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ की स्तुति के साथ हुआ। कलाकार राजेश परदेशी ने अपनी गीत प्रस्तुति के माध्यम से बाबा भोलेनाथ की स्तुति कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

आयोजन को सफल बनाने में नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न लोगों का सहयोग रहा। आयोजकों ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा पुण्य कार्य है और शिवभक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए शिविर में हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर कोतवाल सच्चिदानंद पांडे, अधिशासी अधिकारी बीना सिंह, रवि पांडे, सुधीर सिंह,सभासद इज़हार खान,रियाज खान,भाजपा नेता नागेन्द्र सिंह, पिंटू यादव,सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत भदोही पुलिस ने शनिवार को जिले के ग्राम, कस्बों, मोहल्लों, शिक्षण संस्थानों और मंदिरों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आयोजित कार्यक्रमों में पुलिस टीमों ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया तथा महिलाओं की समस्याओं के त्वरित एवं विधिसम्मत निस्तारण का भरोसा दिलाया।

महिलाओं व छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच-बैड टच की पहचान, महिला अपराधों से बचाव तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में जागरूक किया गया। छेड़खानी अथवा उत्पीड़न की स्थिति में बिना भय के 1090 वीमेन पावर लाइन या 112 पुलिस आपातकालीन सेवा पर शिकायत करने की जानकारी दी गई। पुलिस ने 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 102 व 108 एंबुलेंस, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन के संबंध में भी जानकारी दी। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने और परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

वाहन चेकिंग अभियान में 1236 वाहनों की जांच, 335 के चालान

भदोही। वाहन चोरी पर अंकुश लगाने और श्रावण मास में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भदोही पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष वाहन चेकिंग अभियान के पांचवें दिन शुक्रवार को जिले के सभी 50 चेकिंग प्वाइंटों पर सघन जांच की गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में थाना, चौकी एवं यातायात पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान कुल 1,236 वाहनों की जांच की गई। तीन सवारी और बिना हेलमेट के 172 चालान, शराब अथवा मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने के मामले में 06 कार्रवाई, बिना नंबर प्लेट के 14 चालान तथा कागजात, सीट बेल्ट आदि से संबंधित 39 चालान किए गए। इस दौरान कुल 335 चालान/ई-चालान किए गए, जबकि 104 संदिग्ध व्यक्तियों का यक्ष ऐप के माध्यम से सत्यापन किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट पहनने, तीन सवारी न बैठाने, नशे में वाहन न चलाने तथा वाहन के वैध कागजात और नंबर प्लेट दुरुस्त रखने की अपील की है।

मंडलायुक्त ने घाटों व निर्माणाधीन हेलीपैड का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मीरजापुर। मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल राजेश प्रकाश ने जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के साथ विंध्याचल क्षेत्र का भ्रमण कर गंगा किनारे निर्माणाधीन अखाड़ा घाट, पक्का घाट सहित अन्य घाटों के निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि विंध्याचल धाम में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए घाटों पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। घाटों पर सीढ़ियों, रेलिंग, प्रकाश व्यवस्था और शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण कराया जा रहा है। वर्षा के दौरान जलभराव और फिसलन की समस्या न हो, इसके लिए उचित जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने घाटों पर स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने, पर्याप्त संख्या में डस्टबिन रखने और सफाई कर्मियों की नियमित तैनाती के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए चेतावनी बोर्ड लगाने और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद मंडलायुक्त, पुलिस उप महानिरीक्षक पूनम और जिलाधिकारी ने पटेंगरा नाला के पास निर्माणाधीन हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं कार्यदायी संस्था के अभियंताओं से निर्माण की प्रगति, तकनीकी मानकों और समयसीमा की जानकारी ली।

मंडलायुक्त ने हेलीपैड का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। सुरक्षा की दृष्टि से चारों ओर बाउंड्रीवाल, पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने विंध्य विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को हेलीपैड के आसपास नए निर्माण पर रोक सुनिश्चित करने तथा मौजूदा भवनों की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, डिप्टी कलेक्टर जूही प्रसाद, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अशोक कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोवा लाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बभनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मारपीट सहित अन्य मामले में 10 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र/उत्तर प्रदेश- पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना बभनी अरविन्द सरोज के कुशल नेतृत्व में थाना बभनी पुलिस द्वारा मारपीट एवं अमानवीय कृत्य के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 07.08.2026 को आवेदक सरजू प्रसाद पुत्र हनुमान प्रसाद, निवासी ईकदिरी, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र द्वारा थाना बभनी पर लिखित प्रार्थना-पत्र दिया गया कि छेड़खानी की बात को लेकर उसके भाई भोला प्रसाद को दिनांक 06.08.2026 को बभनी बाजार से घर वापस आते समय दराई मोड़ के पास विपक्षीगण द्वारा एक राय होकर जान से मारने की नीयत से घर में खींच ले जाया गया तथा उसके साथ मारपीट कर अमानवीय कृत्य किया गया एवं उसे अपमानित किया गया। बीच-बचाव करने पहुंची आवेदक की पत्नी के साथ भी लाठी-डण्डे से मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गई।

उक्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना बभनी पर मु0अ0सं0-178/2026 धारा 109(1), 115(2), 352, 351(3), 191(2) बीएनएस* पंजीकृत कर विवेचना एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया। **गिरफ्तार अभियुक्तगण** अजय पुत्र राजेन्द्र उम्र लगभग 28 वर्ष, राजेन्द्र पुत्र छबिलाल उम्र लगभग 58 वर्ष, चितरंजन पुत्र शिवलोचन उम्र लगभग 33 वर्ष, ममता पत्नी अजय उम्र लगभग 25 वर्ष, चिंता पत्नी अयोध्या उम्र लगभग 32 वर्ष, शंभू पुत्र अशर्फी लाल उम्र लगभग 27 वर्ष, संजय पुत्र सीताराम उम्र लगभग 21 वर्ष, सीताराम पुत्र मनोरथ उम्र लगभग 45 वर्ष, रामकिशुन पुत्र मनमूरत उम्र लगभग 40 वर्ष, बीगन पुत्र रत्तू उम्र लगभग 40 वर्ष सभी निवासीगण ग्राम करकच्छी, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सरोज, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र मय हमराह पुलिस टीम शामिल रहे।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ पर होगी कड़ी कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश- शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्कूली वाहनों के साथ-साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य वाहनों के विरुद्ध भी नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रवर्तन अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कुल 56 चालान तथा 14 वाहनों को बंद करने की कार्रवाई की गई।

प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान 05 ओवरलोड वाहनों के चालान तथा 03 ओवरलोड वाहनों को बंद, 09 बिना फिटनेस संचालित वाहनों के चालान, 10 परमिट की शर्तों के विरुद्ध संचालित वाहनों के चालान, 16 बिना हेलमेट वाहन चलाने के चालान तथा 06 वाहन चालकों द्वारा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर चालान की कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए ऑटो, टोटो एवं ई-रिक्शा सहित स्कूली बच्चों के आवागमन में प्रयुक्त वाहनों की सघन जांच की जा रही है। जांच के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ले जाने, आवश्यक दस्तावेज एवं फिटनेस का अभाव तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा स्कूली वाहनों के संचालकों, ड्राइवरों एवं ई-रिक्शा चालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वाहनों की निर्धारित क्षमता एवं शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार ही स्कूली बच्चों का परिवहन किया जाए। किसी भी दशा में क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में न बैठाया जाए। वाहन के आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस एवं अन्य निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूर्ण रखना अनिवार्य होगा।

वाहन संचालकों एवं चालकों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालक एवं संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्कूली वाहनों की जांच का अभियान निरंतर जारी रखा जाए तथा बच्चों की सुरक्षा से जुड़े निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। ओवरलोडिंग से बचें, वाहनों को निर्धारित फिटनेस के साथ संचालित करें, परमिट की शर्तों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करें।

बीजपुर से कांवड़ियों का जत्था बाबा भोलेनाथ के जयकारों के साथ रवाना

बीजपुर/सोनभद्र- सावन के पावन अवसर पर शनिवार को बीजपुर क्षेत्र से कांवड़ियों का एक जत्था बाबा भोलेनाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ। कांवड़ियों ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ यात्रा शुरू की। इस दौरान पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। कांवड़ियों ने अपनी गाड़ियों को भगवा ध्वज, फूल-मालाओं और धार्मिक सामग्री से सजाया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जत्थे में शामिल कांवड़िए भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए। कांवड़ियों का कहना है कि वे बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित कर क्षेत्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा और परिजनों एवं शुभचिंतकों ने कांवड़ियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। भगवा वस्त्रों में सजे कांवड़ियों का जत्था जब बीजपुर से रवाना हुआ तो आसपास का माहौल शिवमय हो गया। श्रद

संक्षिप्त खबरें

थाना दिवस का आयोजन

बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)। त्रिलोकपुर थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया । थाना समाधान दिवस नायब तहसीलदार इटवा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस के अवसर पर नायब तहसीलदार इटवा व प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय सभी लोगों ने मिलकर के राजस्व विभाग की मामलों को निपटने का कार्य किया।11मामले में मेढ़बंदी व नाली का मामला आया। जिसमें सभी मामलों का निस्तारण किया गया।इस मौके पर चौकी प्रभारी बिस्कोहर अमित कुमार शाही चौकी प्रभारी बिजोरा चंद्र प्रताप सिंह, उप निरीक्षक गणेश कुमार ईशांशु श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल एहतेशान अहमद जुनेद अहमद राजस्व निरीक्षक नरेंद्र देव, जगन्नाथ मिश्रा, हल्का लेखपाल रामकुमार तिवारी, शिवकुमार वर्मा, विजय कुमार देवीलाल गिरी, अवधेश प्रताप अंकुर सिंह, अंकित कुमार, राजकुमार सिंह चौहान, विनय वर्मा, शोभित कसौधन, प्रभा कांत मौर्य, सौरभ तिवारी, विजय कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाये लाखों के जेवरात और नकदी

सिद्धार्थनगर। थाना उसका बाजार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खुटवा में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लगभग 1.50 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं 10,000 रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल कार्रवाई और सामान की बरामदगी की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खुटवा पोस्ट मदनपुर, तहसील नौगढ़) के निवासी राममिलन लोधी पुत्र जग्गल अपने परिवार के साथ अयोध्या तीर्थ यात्रा पर गए हुए थे। दिनांक 06 अगस्त 2026 को जब वे वापस घर लौटे, तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर जांच करने पर सोने की माला, मंगलसूत्र, मांग टीका, झुमकी, चांदी की पायल तथा अन्य आभूषणों समेत ?10,000 की नकदी गायब मिली। पीड़ित के अनुसार चोरी गए कुल सामान और नकदी की अनुमानित कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये है। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक से की शिकायत पीड़ित राममिलन लोधी ने बताया कि उन्होंने 7 अगस्त 2026 को थाना उसका बाजार में लिखित प्रार्थना पत्र देकर घटना की सूचना दी थी। हालांकि, उनका आरोप है कि थाना स्तर पर केवल खानापूर्ति करते हुए उनसे पूछताछ की गई, लेकिन अब तक न तो चोरों का कोई सुराग लग सका है और न ही चोरी हुई सामान की नही हो पाई है।

शुल्क विवरण नहीं देने वाले विद्यालयों को अंतिम नोटिस, एक लाख रुपये तक जुर्माने की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने बताया है कि उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2018 एवं संशोधन अधिनियम, 2020 के तहत निर्धारित शुल्क व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए शुल्क संबंधी अभिलेख उपलब्ध नहीं कराने वाले विद्यालयों को अंतिम अवसर दिया गया है। ऐसे विद्यालयों को एक सप्ताह के भीतर मांगी गई सूचना, अभिलेख, स्पष्टीकरण एवं शपथ-पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में उपलब्ध कराने होंगे। उन्होने बताया है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 23 मई को हुई जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक के बाद दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद के सभी संबंधित विद्यालयों को पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे। विद्यालयों से शैक्षिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 की शुल्क संरचना, शुल्क वृद्धि का आधार, वार्षिक शुल्क वृद्धि का प्रतिशत, शुल्क संबंधी अभिलेख तथा विद्यालय की वेबसाइट एवं सूचना पट्ट पर प्रदर्शित शुल्क विवरण उपलब्ध कराने को कहा गया था। कुछ विद्यालयों ने जानकारी उपलब्ध करा दी है, जबकि सभी विद्यालयों की सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

अंतिम अवसर के तहत विद्यालयों को एक सप्ताह के भीतर दोनों शैक्षिक सत्रों की वर्षवार एवं मदवार शुल्क संरचना तथा शुल्क वृद्धि का तुलनात्मक विवरण देना होगा। यदि किसी वर्ष शुल्क बढ़ाया गया है तो उसके औचित्य एवं आधार की जानकारी भी देनी होगी। इसके अलावा विद्यालय में यूनिफार्म, जूते, मोजे एवं पुस्तकें किस माध्यम से उपलब्ध कराई जाती हैं और क्या किसी अभिभावक अथवा छात्र को किसी विशेष दुकान से सामान खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है, इसका स्पष्ट विवरण देना होगा। किसी छात्र से कैपिटेशन शुल्क नहीं लिया जाएगा तथा प्रत्येक शुल्क या प्रभार की रसअधिनियम की धारा-10 में शुल्क संबंधी नियमों के उल्लंघन पर दंड का प्रावधान है। पहली बार अधिसूचित शुल्क से अधिक वसूली पाए जाने पर अतिरिक्त राशि वापस कराने के साथ एक लाख रुपये तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है।

बीईओ पर कदाचार के आरोपों की जांच धीमी, कार्रवाई को लेकर उठे सवाल

उन्नाव। नवाबगंज के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) पर लगाए गए कदाचार के आरोपों की जांच की गति धीमी होने से कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मामले में पीड़ित शिक्षिका के पति की ओर से जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए जांच डायट प्राचार्य को सौंपी गई थी। जांच शुरू होने के बाद अभी तक प्रकरण में शुरुआती स्तर की कार्रवाई ही सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, जांच की धीमी प्रगति को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर चर्चाएं तेज हैं। मामले में विभागीय जिम्मेदार अधिकारी फिलहाल खुलकर कुछ कहने से बच रहे हैं। वहीं जांच प्रक्रिया को लेकर भी विभिन्न तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। बताया जाता है कि बेसिक शिक्षा विभाग इससे पहले भी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं से जुड़े मामलों को लेकर सुर्खियों में रहा है। विभाग से जुड़े कुछ मामलों में विजिलेंस स्तर पर कार्रवाई भी हो चुकी है। ऐसे में बीईओ पर लगे आरोपों की जांच को लेकर लोगों की निगाहें अब जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। हालांकि, आरोपों की अभी जांच चल रही है और उनकी पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जांच कितनी निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरी होती है तथा आरोप सही पाए जाने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है।

पीडीए चौपाल में सपा ने साधा भाजपा पर निशाना

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर संविधान बचाओ पीडीए चौपाल सपा नेता शैलेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई ,और समाजवादी पार्टी के दिवंगत नेता जिला सचिव जगदीश प्रसाद के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री संजय विद्यार्थी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की भाजपा ने पिछड़ों का बंटवारा कर सिर्फ उन्हें कमजोर करने का काम किया और पिछड़ों की एकता में नींबू निचोड़ने का काम किया और पिछड़ों के आरक्षण को खत्म कर बाबा साहब के संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ही सविता समाज नाई को राजनीति में भागीदारी सम्मान और अधिकार देने का काम किया है। सविता समाज नाई का हित सिर्फ समाजवादी पार्टी में ही है ।उन्होंने अपने समाज के लोगों से कहा कि आप अपने बच्चों को शिक्षित करें जब हमारा समाज शिक्षित होगा तभी हम सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत होंगे ।उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री तथा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के सपनों को हम तभी साकार कर सकते हैं। जब हम शिक्षित होंगे उनके कार्य कुशलता तथा उनके संघर्ष सामाजिक कार्यों और उनकी सादगी तथा ईमानदारी का लोहा आज भी दुनिया मानती हैं। उन्होंने अपने संघर्ष के बल पर ही यह मुकाम हासिल किया। भाजपा की सरकार कभी भी पिछड़ों के हितेषी नहीं रही है। पूरे प्रदेश में अपने नाई समाज को एकजुट कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। भाजपा की गलत नीतियों के कारण महंगाई चरम सीमा पर है जिसका खामियाजा इस देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। अब इस देश का मजदूर किसान नौजवान जाग गया है। इस दौरान पूर्व विधायक विजय पासवान, सर्वेश शर्मा, लाल जी शर्मा, प्रदीप वर्मा आदि उपस्थित रहे।

जेम पोर्टल कार्यशाला में ऑनलाइन खरीद प्रक्रिया की दी गई विस्तृत जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला उद्योग बन्धु की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए जेम पोर्टल से संबंधित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य उद्यमियों एवं व्यापारियों को जेम पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया तथा सरकारी विभागों द्वारा पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद की पूरी प्रणाली से अवगत कराना था। इस दौरान अपर सांख्यिकी अधिकारी प्रयागराज मंडल प्रयागराज नौशाद आलम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जेम पोर्टल पर पंजीकरण, उत्पादों की सूचीकरण (लिस्टिंग) तथा ऑनलाइन खरीद प्रक्रिया का चरणबद्ध प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को पोर्टल के प्रभावी उपयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और उपस्थित उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का विस्तार से समाधान भी किया।

कार्यशाला में उपायुक्त राज्य कर वेगराज सिंह सहित जनपद के अनेक उद्यमी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। इनमें मो. अनाम, रोशन लाल ऊमरवैश्य और अनुराग खण्डेलवाल प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा वरिष्ठ सहायक आशीष पाल, असिस्टेंट मैनेजर अजय राय, अजय शर्मा, नवीन पाठक, मनोज यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त उद्योग एस.एस. रावत के निर्देशन में किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने जेम पोर्टल के माध्यम से सरकारी खरीद प्रणाली में सहभागिता बढ़ाने तथा अपने उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में इसे उपयोगी एवं लाभदायक पहल बताया।

पुरानी रंजिश में लाठी-डंडों से हमला, महिलाओं समेत चार घायल

मियागंज (उन्नाव)। आसीवन थाना क्षेत्र के बीजमऊ गांव में शुक्रवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में चार लोगों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। मारपीट में महिलाओं समेत एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीजमऊ गांव निवासी शिव शंकर (32) पुत्र शिव मंगल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार शाम करीब छह बजे वह अपने भतीजे साजन को डांट रहा था। इसी दौरान गांव के ही संतराम पुत्र धनीराम, राज वर्मा पुत्र महेंद्र, विमलेश और अखिलेश पुत्रगण भगवानदीन वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडों से शिव शंकर पर हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाव के लिए पहुंची उसकी पत्नी रेनू (28), भाभी रानी (32) पत्नी अरमान शंकर और भाई अरमान शंकर (35) को भी पीटकर घायल कर दिया।

लायंस क्लब के शिविर में बढ़-चढ़कर हुआ रक्तदान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष एवं लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर के अनेक समाजसेवियों एवं रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।रक्तदान शिविर का उद्घाटन राजा प्रताप बहादुर चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र कुशवाहा एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज खत्री ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के अध्यक्ष लायन श्याम शंकर शुक्ल 'श्याम' ने कहा कि रक्तदान वास्तव में महादान है।लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति की अध्यक्ष लायन लक्ष्मी मिश्रा ने कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में महिला और पुरुष में कोई भेद नहीं है। निर्धारित स्वास्थ्य मानकों और पर्याप्त हीमोग्लोबिन वाली पात्र महिलाएं भी रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणा बन सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से भी स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति आगे आने की अपील की।कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब इंटरनेशनल के रीजन चेयरपर्सन शिशिर खरे ने दोनों क्लबों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है। ऐसे में सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को सामूहिक रूप से रक्तदान अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए।

शिविर में समाजसेवी आलोक शुक्ला, हेल्दी एवं एक्टिव लाइफस्टाइल न्यूट्रिशन सेंटर के संचालक डॉ. पंकज मिश्रा, कोच अंकिता केशरवानी, लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के ब्लड डोनेशन चेयरपर्सन अश्वनी सिंह, सचिव संतोष भगवन, लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति की सचिव अनीता पांडे, कोषाध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी सिंह, राजेश मौर्य सहित अनेक लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।कार्यक्रम को सफल बनाने में लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के उपाध्यक्ष आर.बी. सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह के साथ ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. दीपिका केसरवानी, पवन नन्दन भट्ट, विशाल शुक्ला, कुसुम लता गुप्ता (काउंसलर), संदीप मिश्रा, आशिक अली, मनोज प्रजापति, शिवम, अर्पित, नितिन श्रीवास्तव, आशीष, खुशबू, रेखा और शमशाद सहित ब्लड बैंक की पूरी टीम का सक्रिय एवं सराहनीय योगदान रहा।

थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए शनिवार को थाना लालगंज में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में कुल 09 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें 5 राजस्व विभाग व 4 पुलिस विभाग से सम्बन्धित है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रत्येक प्रार्थना पत्र का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि एवं राजस्व से जुड़े विवादों के निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, रास्ता, सीमांकन, कब्जा सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे। दोनों पक्षों की मौजूदगी में निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति का परीक्षण किया जाए तथा प्रकरण का विधिसम्मत एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीएम एवं एसपी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पुलिस एवं राजस्व विभाग से संबंधित जनसमस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। इसके लिए दोनों विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय एवं बेहतर तालमेल के साथ कार्य करें और जनता की शिकायतों का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। थाना समाधान दिवस में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

छात्रों के विकास के लिए शिक्षक-अभिभावक समन्वय जरूरी: सुनील सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बीएमपीएस में प्रथम अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी संपन्न

लालगंज, रायबरेली। कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सत्र की प्रथम अभिभावक-अध्यापक संगोष्ठी संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल अपनी अद्वितीय शैक्षिक प्रणाली के लिए प्रसिद्ध है। सत्र की प्रथम मासिक परीक्षा के उपरांत नर्सरी से कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं की प्रोग्रेस रिपोर्ट से संबंधित जानकारी विद्यालय परीक्षा विभाग की ओर से अभिभावकों से साझा की गई।अभिभावकों में अपने पाल्यों की परीक्षा कापियों का अवलोकन भी किया।इस अवसर पर उपस्थित बीएमपीएस के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने कहा बीएमपीएस ग्रुप का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है इसके लिए उन्होंने अभिभावकों से भी सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि छात्रों के चतुर्दिक विकास के लिए अभिभावकों, अध्यापकों और प्रबंधन के मध्य सामंजस्य आवश्यक है इसलिए अभिभावक भी विद्यालय प्रबंधन और अध्यापकों के साथ तालमेल बनाते हुए अपने पाल्यों के प्रति सचेत रहें।

अभिभावकों ने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन के प्रति संतोष जताया। इस अवसर पर प्रबंधक शांतनु सिंह, प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह, अति विशिष्ट सदस्या सुमन सिंह, खुशबू सिंह, शालिनी सिंह, प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन सहित नर्सरी से कक्षा-12 तक के अध्यापक- अध्यापिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे।सभीआए हुए अभिभावकों के लिए जलपान की पर्याप्त व्यवस्था की गई।अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा की।यह जानकारी बीएमपीएस के पीआरओ यशबहादुर यादव ने दी।

मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

फतेहपुर चौरासी (उन्नाव)। कानपुर-बालामऊ रेल मार्ग पर शुक्रवार रात मालगाड़ी की चपेट में आने से 36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के मारुफपुर मजरा जैसरा मारुफपुर निवासी कन्हैया लाल उर्फ मलिंगा (36) पुत्र श्रवण कुमार शुक्रवार रात माथर बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहा था। परिजनों के मुताबिक, जैसरा गांव स्थित रेलवे अंडरपास में पानी भरा होने के कारण वह रेलवे लाइन पार कर घर जाने लगा। इसी दौरान बालामऊ की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में कन्हैया लाल आ गया।

ट्रेन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल होकर दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में पत्नी ज्योति के अलावा दो पुत्रियां और एक पुत्र हैं। पति की मौत से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि कन्हैया लाल मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

मोन गांव की कोट बस्ती में आबादी के बीच बनाए गए सूअर बाड़े को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महराजगंज/रायबरेली: सरकार जहां पशुपालन को बढ़ावा देने के साथ ही मुर्गी एवं सूअर पालन जैसी गतिविधियों के लिए आबादी से बाहर उपयुक्त स्थल विकसित करने पर जोर देती है, वहीं महराजगंज क्षेत्र की मोन ग्राम पंचायत के मोन गांव की कोट बस्ती में आबादी के बीच कथित रूप से बनाए गए सूअर बाड़े को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि, गांव के ही जगदीश उर्फ लल्ला और गोपाल द्वारा बड़ी संख्या में सूअरों का पालन आबादी के बीच किया जा रहा है, जिससे बस्ती में गंदगी, जलभराव और संक्रमण का खतरा बना हुआ है। आपको बता दें कि, ग्रामीणों के मुताबिक बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सूअर बाड़े से निकलने वाली गंदगी और कीचड़ के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि बाड़े के आसपास रहने वाले करीब एक दर्जन से अधिक बच्चे, युवा और बुजुर्ग विभिन्न संक्रामक बीमारियों से परेशान हैं और कुछ लोगों का उपचार भी चल रहा है। हालांकि, बीमारी का वास्तविक कारण चिकित्सकीय जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि, ग्राम प्रधान श्यामकला के देवर और उनके बेटे को भी कथित रूप से गंदगी के कारण स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हुई है और उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। ग्राम प्रधान पति एवं प्रतिनिधि अमरेश कुमार का कहना है कि, उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार तहसील दिवस में शिकायत की है। उनका आरोप है कि, तहसील दिवस में मौजूद जिलाधिकारी द्वारा मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का स्थलीय निरीक्षण नहीं किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि, संबंधित अधिकारियों ने कार्यालय में बैठकर ही रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी, जबकि वास्तविक स्थिति जानने के लिए मौके पर निरीक्षण आवश्यक था। ग्रामीणों का कहना है कि, आबादी के बीच सूअर बाड़ा होने के कारण सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में भी परेशानी होती है। उनका आरोप है कि धार्मिक अनुष्ठान या अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने से पहले आयोजकों को आसपास की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ती है। ग्रामीणों का दावा है कि, दोनों पशुपालकों के पास करीब 125 सूअर हैं, जो दिन-रात बस्ती में घूमते रहते हैं। इससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए परेशानी बनी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में सरकारी योजनाओं के तहत इंटरलॉकिंग और पक्की नालियों पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, लेकिन सूअरों के कारण इनका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि, सूअर जगह-जगह मिट्टी खोदकर गड्ढे बना देते हैं, जिनमें बारिश का पानी भर जाता है। इससे रास्तों पर कीचड़ फैलने के साथ जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि, बस्ती में गंदगी की स्थिति के चलते सफाई व्यवस्था प्रभावित है और नालियों व सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने दोनों पशुपालकों पर विरोध करने वाले लोगों के साथ विवाद करने और हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने एक और गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि सूअर बाड़े के समीप रहने वाला एक मौर्य परिवार कथित रूप से लगातार फैल रही गंदगी से परेशान होकर अपना पुराना घर छोड़ चुका है। ग्रामीणों के मुताबिक परिवार ने गांव के बाहर नया मकान बनाकर वहां रहना शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर स्थलीय जांच कराने, सूअर बाड़े की स्थिति का निरीक्षण करने और यदि शिकायतें सही पाई जाएं तो आबादी के बीच से सूअर बाड़े को हटाकर गांव के बाहर निर्धारित स्थान पर संचालित कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि, पशुपालन करने वाले परिवारों की आजीविका भी प्रभावित न हो और बस्ती में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से भी समझौता न हो, इसके लिए प्रशासन को नियमों के तहत स्थायी समाधान निकालना चाहिए। अब देखना यह है कि, ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लेता है या मामला कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रह जाता है।

गुरु रविदास जयंती पर निकली भव्य कलश वंदन यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महराजगंज/रायबरेली: संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को महराजगंज कस्बे में समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। संत रविदास महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी की पावन माटी युक्त कलश को लेकर निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। आपको बता दें कि, कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ कस्बे के रायबरेली रोड स्थित मां जसवंतरी देवी मंदिर परिसर से हुआ। भाजपा नेता एवं नगर के प्रथम नागरिक टाउन एरिया अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के बीच यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुलिस चौकी तिराहे पहुंची।

इसके बाद यात्रा बछरावां रोड स्थित श्री राम जानकी मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया गया। शोभायात्रा के दौरान कस्बे के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया और कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा कर अपनी आस्था एवं श्रद्धा प्रकट की। जगह-जगह हुए स्वागत से पूरा कस्बा भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। पूजन-अर्चन के उपरांत कलश वंदन यात्रा सलेथू गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर के लिए रवाना हुई। आयोजकों के अनुसार सलेथू से कलश यात्रा का रथ मोन गांव स्थित महर्षि बाबा ओरीदास की तपोस्थली पहुंचेगा। इसके बाद यात्रा मऊ स्थित ऊचेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां पूरे विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि, यह कलश यात्रा विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों से होकर निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

समरसता और सामाजिक एकता का दिया संदेशः कलश वंदन यात्रा के माध्यम से संत रविदास महाराज के समरसता, समानता और सामाजिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने संत रविदास महाराज के विचारों और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रभात साहू, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं नामित सभासद सूर्य प्रकाश वर्मा, सर्वेश कुमार अवस्थी एडवोकेट, सभासद विजय धीमान, विनीत वैश्य, धर्मेंद्र वर्मा, रवितोष त्रिपाठी, घनश्याम चौरसिया, रवि सक्सेना, प्रेम मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, राम अभिलाख लोधी, छोटू रस्तोगी, धीरज मौर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे। श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ निकली इस भव्य कलश वंदन यात्रा ने महराजगंज कस्बे में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना दिया। स्थानीय लोगों द्वारा जग

निलंबन के बाद भी धड़ल्ले से बिक रही खाद, कृषि विभाग की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुपौल ,प्रतिनिधि। लगता है कि खाद दुकानदार पर कृषि बिभाग का हनक खत्म हो गया है।इसी का नतीजा है कि जिला कृषि पदाधिकारी सुपौल का आदेश उनका ही मुँह चिढ़ा रहा है। ऐसा ही एक मामला चर्चा का बिषय बना हुआ है। नगर परिषद के वार्ड-25 स्थित 'पूजा ट्रेडर्स'नामक खाद की दुकान के जाँच में गम्भीर अनियमितता पाए जाने के बाद जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बिगत 5 अगस्त को ही खाद बिक्री पर रोक लगाने के बावजूद दुकानदार द्वारा खाद की अवैध बिक्री जारी रहने का मामला सामने आया है। सरकारी आदेश को दरकिनार कर खुलेआम खाद बेचे जाने से कृषि विभाग की कार्रवाई और मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं। मालूम हो कि शिकायत के बाद जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में बिगत 4 अगस्त को प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा उक्त खाद दुकान का औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान परिसर में कई गंभीर गड़बड़ियां पाई गईथी, दुकान के लाइसेंसपर चिन्हित स्थल के बदले दूसरे जगह दुकान चलाया जा रहा था।और डिस्प्ले बोर्ड पर अनिवार्य सूचना व स्टॉक बिबरणी दर्ज नही थी ।साथ ही पीओएस मशीन और वास्तविक स्टॉक के आंकड़ों में भारी अंतर पाया गया ।साथ ही बिना बिल के 10 बैग हरा सोना नामक मिक्सर खाद भी पाया गया। कृषि विभाग ने इसे उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए तत्काल प्रभाव से लाइसेंस निलंबित कर बिक्री पर रोक लगा दी थी। साथ ही दुकान के प्रोपराइटर को तीन दिनों में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया था।

कार्रवाई की जगह सिर्फ शोकॉज

आश्चर्य जनक पहलू है कि निरीक्षण में कई गम्भीर गड़बड़ी के बाद भी लाइसेंस रद्द कर प्रार्थमिकी दर्ज कराने के बजाय महज निलंबित किया गया, और बिक्री पर रोक लगाई गई।जो चर्चा का बिषय बना हुआ है। इस आदेश के बावजूद दुकान संचालक द्वारा धड़ल्ले से खाद बेचे जाने की शिकायतें मिल रही हैं। जिससे बिभाग के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे है। और विभागीय मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। इस सम्बंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया, जिला कृषि पदाधिकारी के आदेश से दुकानमें खाद की बिक्री पर रोक का आदेश जारी है। आदेश के उल्लंघन कर खाद बेचे जाने की शिकायत पर पुनः जांच की जा रही है। पुष्टि होने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 'प्रशासनिक आदेश की खुलेआम अवहेलना और सुस्त विभागीय रवैये से स्थानीय किसानों में गहरा असंतोष है। यदि जांच में उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो यह खाद के वितरण प्रणाली की शुचिता पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करेगा।

सीएन हॉस्पिटल सील, ऑपरेशन के बाद भर्ती चार महिला मरीज अनुमंडलीय अस्पताल में शिफ्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

त्रिवेणीगंज (सुपौल)। अवैध नर्सिंग होम और निजी क्लीनिकों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को खादी भंडार के समीप संचालित सीएन हॉस्पिटल को प्रशासन ने सील कर दिया। अस्पताल में ऑपरेशन के बाद भर्ती चार महिला मरीजों को एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल लाकर इलाज के लिए भर्ती कराया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उमेश कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल की जांच की। टीम में बीडीओ परमानंद कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एस. अदीब अहमद और स्थानीय पुलिस भी शामिल थी। जांच के दौरान अस्पताल में एक भी चिकित्सक, संचालक या अन्य कर्मी मौजूद नहीं मिला। टीम के पहुंचने के बाद संचालक और कर्मियों के मौके से फरार होने की बात सामने आई। अस्पताल संचालन से संबंधित कागजात, चिकित्सकों की योग्यता, पंजीयन सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज भी टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जांच के दौरान अस्पताल में ऑपरेशन के बाद चार महिला मरीज भर्ती मिलीं। बताया गया कि करीब पांच दिन पहले इन महिलाओं का ऑपरेशन हुआ था। मरीजों की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर सभी को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां सरकारी चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है। अस्पताल में भर्ती मरीजों में अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के जगता निवासी मंजू देवी, छातापुर प्रखंड के चरणे निवासी 32 वर्षीय फूलो देवी, जदिया के फुलकाहा निवासी शबनम खातून तथा प्रखंड के पूरनदहा वार्ड नंबर 15 निवासी 24 वर्षीय खुशबू कुमारी शामिल हैं। जांच टीम ने अस्पताल से आवश्यक साक्ष्य जुटाने के बाद प्रशासन की मौजूदगी में सीएन हॉस्पिटल को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीर मानते हुए आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उपाधीक्षक डॉ. उमेश कुमार ने बताया कि बाजार क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होम, निजी क्लीनिक और अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सीएन हॉस्पिटल की जांच की गई, जहां ऑपरेशन के बाद चार महिला मरीज भर्ती मिलीं। सभी मरीजों को सुरक्षित रूप से अनुमंडलीय अस्पताल में शिफ्ट कराया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम और निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, हत्या या आत्महत्या पर संशय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः- नारायणपुर थाना क्षेत्र के रुपडीह गांव में शनिवार की सुबह एक 26 वर्षीय विवाहिता का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला। जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलने पर नारायणपुर थाना की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच की। यह हत्या अथवा आत्महत्या है, इस पर संशय बरकरार है। मृतका की पहचान संजीदा खातून (28) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के सिमर बोज की रहने वाली थी। उसकी शादी रुपडीह निवासी रहमत अंसारी से हुई थी। मृतका के भाई ने बताया कि संजीदा के चार बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और दो बेटियां हैं।स्थानीय लोगों के मुताबिक, शुक्रवार को किसी बात को लेकर संजीदा और उसके पति के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद देर रात महिला के फंदे से लटके होने की बात सामने आई। हालांकि, विवाद और महिला की मौत के बीच क्या संबंध है, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटनास्थल से जुड़ी परिस्थितियों ने भी कई सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, जिस कमरे में महिला का शव मिला, उसका दरवाजा अंदर से बंद था, जबकि खिड़की खुली हुई थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी मुराद हसन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलू की जांच कर रही है। आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। आवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

जामताड़ा के गांधी मैदान में सहायक आचार्यों की हुई बैठक, प्रखंड स्तरीय कमेटी का हुआ गठन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जामताड़ा, झारखंडः- सहायक आचार्यों की प्रखंड स्तरीय कमेटी के गठन को लेकर शुक्रवार, 7 अगस्त 2026 को जामताड़ा के गांधी मैदान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विभाष राजहंस ने की। बैठक में सहायक आचार्यों के संगठन को मजबूत करने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित सहायक आचार्यों की सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से विभाष राजहंस को अध्यक्ष, संदीप खां को उपाध्यक्ष, मोहम्मद शमीम अंसारी को सचिव, निमाई पंडित को संयुक्त सचिव, शशि मिंज को सहसचिव, नीलम तिरु को कोषाध्यक्ष, पूजा कुमारी को संगठन मंत्री तथा अब्दुल्लाह को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा जिला प्रतिनिधि के रूप में तृप्ति कुमारी, उज्जवल कुमार राय, जितेंद्र कुमार भैया, परमानंद राय एवं पदमा रानी मित्र का चयन किया गया।

वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में तबस्सुम नाज, फरीदा खातून, बसंती कुजूर, मीणा मरांडी, महेश मरांडी, अर्चना कुमारी, रोज, नीलम तिग्गा, उत्तम कुमार एवं रेशमा खातून को शामिल किया गया। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन का उद्देश्य सहायक आचार्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा उनके हितों से जुड़े विषयों को उचित मंच तक मजबूती से पहुंचाना है। अध्यक्ष विभाष राजहंस ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कमेटी सामूहिक रूप से कार्य करते हुए सहायक आचार्यों की समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाएगी। वहीं नवनिर्वाचित सचिव मोहम्मद शमीम अंसारी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को पारदर्शिता और एकजुटता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक के अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं दी गई तथा संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया।

नेहा बोरा पर स्याही फेंकने की घटना की बरही युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने की निंदा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- बरही विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत यादव ने भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा पर स्याही फेंके जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना भाजपा के कथित चाल, चरित्र और चेहरे को उजागर करती है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। मंजीत यादव ने कहा कि भाजपा को यह बात लगातार पच नहीं रही है कि झारखंड में कांग्रेस और झामुमो की सरकार छात्रों के मुद्दों पर उनके साथ खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में छात्र अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे हैं और सरकार उनकी बात सुनने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों के आंदोलन के दौरान दिल्ली और पटना जैसी कथित बर्बर कार्रवाई झारखंड में नहीं की जा रही है। न ही छात्रों पर पैलेट गन या अन्य हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब छात्र गोली, पैलेट गन और अन्य दमनात्मक कार्रवाई से नहीं डरते हैं, तो स्याही फेंकने जैसी घटनाओं से भी वे डरने वाले नहीं हैं। युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति और विरोध दर्ज कराने का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी व्यक्ति पर स्याही फेंकना या इस तरह की घटना को अंजाम देना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से लोकतांत्रिक माहौल को नुकसान पहुंचता है। मंजीत यादव ने प्रशासन से मांग की कि नेहा बोरा पर स्याही फेंकने की घटना की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

ट्रैफिक जवानों की कर्तव्यनिष्ठा का हुआ सम्मान, बेस्ट जवान और बेस्ट टर्नआउट पुरस्कार से नवाजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हज़ारीबाग, झारखंडः- हजारीबाग शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ट्रैफिक जवानों के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग की ओर से सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक, सीसीआर अरमान हक ने यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जवानों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर आयुष कुमार को 'बेस्ट जवान ऑफ द वीक' तथा पीताम्बर गोप को 'बेस्ट टर्नआउट ऑफ द वीक' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने दोनों जवानों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में ट्रैफिक जवानों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। तेज धूप, बारिश और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद जवान लगातार सड़कों पर ड्यूटी निभाते हैं और आम लोगों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए तत्पर रहते हैं। ऐसे में उनके बेहतर कार्यों की पहचान कर उन्हें सम्मानित करना न केवल उनका मनोबल बढ़ाता है, बल्कि पूरी टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के साथ-साथ सड़क पर अनुशासन बनाए रखना ट्रैफिक पुलिस की अहम जिम्मेदारी है। इसके लिए जवानों को सतर्कता, संयम, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करना पड़ता है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को नियमित रूप से प्रोत्साहित किए जाने से उनमें अपने दायित्वों के प्रति और अधिक समर्पण की भावना विकसित होती है। सम्मान प्राप्त करने वाले दोनों जवानों ने भी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह का प्रोत्साहन उन्हें भविष्य में और बेहतर तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित करता है। पुलिस विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया कि ड्यूटी के दौरान बेहतर प्रदर्शन, अनुशासन, वर्दी की साज-सज्जा, समयबद्धता और आम जनता के प्रति जिम्मेदार व्यवहार जैसे विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जवानों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को आगे भी इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से यातायात पुलिसकर्मियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी और वे अपने कार्यों को और अधिक जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ करेंगे। साथ ही इसका सकारात्मक प्रभाव शहर की यातायात व्यवस्था और आम लोगों की सुरक्षा पर भी पड़ेगा।

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हज़ारीबाग, झारखंडः- उपायुक्त हेमन्त सती ने शनिवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फार्मेसी सेंटर, जन औषधि केंद्र, पैथोलॉजी विभाग, एमटीसी केंद्र, ओपीडी, एक्स-रे कक्ष, रेडियोलॉजिस्ट कक्ष, अल्ट्रासाउंड कक्ष सहित अस्पताल के विभिन्न विभागों एवं केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने जन औषधि केंद्र एवं फार्मेसी सेंटर में दवा लेने पहुंचे लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों की दवा पर्चियों का भी अवलोकन किया। जन औषधि केंद्र के संबंध में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को इसे अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। साथ ही मरीजों की सुविधा एवं भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से अस्पताल परिसर में फार्मेसी सेंटर के दवा वितरण केंद्र पांच अलग-अलग स्थानों पर संचालित करने का निर्देश दिया। फार्मेसी सेंटर के माध्यम से मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपायुक्त ने एमटीसी केंद्र का निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बिना स्टाम्प एवं गैर जिम्मेदाराना तरीके से दवा लिखे जाने की बात सामने आने पर उन्होंने डीआरसीएचओ से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। साथ ही एमटीसी केंद्र के रजिस्टर एवं व्यय संबंधी विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने पैथोलॉजी विभाग एवं ब्लड सैंपल कलेक्शन कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यप्रणाली एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। पैथोलॉजी विभाग में कार्यरत कर्मियों के कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने रजिस्ट्रेशन सेंटर में कार्यरत कर्मी को हटाकर अन्य कर्मी को ड्यूटी पर लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों की सुविधा के लिए भुगतान की ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों व्यवस्थाएं उपलब्ध रखने तथा काउंटरों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी प्रकार की जांच के नाम क्रमवार एवं स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर के लिए भी उपयुक्त स्थान निर्धारित कर उसे स्थानांतरित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने अस्पताल परिसर के सभी आवश्यक केंद्रों एवं विभागों की जानकारी मरीजों एवं उनके परिजनों को आसानी से उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त साइनएज लगाने तथा माइकिंग सिस्टम की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर को दलालों से पूरी तरह मुक्त रखने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी पदाधिकारी या कर्मी की दलालों के साथ संलिप्तता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सीआर कक्ष, एक्स-रे कक्ष, रेडियोलॉजिस्ट कक्ष एवं अल्ट्रासाउंड कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित रजिस्टरों, आय एवं व्यय का अवलोकन किया। उन्होंने एक्स-रे मशीनों की आवश्यकता, उनके उपयोग, मशीनों की जिम्मेदारी, तकनीशियनों की उपलब्धता एवं अन्य तकनीकी पहलुओं पर संबंधित पदाधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अस्पताल में नए एक्स-रे मशीन, अल्ट्रासाउंड एवं सीपीआरओ मशीन उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही खराब एक्स-रे मशीनों को शीघ्र दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अस्पताल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता एवं अनुशासन के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सों एवं अन्य कर्मियों को निर्धारित यूनिफॉर्म में ही ड्यूटी करने का निर्देश दिया।अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए पार्किंग को परिसर से बाहर करने तथा इसके लिए ट्रैफिक डीएसपी के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त रिया सिंह, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, सिविल सर्जन सहित अस्पताल के संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण की समय-सारणी तय, नारायणपुर में हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न सरकारी एवं शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण को लेकर शनिवार को नारायणपुर प्रखंड सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख अंजना हेम्ब्रम ने की। इस दौरान बीडीओ कमलेश कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से 15 अगस्त को होने वाले ध्वजारोहण की समय-सारणी निर्धारित की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 8:30 बजे प्रखंड सह अंचल कार्यालय में ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद 8:45 बजे आयुर्वेद औषधालय, 8:50 बजे प्रखंड पशुपालन कार्यालय, 8:55 बजे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय, 9:00 बजे पंचायत भवन नारायणपुर, 9:05 बजे एल्डर्स क्लब तथा 9:10 बजे ग्राम प्रधान कार्यालय में ध्वजारोहण होगा। इसी क्रम में 9:20 बजे प्लस टू उच्च विद्यालय नारायणपुर, 9:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर, 9:40 बजे नारायणपुर थाना, 10:00 बजे कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नारायणपुर तथा 10:10 बजे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ध्वजारोहण किया जाएगा।

बैठक में सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एके सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सर्किल मरांडी, पूजा माझी, कविता कुमारी, निकिता कुमारी, रंजीत सिंह, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरभ मालवीय, नरेश सोरेन सहित अन्य उपस्थित थे।

क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में हजारीबाग बना ओवरऑल चैंपियन, राधा प्रेम किशोर ने जीता स्वर्ण पदक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हजारीबाग, झारखंडः- हजारीबाग जिले के पदमा फायरिंग बट पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 6 अगस्त से शुरू हुई इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अंजनी कुमार झा, हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) समेत जिले के कई वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, गिरिडीह और कोडरमा जिले की पुलिस टीमों ने भाग लिया। दो दिनों तक चली विभिन्न निशानेबाजी स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बाद हजारीबाग की टीम ने सर्वाधिक अंक अर्जित करते हुए ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, एकाग्रता और उत्कृष्ट निशानेबाजी कौशल का परिचय दिया। पिस्टल स्पर्धा में बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि पर उपस्थित अधिकारियों ने उन्हें सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समापन समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक अंजनी कुमार झा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं पुलिस बल की पेशेवर दक्षता, आत्मविश्वास और अनुशासन को नई मजबूती प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से जवानों की कार्यकुशलता में निरंतर सुधार होता है, जिसका सीधा लाभ पुलिसिंग की गुणवत्ता में देखने को मिलता है। वहीं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने हजारीबाग टीम को ओवरऑल चैंपियन बनने पर बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल के जवानों और अधिकारियों का यही समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन भविष्य में भी जिले का नाम रोशन करेगा तथा ऐसी प्रतियोगिताएं सभी को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती रहेंगी। समारोह के अंत में विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को पदक और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया।

प्लस 2 उच्च विद्यालय बरही में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, मोती सिंह बने अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के निर्देशानुसार बीते शुक्रवार को प्लस 2 उच्च विद्यालय बरही के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावक, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया शमशेर आलम ने की, जबकि पर्यवेक्षक के रूप में श्याम नारायण सिंह मौजूद रहे। आम सभा की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के चयन की प्रक्रिया से हुई। उपस्थित अभिभावकों में से कुल 19 सदस्यों का चयन किया गया। इसके बाद चयनित सदस्यों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत अपने मत का प्रयोग करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए मोती सिंह एवं उपाध्यक्ष पद के लिए विमला देवी का चयन किया। चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों के चयन के बाद उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार राम ने आम सभा में उपस्थित सभी अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने नवनिर्वाचित विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए विद्यालय के बेहतर संचालन, शैक्षणिक वातावरण को मजबूत करने तथा छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सक्रिय सहयोग करने का आग्रह किया। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय के सुचारु संचालन में विद्यालय प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षकों, अभिभावकों एवं समिति के सदस्यों के आपसी समन्वय से विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी सदस्यों से विद्यालय हित में सकारात्मक एवं सहयोगात्मक भूमिका निभाने की अपील की।

एलआईसी अधिकारियों-कर्मचारियों की मांगों पर त्रिवेंद्र रावत ने दिया समाधान का आश्वासन

एनओआईएनओ-एआईएलआईईए का 25वां स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह के रूप में मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय बीमा अधिकारी संगठन (एनओआईएनओ) और अखिल भारतीय जीवन बीमा कर्मचारी संघ (एआईएलआईईए) ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की जीवन प्रकाश भवन, 25 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली में अपना 25वां स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह के रूप में मनाया। समारोह में एलआईसी के बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिद्वार से लोकसभा सांसद और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत रहे। भारतीय मजदूर संघ, दिल्ली प्रदेश के महामंत्री डॉ. दीपेंद्र चाहर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।समारोह में एनओआईएनओ के महासचिव पंचम सिंह रावत ने अधिकारियों की विभिन्न मांगें प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि एक अगस्त 2027 से देय वेतन पुनरीक्षण को वर्ष 2027 में ही समयबद्ध तरीके से लागू किया जाना चाहिए। इसके अलावा पेंशनभोगियों की मूल पेंशन के समय-समय पर पुनरीक्षण, पदोन्नति में वरिष्ठता आधारित व्यवस्था बहाल करने और पदोन्नति प्रक्रिया में साक्षात्कार की व्यवस्था समाप्त करने की मांग रखी गई। उन्होंने विपणन अधिकारियों के लिए आठ घंटे की कार्य अवधि और शनिवार-रविवार साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करने की मांग भी रखी। साथ ही उन्होंने कहा कि निगम की अन्य यूनियनों को कार्यालय की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन एनओआईएनओ को अब तक कार्यालय आवंटित नहीं किया गया है। संगठन के लिए शीघ्र कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। एआईएलआईईए की ओर से प्रमोद राणा ने कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को सामने रखा। उन्होंने संगठन के लिए कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई।भारतीय मजदूर संघ के दिल्ली प्रदेश महामंत्री डॉ. दीपेंद्र चाहर ने कहा कि संगठन एलआईसी अधिकारियों और कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों को प्रबंधन और सरकार के समक्ष मजबूती से उठाएगा तथा उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा।मुख्य अतिथि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने संगठन की ओर से सौंपा गया ज्ञापन स्वीकार करते हुए कहा कि वेतन पुनरीक्षण, पेंशन की मूल राशि के पुनरीक्षण, पदोन्नति, स्थानांतरण और कार्यालय आवंटन समेत अन्य मांगों पर एलआईसी प्रबंधन और केंद्र सरकार के स्तर पर चर्चा कर सकारात्मक समाधान के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन एनओआईएनओ उत्तर क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत कुमार ने किया। उन्होंने एलआईसी के सामने मौजूद भविष्य की चुनौतियों और कारोबार में वृद्धि की संभावनाओं पर भी विचार रखे। समारोह के अंत में अतिथियों और संगठन के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही रजत जयंती समारोह का समापन हुआ।

10 अगस्त को कांवड़ मार्गों पर पड़ने वाले सभी शिक्षण संस्थान रहेंगे बंद

फिरोजाबाद। श्रावण मास के पवित्र अवसर पर शिव भक्त कांवड़िए गंगाजल लेकर पैदल, वाहनों एवं डाक कांवड़ के रूप में विभिन्न मार्गों से गुजर रहे हैं। श्रावण मास के द्वितीय सोमवार 10 अगस्त 2026 को कांवड़ियों की संख्या में भारी वृद्धि होने की संभावना को देखते हुए पुलिस द्वारा आवश्यकतानुसार विभिन्न मार्गों पर यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। यातायात डायवर्जन के कारण विद्यालयों में आने-जाने वाले वाहनों का आवागमन प्रभावित होने तथा सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 10 अगस्त 2026 को कांवड़ मार्ग में पड़ने वाले जनपद के सभी परिषदीय, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य सभी बोर्ड से संबद्ध शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। हालांकि छात्र-छात्राओं का शिक्षण कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए संबंधित शिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों को उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि यह निर्णय कांवड़ यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

मदनपुर खादर के नाले में बहा 18 वर्षीय युवक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। सरिता विहार थाना क्षेत्र के मदनपुर खादर स्थित प्रियंका कैंप नाले में तेज पानी के बहाव में 18 वर्षीय युवक के बह जाने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बचाव और तलाश अभियान शुरू कराया। दिल्ली अग्निशमन सेवा और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल सका।पुलिस के अनुसार, घटना 07 अगस्त की रात करीब आठ बजे की है। युवक की पहचान अंकित (18) पुत्र सुनील,निवासी ई-13,भीम कॉलोनी,अली विहार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक अंकित नोएडा से वापस अपने घर लौट रहा था।इसी दौरान प्रियंका कैंप नाले के पास उसका पैर फिसल गया और वह तेज पानी के बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक उपनिरीक्षक को मौके पर भेजा। बीट स्टाफ के साथ पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रारंभिक जानकारी जुटाई।पुलिस को अंकित के दोस्त मनीष (23), निवासी भीम कॉलोनी,अली विहार ने बताया कि वह अंकित के साथ था और हादसे के समय उसने उसे नाले के तेज बहाव में बहते देखा।इसके बाद दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की पूर्वी दिल्ली बचाव टीम और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीम को मौके पर बुलाया गया। अग्निशमन विभाग की वाटर टेंडर-74 की मदद से नाले और आसपास के हिस्से में तलाशी अभियान चलाया गया। काफी प्रयास के बावजूद युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।पुलिस और बचाव दल की ओर से युवक की तलाश लगातार जारी है।

पीरियड्स हाइजीन और कानूनी जागरूकता स्वस्थ समाज के लिए जरूरी: एसडीएम गुरसिमरनजीत कौर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

समराला (लुधियाना)। युवा लड़कियों और महिलाओं में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं कानूनी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन लुधियाना ने अमोदिनी फाउंडेशन तथा प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं समाजसेवी डॉ. नीलम सोढ़ी के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बालिका), गोसलान में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर समाज में व्याप्त झिझक और भ्रांतियों को दूर करना तथा पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों की सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) समराला गुरसिमरनजीत कौर ने छात्राओं के साथ संवाद करते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, स्वच्छता के मानकों को अपनाने तथा अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विद्यालय की छात्राओं के साथ गांव की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पॉक्सो अधिनियम के तहत बच्चों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए सवालों का विशेषज्ञों ने विस्तार से जवाब दिया। पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों को पुनः उपयोग किए जा सकने वाले सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए। अमोदिनी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों और डॉ. नीलम सोढ़ी ने महिलाओं एवं किशोरियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए भविष्य में भी ऐसे जमीनी स्तर के जागरूकता अभियान जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

'प्रज्ञा योजना' से युवाओं को सुनहरा अवसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमि: ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली एवं रोजगार की तलाश कर रहे युवक-युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में 'प्रज्ञा योजना' (PRAGYA YOJNA) शुरू की जा रही है। रामकृष्णनगर के विधायक विजय मालाकार की पहल पर शुरू होने वाली इस योजना का उद्देश्य युवाओं को कुशल, आत्मनिर्भर एवं रोजगार के लिए सक्षम बनाना है। 'प्रज्ञा योजना' के तहत ADRE, Assam Police, SSC, Banking और Railways सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। खास बात यह है कि लिखित परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ पुलिस एवं सैन्य बलों के जवानों द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, प्रशिक्षण कार्यक्रम में T.I.M.E., TRIJOS Foundation तथा IIT और IIM के Alumni भी जुड़े रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रश्न हल करने की रणनीति, समय प्रबंधन, परीक्षा की योजना, नियमित अभ्यास और करियर मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसका उद्देश्य अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर रणनीति और प्रभावी तैयारी के साथ तैयार करना है। 15 मेधावी छात्रों को एक वर्ष की निःशुल्क कोचिंग 'प्रज्ञा योजना' का प्रमुख आकर्षण 15 मेधावी छात्रों के लिए एक वर्ष की निःशुल्क कोचिंग है। प्रारंभिक प्रशिक्षण के बाद मेधा के आधार पर चयनित 15 विद्यार्थियों को T.I.M.E., Guwahati में एक वर्ष तक निःशुल्क कोचिंग प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई है। इस योजना के लिए 10+2 तथा स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की सुविधा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध होगी। प्रारंभिक प्रशिक्षण विधानसभा क्षेत्र के लालछड़ा जीपी कार्यालय और रामकृष्णनगर कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण की समय-सारणी एवं अन्य विस्तृत जानकारी बाद में आयोजकों की ओर से जारी की जाएगी। इस पहल पर प्रशिक्षक सौमेन दास ने विधायक विजय मालाकार के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को सही मार्गदर्शन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 'प्रज्ञा योजना' के माध्यम से क्षेत्र के प्रतिभाशाली युवक-युवतियों को अपने भविष्य को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा। वहीं, विधायक विजय मालाकार ने युवाओं से इस अवसर का पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं को पूरी लगन एवं अनुशासन के साथ प्रशिक्षण लेना चाहिए तथा अपनी प्रतिभा और क्षमता को साबित करने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में भैरवनगर मंडल अध्यक्ष हीरेश विश्वास, जिला उपाध्यक्ष अमृत पाल, संजय गोस्वामी, लालछड़ा जीपी अध्यक्ष रामकृष्ण मंडल, सभापति पीथम पाल, प्रशिक्षक सौमेन दास, रामकृष्णनगर नगरपालिका की चेयरमैन प्रतिमा नाथ तथा सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र बारई सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। 'Empower Today | Lead Tomorrow' के संदेश के साथ शुरू की जा रही 'प्रज्ञा योजना' का उद्देश्य रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को कुशल, आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाना है। आयोजकों को उम्मीद है कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगी।

राजा वड़िंग पहले कांग्रेस बचाएं, आरएसएस पर ज्ञान बाद में दें- संदीप मित्तल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लुधियाना- पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग गांधी परिवार की चाटुकारिता में डूबे कांग्रेस नेता आज अपनी ही पार्टी के नेताओं को 'आरएसएस का चमचा' कहकर अपमानित कर रहे हैं। यह कांग्रेस की अंदरूनी कलह और नेतृत्व की विफलता का प्रमाण है। उक्त विचार भाजपा के नेता संदीप मित्तल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहे। उन्होंने कहा जब किसी दल का नेतृत्व अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगाने लगे, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि उस पार्टी में अनुशासन, विश्वास और नेतृत्व–तीनों का संकट गहरा चुका है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी, राष्ट्रवादी और सांस्कृतिक संगठन है। देश सेवा, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में आरएसएस का योगदान किसी से छिपा नहीं है। आरएसएस पर उंगली उठाने से पहले कांग्रेस को अपने इतिहास और वर्तमान की ओर देखना चाहिए। मित्तल ने कहा कि राजा वड़िंग जी, अपने घर का क्लेश देखिए, बाहर सब ठीक है। पंजाब कांग्रेस आज गुटबाजी, आपसी अविश्वास और नेतृत्व संघर्ष से जूझ रही है। अपनी ही पार्टी के नेताओं को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना कांग्रेस की कमजोर होती स्थिति का प्रमाण है। कांग्रेस यदि वास्तव में जनता का विश्वास जीतना चाहती है, तो उसे आरएसएस पर अनर्गल टिप्पणी करने के बजाय अपनी पार्टी को टूटने से बचाने पर ध्यान देना चाहिए।

किचलू नगर रोड धंसने पर मेयर व निगम कमिश्नर ने किया निरीक्षण, जल्द मरम्मत के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लुधियाना। गुरुवार सुबह भारी बारिश के दौरान किचलू नगर मुख्य मार्ग का एक हिस्सा धंसने की घटना के बाद मेयर इंदरजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मरम्मत कार्य में तेजी लाने और आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए। मौके पर अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि एक निजी कंपनी द्वारा भूमिगत तार बिछाने के दौरान मुख्य ईंटों की सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। इसके चलते समय के साथ मिट्टी का कटाव हुआ और भारी बारिश के दौरान सड़क का एक हिस्सा धंस गया। मेयर इंदरजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने कहा कि आसपास की इमारतों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। अधिकारियों को जरूरत के अनुसार अतिरिक्त कर्मचारियों और मशीनरी की तैनाती करने के निर्देश दिए गए हैं। मरम्मत कार्य दिन-रात जारी रखने के लिए भी कहा गया है, ताकि मार्ग को जल्द से जल्द सुरक्षित किया जा सके। जोनल कमिश्नर जसदेव सेखों मरम्मत कार्य का समन्वय कर रहे हैं। नगर निगम की बीएंडआर शाखा, ओएंडएम सेल सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर कार्य में तेजी ला रहे हैं। मेयर और कमिश्नर ने कहा कि सड़क धंसने के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने वालों की जवाबदेही तय की जाएगी। यदि जांच में भूमिगत तार बिछाने के कारण सीवर लाइन क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि होती है तो संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी समस्या की स्थिति में नगर निगम की मानसून हेल्पलाइन 90867-91867 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

यूथ सर्विसेज़ डिपार्टमेंट ने ज़िला लेवल एडवोकेसी की मीटिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मुक्तसर साहिब- डायरेक्टर, यूथ सर्विसेज़ डिपार्टमेंट पंजाब, चंडीगढ़ के आदेश के मुताबिक, असिस्टेंट डायरेक्टर, यूथ सर्विसेज़ डिपार्टमेंट, मुक्तसर साहिब श्री दविंदर सिंह लोटे की लीडरशिप में, पंजाब स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी, चंडीगढ़ के साथ मिलकर ज़िले में काम कर रहे रेड रिबन क्लब के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर की एक ज़िला लेवल एडवोकेसी मीटिंग हाल ही में गुरु नानक कॉलेज श्री मुक्तसर साहिब में हुई। इस मीटिंग के दौरान, ज़िले के 30 रेड रिबन क्लब को साल 2026-27 के लिए सालाना ग्रांट जारी की गई। इस मौके पर, असिस्टेंट डायरेक्टर, यूथ सर्विसेज़, दविंदर सिंह लोटे ने सभी कॉलेजों के नोडल ऑफिसर का स्वागत किया और रेड रिबन की एक्टिविटीज़ जैसे ड्रग्स की रोकथाम, HIV/AIDS, TB के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के बारे में बताया। मीटिंग में साल 2026-27 के दौरान रेड रिबन क्लब द्वारा किए जाने वाले कामों का भी रिव्यू किया गया।

उन्होंने कहा कि जिले के रेड रिबन क्लब द्वारा गोद लिए गए गांवों में HIV/AIDS और ड्रग्स के खिलाफ एक्टिविटी करके लोगों को इनके नुकसानदायक असर के बारे में जागरूक किया जाए। इसके साथ ही वॉल पेंटिंग के जरिए स्टूडेंट्स को इन भयानक बीमारियों से दूर रहने की सलाह देने के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ. श्वेता दरगन, लखवीर सिंह स्टेनो के अलावा अलग-अलग कॉलेजों के नोडल इंचार्ज/ नोडल ऑफिसर आदि मौजूद थे।

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर कालकाजी मंदिर और नेहरू प्लेस में मॉक ड्रिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस ने कालकाजी मंदिर और नेहरू प्लेस में मॉक ड्रिल का आयोजन किया।इसका उद्देश्य आतंकवादी हमले और बम विस्फोट जैसी आपात स्थिति में पुलिस तथा अन्य संबंधित एजेंसियों की तैयारियों,त्वरित एक्शन और आपसी समन्वय को परखना था। कालकाजी मंदिर परिसर में 7 अगस्त की रात नौ बजे से 8 अगस्त तड़के साढ़े 12 बजे तक मॉक ड्रिल की गई।अभ्यास के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड एनएसजी की ओर से मंदिर परिसर में अलग-अलग स्थानों पर बम विस्फोट की दो काल्पनिक घटनाएं तैयार की गई।इसके बाद बीट अधिकारी ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना दी।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और संबंधित आपातकालीन एजेंसियों ने अपनी निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई शुरू की।अभ्यास के दौरान घटनास्थल की घेराबंदी की गई और लोगों की आवाजाही नियंत्रित करने के साथ यातायात को दूसरे मार्गों पर डायवर्ट किया गया।आपातकालीन कार्रवाई के लिए रास्ता भी सुरक्षित किया गया। मॉक ड्रिल में एनएसजी, स्कॉट टीम,बम निरोधक दस्ता, बम जांच दल,डॉग स्क्वाड, दिल्ली पुलिस नियंत्रण कक्ष, ट्रैफिक पुलिस, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, दिल्ली अग्निशमन सेवा और कैट्स की टीमों ने हिस्सा लिया।बम निरोधक दस्ते और बम जांच दल ने डॉग स्क्वाड की मदद से इलाके में बम की तलाशी और विस्फोटक रोधी जांच की। अभ्यास के तहत एनएसजी और स्वाट टीम ने दो काल्पनिक आतंकियों को निष्क्रिय किया। वहीं,एक घायल व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालकर पुलिस नियंत्रण कक्ष के वाहन से 20 मिनट के भीतर एम्स अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास भी किया गया। इसके माध्यम से आपात स्थिति में घायल को निकालने, सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराने और समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने की व्यवस्था को परखा गया। इसके अलावा नेहरू प्लेस में भी अलग से मॉक ड्रिल की गई। यहां व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र में आतंकी हमले और बम विस्फोट जैसी स्थिति को काल्पनिक रूप से तैयार किया गया।सूचना मिलने के बाद पुलिस और विशेष टीमें मौके पर पहुंचीं तथा प्रभावित क्षेत्र की घेराबंदी कर लोगों की आवाजाही नियंत्रित की।

बचाव एवं आपातकालीन वाहनों की आवाजाही सुचारु रखने के लिए यातायात को डायवर्ट किया गया।

मारपीट कर किया घायल, पुलिस से शिकायत

कोंच(जालौन)- कस्बा कोंच निवासी एक महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। महिला के मुताबिक, घटना के बाद जब उसके परिजन आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे तो आरोपी पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर कई लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया, घायलों में शामिल एक व्यक्ति के पैर में फ्रैक्चर हो गया। कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में महिला ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब पौने 10 बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान मोहल्ले का ही युवक पवन जबरन घर में घुस आया और उसके साथ अभद्रता कर छेड़छाड़ करने लगा। बचाव में वह चीखी चिल्लाई तो उक्त युवक जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। महिला ने बताया कि घटना के बाद उसका पति रवि अपने साथ विजय, अजय और रघुवीर को लेकर आरोपी युवक के घर शिकायत करने पहुंचे तो संजू, अम्बू, माताप्रसाद समेत करीब आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज करते हुए पति सहित उनके साथ मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। हमले में रघुवीर, विजय, संजय, मिथलेशी और मालती देवी घायल हो गई, रघुवीर के पैर में फ्रैक्चर हो गया।

सीमा पार से नशा व हथियार तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चंडीगढ़/अमृतसर। पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ और अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 21.299 किलो हेरोइन, 970 ग्राम आईस (मेथामफेटामाइन), .30 बोर की अवैध पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गगन उर्फ डिशका (23) और जसपिंदर सिंह (25), दोनों निवासी गांव निकोसरां, गुरदासपुर; सुखप्रीत सिंह उर्फ सुख (30), निवासी अड्डा जैंतीपुर, अमृतसर ग्रामीण; अभिषेक सभरवाल उर्फ अभि (25), निवासी शर्मा कॉलोनी, अमृतसर तथा मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नू (26), निवासी गांव चन्ननके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी विदेश में बैठे एक तस्कर के सीधे संपर्क में था। उक्त तस्कर सीमा पार से हेरोइन और अवैध हथियारों की तस्करी में मदद करता था। इन नशीले पदार्थों और हथियारों को आगे सप्लाई किया जाना था। पुलिस इस नेटवर्क के आगे और पीछे जुड़े लोगों की पहचान करने के लिए जांच कर रही है। पुलिस कमिश्नर अमृतसर ने बताया कि पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सबसे पहले गगन उर्फ डिशका और जसपिंदर सिंह को एक पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने 1.01 किलो हेरोइन और 970 ग्राम आईस बरामद की।

आगे की जांच में आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथियों के बारे में जानकारी देने के बाद पुलिस ने सुखप्रीत उर्फ सुख, अभिषेक सभरवाल उर्फ अभि और मनप्रीत उर्फ मन्नू को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 20.2 किलो हेरोइन बरामद की। पुलिस के अनुसार, आरोपी सुखप्रीत उर्फ सुख आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तथा आर्म्स एक्ट के तहत पहले से कई मामले दर्ज हैं। इस संबंध में थाना एयरपोर्ट, अमृतसर में एफआईआर संख्या 24, दिनांक 29 जुलाई 2026 दर्ज की गई है। मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 25(6), 25(7), 25(8) तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-सी, 22-सी और 29 के तहत कार्रवाई की गई है।

नाले में निकासी का इंतजाम नहीं, जलभराव से व्यापारी और नागरिक परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्टेशन रोड, जमुना नगर और मिर्जापुर रोड समेत आसपास के क्षेत्रों में नालों की स्थिति खराब होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। इससे जहां राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है, वहीं व्यापारियों को भी काफी दिकतों का सामना करना पड़ता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

नैनी, प्रयागराज। महाकुंभ के दौरान स्टेशन रोड, हनुमान नगर और मिर्जापुर रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण के समय प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा बनाए गए नाले अब क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नालों का आपस में सही तरीके से जुड़ाव नहीं होने और पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश होते ही कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्टेशन रोड, जमुना नगर और मिर्जापुर रोड समेत आसपास के क्षेत्रों में नालों की स्थिति खराब होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। इससे जहां राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है, वहीं व्यापारियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ ही नैनी व्यापार मंडल की ओर से भी पीडीए अधिकारियों को लिखित शिकायत दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक समस्या का समाधान न होने से क्षेत्र के व्यापारियों और नागरिकों में रोष बढ़ता जा रहा है।नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री घनश्याम जायसवाल ने पीडीए अधिकारियों पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नालों की जल निकासी व्यवस्था तत्काल प्रभाव से दुरुस्त कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां नाले क्षतिग्रस्त या अव्यवस्थित हैं, वहां उनका पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

शॉर्ट सर्किट से बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में लगी आग, टला बड़ा हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी प्रयागराज । नैनी कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह बैंक ऑफ बड़ौदा की महेवा शाखा में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। एग्रीकल्चर चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित इस बैंक में समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे किसी बड़े नुकसान और जनहानि को टाला जा सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 7 बजे बैंक के ब्रांच हेड के केबिन में रखे कुछ बिजली के उपकरणों में शॉर्ट सर्किट हो गया। देखते ही देखते केबिन से धुआं उठने लगा। उस समय बैंक बंद था, लेकिन आसपास के स्थानीय निवासियों ने बैंक के शटर के नीचे से धुआं निकलता देखा। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना नैनी पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी।सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। साथ ही नैनी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। बैंककर्मियों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।प्राथमिक जांच में पता चला है कि आग में ब्रांच हेड केबिन में रखी टेबल, कुछ जरूरी फाइलें और 2 कंप्यूटर जलकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

छुट्टा सांड के हमले में मां-बेटे की मौत, परिवार पूरी तरह उजड़ गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज गोपीगंज। गोपीगंज थाना क्षेत्र के अमवा गांव में शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। घर से किराने का सामान लेने बाइक पर निकले मां-बेटे पर दुकान के सामने अचानक छुट्टा सांड ने हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान पर्वतपुर निवासी प्रांशु सिंह (पुत्र स्वर्गीय जनार्दन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह) और उनकी मां विनीता सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों बाइक से घर से निकले थे। दुकान के पास पहुंचते ही वहां मौजूद पशुओं के झुंड में से एक सांड अचानक उनकी ओर दौड़ा और उन पर टूट पड़ा। हमले से दोनों सड़क पर गिर गए और बुरी तरह घायल हो गए। घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने उन्हें तुरंत संभाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने दोनों को वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। सरकारी एंबुलेंस से वाराणसी ले जाए गए, लेकिन इलाज के दौरान मां और बेटे दोनों ने दम तोड़ दिया। यह हादसा पहले से टूटे परिवार के लिए और भी बड़ा सदमा साबित हुआ। ग्रामीणों के अनुसार प्रांशु के पिता जनार्दन सिंह की करीब 10 साल पहले मौत हो चुकी थी। पति के निधन के बाद विनीता सिंह अकेले परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। प्रांशु उनका इकलौता बेटा और परिवार का एकमात्र सहारा था। अब मां-बेटे दोनों की मौत के बाद परिवार में कोई नहीं बचा। गांव में इस खबर से शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने छुट्टा पशुओं और सांडों के लगातार हमलों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों में पहले भी कई लोग घायल हो चुके हैं और जान गंवा चुके हैं।

सेटी टैंक में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत, परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया चका जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज । औद्योगिक थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सेफ्टी टैंक में जहरीली गैस भरने से दम घुटने के कारण दो मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना के बाद शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर टोल प्लाजा पर चक्का जाम कर दिया। जानकारी के अनुसार गणेश में देरी नवादा समोगर गांव में धर्मेंद्र के शेरवानी के निर्माणाधीन मकान में नया सेफ्टी टैंक बनाया गया था। शुक्रवार सुबह करीब 10:00 बजे बेंदो गांव के रहने वाले निहाल और रजत शुक्ला शटरिंग खोलने के लिए टैंक के अंदर उतरे थे। इसी दौरान टैंक में भरी जहरीली गैस की चपेट में आने से दोनों युवक दम घुटने से बेहोश होकर गिर पड़े और बाहर नहीं निकल सके। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना पर औद्योगिक थाना प्रभारी कमलेश पटेल और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद दोनों मजदूरों के शव सेफ्टी टैंक से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए।शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचे तो परिजन और ग्रामीण औद्योगिक थाना क्षेत्र के मोगरी टोल प्लाजा पर शव रखकर चक्का जाम कर बैठ गए। परिवार वालों की मांग थी कि निर्माण कार्य के दौरान हुई मौत के चलते दोनों मृतकों के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाए। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंचे। एसडीएम करछना संदीप तिवारी ने परिजनों को समझा-बुझाकर सरकारी मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और शवों का अंतिम संस्कार कराया गया।

बड़े-बड़े गड्ढों के चलते स्टेशन रोड पर पलटा ई-रिक्शा, बाल-बाल बची सवारियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। नैनी स्टेशन रोड पर शनिवार सुबह सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के चलते एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई। हालांकि, घटना के बाद सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन रोड पर जगह-जगह सड़क में गहरे गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को इनकी गहराई का अंदाजा नहीं हो पाता। इसके चलते आए दिन दोपहिया वाहन सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं और हादसे का खतरा बना रहता है। लोगों का आरोप है कि सड़क की जर्जर हालत की जानकारी जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को होने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। सड़क की मरम्मत न होने से आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गोपीगंज में सावन माह में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवरियों की सेवा शिविर का भव्य आयोजनं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज/गोपीगंज। सावन के पवित्र माह में कांवरिया सेवा शिविर समिति के तत्वावधान गोपीगंज आजाद नगर उत्तरी लेन में इस वर्ष भी राष्ट्रीय राजमार्ग सर्विस लेन पर कांवरियों के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन शनिवार काँवरियाँ सेवा शिविर' का शुभारंभ श्री अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा किया गया। इस अवसर पर शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक, भदोही एवं अन्य गणमान्य अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन के साथ ही समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से कांवरियों की सेवा में जुट गए। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा शिविर में काँवरियों की सुविधा के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं- जैसे स्नान, शुद्ध पेयजल, विश्राम, भोजन और चिकित्सा सहायता आदि का बारीकी से जायजा लिया गया तथा आयोजकों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने शिविर के मुख्य आयोजक जितेन्द्र गुप्ता जी एवं अन्य सहयोगियों का आभार व्यक्त किया । समिति के कार्यक्रम संयोजक पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि भगवान शिव के भक्तों की सेवा करना स्वयं में पुण्य का कार्य है। इसी पवित्र भावना के साथ समिति पूरे सावन माह में सेवा कार्य को निरंतर जारी रखेगी। जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में समिति के सदस्य दिन-रात कांवरियों की सेवा में लगे हुए हैं, जिससे शिविर में व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

धोखाधड़ी के आरोपी महेन्द्र गोयंका को सुप्रीम कोर्ट ने भी नहीं दी कोई रियायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। सुप्रीम कोर्ट ने जिओमिन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड और यूरो प्रतीक के बीच चल रहे विवाद को लेकर बड़ा फ़ैसला देते हुए महेंद्र गोयंका का केस डिसमिस,कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि जब तक कमर्शियल कोर्ट इस आवेदन पर अंतिम निर्णय नहीं लेती है तब तक मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा लगाया गया अंतरिम प्रतिबंध जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पी एस नरसिम्हा एव जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने यह निर्णय विधान अधिवक्ता बलवीर सिंह एव अधिवक्ता शर्मिला इराम फातिमा द्वारा की गई बहस के बाद दिया। कोर्ट ने कमर्शियल कोर्ट को सीपीसी के आदेश 39 के नियम एक और दो के तहत लंबित आवेदन पर दो माह के भीतर फ़ैसला सुनाने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 7 अगस्त के अपने आदेश के बाद जबलपुर की कमर्शियल कोर्ट को 2 माह में जियोमिन इंडस्ट्रीज द्वारा यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया से 1 लाख 70 हजार टन आयरन ओर खरीदी (परचेज़ एग्रीमेंट)के बाद की गई धोखाधड़ी जिसमें खरीदी अनुबंध के बाद आयरन ओर न सप्लाई करने और अनुबंध का पालन न करने पर कोर्ट में दायर वाद पर फैसला करने के आदेश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार मेसर्स जियोमिन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने जबलपुर के डिस्ट्रिक्ट जज कमर्शियल कोर्ट में मेसर्स यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से 1लाख 70 हजार टन आयरन ओर सेल और परचेज़ एग्रीमेंट करने के आधार पर खरीदा गया आयरन ओर प्राप्त करने के लिए कमर्शियल सूट फाइल किया है वर्तमान में यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया का प्राइमरी शेयर होल्डर रायपुर निवासी महेंद्र गोयनका बना हुआ है । यहां यह जानना जरूरी है कि यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को लेकर कई मामले पिछले दिनों और सालों में सुर्खियों में रहे हैं जिसमें महेन्द्र गोयनका के सहयोगी 3 डायरेक्टर्स हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन और सुनील अग्रवाल एवं अन्य सहयोगी के विरुद्ध भी कटनी के कोतवाली और माधवनगर थाने में दो अलग-अलग प्रकरण 420/ 120B /467 /468/471 की प्राथमिकी दर्ज हैं और गोयंका के तीनो डायरेक्टर की अग्रिम जमानत सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज होने के बाद भी पिछले दो साल से तीनो डायरेक्टर फरार हैं ।जिन्हें कटनी पुलिस आज तक गिरफ्तार नहीं कर पायी है। जाली दस्तावेजों और फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, यूरो पैलेट कंपनी समेत कई कंपनियों पर अवैध नियंत्रण हासिल करने को लेकर मामला है । इसी तरह कोलकत्ता में भी महेंद्र गोयनका पर हजारों करोड़ रुपये के कथित वित्तीय अनियमितताओं और कंपनी के बिके हुए माल को छल-कपट करके बेचने से जुड़े मामले सहित फ़र्ज़ी तरीक़े से कंपनी के शेयर अपने और परिवार के नाम करवाने को लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 120बी 467/468/471 सहित अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी इस मामले में कोलकत्ता पुलिस ने ने जुलाई में दो वर्षों से फरार चल रहे रायपुर निवासी महेंद्र गोयनका को गिरफ्तार करते हुए दो बार 14 दिनों तक रिमांड में लेते हुए मामले में गहन जांच की है।

ई-कार्ट के सामने डिलीवरी बॉय की बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए दो संदिग्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भागवत वार्ड नंबर-13 निवासी रविन्द्र यादव (पुत्र विजय शंकर यादव) ने बताया कि वे ई-कार्ट में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करते हैं। शुक्रवार को रोज की तरह अपनी बाइक (संया-63 ·1345) ई-कार्ट के सामने खड़ी कर डिलीवरी का सामान लेने अंदर चले गए।

प्रयागराज गोपीगंज। थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रोड पर स्थित ई-कार्ट के सामने से एक डिलीवरी बॉय की बाइक चोरी हो गई। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भागवत वार्ड नंबर-13 निवासी रविन्द्र यादव (पुत्र विजय शंकर यादव) ने बताया कि वे ई-कार्ट में डिलीवरी बॉय के रूप में काम करते हैं। शुक्रवार को रोज की तरह अपनी बाइक (संख्या UP 63 V 1345) ई-कार्ट के सामने खड़ी कर डिलीवरी का सामान लेने अंदर चले गए। कुछ देर बाद बाहर आकर देखा तो बाइक गायब थी । तलाश के दौरान ई-कार्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की गई, जिसमें दो अज्ञात व्यक्तियों को बाइक ले जाते हुए देखा गया। घटना की सूचना 112 पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया और थाने में तहरीर दर्ज कराने को कहा। पीड़ित ने गोपीगंज थाने में तहरीर देकर बाइक की बरामदगी और अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

सुप्रीम कोर्ट से आसाराम को झटका, खराब सेहत के आधार पर नहीं मिली अंतरिम जमानत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्यूरो प्रयागराज। जोधपुर में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली। खराब सेहत के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अभी कोई आदेश नहीं दिया। कोर्ट ने याचिका को लंबित रखते हुए कहा कि अगर आगे हालत ज्यादा बिगड़ती है तो दोबारा अंतरिम जमानत की मांग की जा सकती है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अभी अंतरिम जमानत पर कोई आदेश नहीं दिया जा सकता। आसाराम की याचिका फाइल पर रहेगी। जरूरत पड़ने पर बाद में फिर सुनवाई होगी। राजस्थान सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि आसाराम ने हाईकोर्ट से 20 दिन की पैरोल मांगी है लेकिन सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत की बात छिपाई। फिलहाल आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से 20 दिन की पैरोल मिली हुई है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम की जमानत याचिका पर फैसला लेने से पहले एम्स से विस्तृत मेडिकल रिपोर्ट मांगी थी। एम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आसाराम को अभी अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं है लेकिन उनकी सेहत पर 24 घंटे नजर रखी जानी चाहिए।

21 जुलाई को हुई सुनवाई में कोर्ट ने राजस्थान सरकार से आसाराम की ताजा मेडिकल रिपोर्ट मांगी थी। कोर्ट ने कहा था कि अगर रिपोर्ट में हालत गंभीर साबित होती है तो सिर्फ इलाज के लिए सीमित समय की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है। 17 जुलाई की सुनवाई में आसाराम की तरफ से खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर कुछ समय के लिए अंतरिम जमानत मांगी गई थी। तब कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह मेडिकल रिपोर्ट की जांच कर बताए कि हालत वाकई गंभीर है या नहीं।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई: 48 घंटे में एचबीआई बिग बाजार चोरी का अनावरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज, भदोही । पुलिस ने मात्र 48 घंटे में एचबीआई बिग बाजार कपड़ा दुकान की चोरी का सफल अनावरण कर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। थाना गोपीगंज पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। रात्रि में गोपीगंज कस्बे स्थित कपड़ा व्यवसायी हेलाल अहमद की एचबीआई बिग बाजार दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने गल्ले से रुपये चोरी कर लिए थे। सूचना पर मुकदमा संख्या 331/2026 धारा 305(ए)/331(4) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया। रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जीटी रोड क्षेत्र में काली मंदिर के पास काले रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल सवार को रोका गया। तलाशी में अभियुक्त रिंकू पुत्र श्याम धर मौर्या (उम्र लगभग 38 वर्ष, निवासी ग्राम महतुआ, थाना औराई) के कब्जे से चोरी के शेष ?920 के सिक्के, एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद हुए। मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने दुकान से लगभग ?1200 चोरी किए थे, जिनमें से कुछ खर्च हो गए। वह सुरक्षा के लिए अवैध हथियार रखता था और उसी दिन पुनः चोरी करने आया था। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस एवं 3/25 आयुध अधिनियम जोड़ी गई। गिरफ्तारी की

पुश्तैनी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक हुआ अबान अहमद, तीनों भाइयों ने दिया जनाज़े को कंधा

कड़ी सुरक्षा के बीच कब्रिस्तान पहुंचे अली और उमर अहमद, वैन से उतरते ही दोनों भाई गले मिले; अंतिम दीदार के लिए उमड़ी भीड़ को पुलिस ने संभाला।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। अतीक अहमद के छोटे बेटे अबान अहमद को शनिवार को प्रयागराज स्थित उनके पुश्तैनी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। अबान की अंतिम यात्रा के दौरान उनके दोनों बड़े भाइयों अली अहमद और उमर अहमद ने भी शिरकत की। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोनों भाइयों को पुलिस वैन से कब्रिस्तान तक लाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अंतिम दीदार के लिए जुटे रहे। कब्रिस्तान पहुंचने पर जैसे ही पुलिस वैन से अली और उमर अहमद नीचे उतरे, दोनों भाई भावुक हो गए और एक-दूसरे से गले मिले। इसके बाद दोनों ने अबान के जनाज़े को कंधा दिया। तीनों भाइयों के इस भावुक क्षण को देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। अंतिम रस्मों के दौरान अली और उमर ने अबान को मिट्टी भी दी और उनकी आखिरी विदाई में शामिल हुए। अबान के जनाज़े के कब्रिस्तान पहुंचने की सूचना मिलते ही आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। देखते ही देखते कब्रिस्तान के आसपास भीड़ बढ़ गई। भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने पहले लोगों को पीछे हटने की अपील की। भीड़ अधिक बढ़ने पर कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति भी बनी, जिसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग कर लोगों को नियंत्रित करना पड़ा।

कड़ी सुरक्षा के बीच हुई अंतिम विदाई

अबान की अंतिम विदाई को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। कब्रिस्तान के आसपास पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। अली और उमर को भी सुरक्षा घेरे में कब्रिस्तान तक लाया गया। पुलिस अधिकारियों की निगरानी में अंतिम संस्कार की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। अंतिम रस्में पूरी होने के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच अली और उमर को वापस ले जाया गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष नजर रखी गई।

वैश्य बाहुल्य 90 सीटों चुनाव लड़कर अपना हक लेंगे-ध्रुवचन्द जायसवाल

प्रयागराज। आज की विषम परिस्थितियों में भारत मे वैश्यों की संख्या सर्वाधिक है फिर भी सत्ता में भागीदारी नग्ण

है यहां तक देश की मुख्य धारा जहां नीतिगत निर्णय लिए जाते हैं वहां संख्या जीरो है राजनैतिज्ञ चिंतक बड़े बुजुर्गों एवं स्वजाति भाईयो ने नई पीढ़ी के युवाओं,महिलाओं को विधानसभा एवं लोकसभा का चुनाव लड़ाने की मुहिम चलाई है ।

पंजाब में छिपा बैठा था 50 हजार का इनामी शराब तस्कर, यूपी एसटीएफ ने अजय जैन को दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में उत्तर प्रदेश एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी शराब तस्कर अजय जैन को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ प्रयागराज के नवाबगंज थाने में शराब तस्करी से संबंधित मुकदमा दर्ज था और वह पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। एसटीएफ को आरोपी के पंजाब में छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद प्रयागराज यूनिट ने उसकी गतिविधियों और संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाई। पुख्ता सूचना मिलने के बाद टीम ने पंजाब में दबिश देकर अजय जैन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस के सुपुर्द किए जाने की प्रक्रिया की गई।

भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी ने रेउसा थाने में समधी अनुज त्रिवेदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अनुज त्रिवेदी

विधायक ज्ञान तिवारी और पुत्री डॉटर प्रज्ञा तिवारी

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले की सेवता (सेउता) विधानसभा सीट से भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी ने अपने समधी अनुज त्रिवेदी के खिलाफ रेउसा थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मुकदमे में विधायक ने बताया कि उनकी बेटी डॉ. प्रज्ञा तिवारी की शादी 14 फरवरी 2024 को अनुज त्रिवेदी के बेटे प्रखर त्रिवेदी से हुई थी। शादी समारोह में करीब 15 हजार लोग शामिल हुए थे।

शादी की बातचीत के दौरान अनुज त्रिवेदी ने खुद को मुंबई में रियल एस्टेट का कारोबारी बताया था। शादी से पहले स्थानीय स्तर पर जानकारी ली गई थी, जिसमें स्वर्गीय सांसद जनार्दन मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विपिन मिश्रा और आदित्य सिंह समेत कई लोगों ने उन्हें संपन्न और प्रतिष्ठित व्यक्ति बताया था। विधायक का आरोप है कि शादी के करीब ढाई साल बाद सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि अनुज त्रिवेदी के खिलाफ महाराष्ट्र समेत अन्य जगहों पर धोखाधड़ी और चीटिंग के कई मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अनुज ने झूठ बोलकर तथ्यों को छिपाते हुए उनके घर में शादी की, जिससे उनकी बेटी और पूरा परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा है तथा सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। दो दिन पहले विधायक ज्ञान तिवारी अपनी डॉक्टर बेटी डॉ. प्रज्ञा तिवारी के साथ फेसबुक लाइव पर आए थे। भावुक होते हुए उन्होंने समधी अनुज त्रिवेदी से सभी रिश्ते तोड़ने का ऐलान किया था।

उन्होंने कहा था कि वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और अगर बेटी चाहेगी तो अनुज के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराएंगे। बेटी भी इस दौरान रो पड़ी थीं। अनुज त्रिवेदी मिश्रिख के चंद्रावल गांव के रहने वाले बताए जाते हैं। उन पर वैवाहिक विज्ञापनों के जरिए करीब 25 महिलाओं से शादी का झांसा देकर करोड़ों रुपये ठगी करने का आरोप है। महाराष्ट्र पुलिस ने 24 मई 2026 को उन्हें ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया था। उस समय वे फर्जी नाम से रह रहे थे। वे वर्तमान में महाराष्ट्र की जेल में बंद बताए जा रहे हैं। उनके खिलाफ 2016 से 2022 के बीच कई मुकदमे दर्ज बताए जाते हैं।

प्रयागराज स्टेशन बनेगा आधुनिक वर्ल्ड क्लास कमर्शियल हब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी।



ब्यूरो प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए प्रयागराज स्टेशन के सिविल लाइंस साइड स्थित पब्लिक प्लाज़ा एवं कमर्शियल आर्केड में मल्टी-फंक्शनल कमर्शियल गतिविधियों तथा एक्सेस कंट्रोल्ड बेसमेंट पार्किंग के स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण के लिए ई-नीलामी सफलतापूर्वक संपन्न की। यह ई-नीलामी 07 अगस्त 2026 को आईआरईपीएस ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से 15 वर्ष की अवधि के लिए आयोजित की गई।

ई-नीलामी में उत्साहजनक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसके परिणामस्वरूप ?2,41,51,000 का सर्वाधिक वार्षिक लाइसेंस शुल्क प्राप्त हुआ। अनुबंध का कुल अनुमानित मूल्य लगभग ?64.06 करोड़ है, जिसमें चौथे वर्ष से लागू होने वाली 10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि भी शामिल है। यह उपलब्धि भारतीय रेल में अब तक का सर्वाधिक गैर-किराया राजस्व अनुबंध मूल्य है, जिसने रेलवे परिसंपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग के क्षेत्र में नया राष्ट्रीय मानदंड स्थापित किया है। इस परियोजना के अंतर्गत फूड कोर्ट, फन पार्क एवं गेमिंग ज़ोन, स्पोर्ट्स/टर्फ स्पोर्ट्स ज़ोन, शॉपिंग रिटेल ज़ोन, सांस्कृतिक गतिविधि केंद्र तथा एक्सेस कंट्रोल्ड बेसमेंट पार्किंग जैसी आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी तथा स्टेशन परिसर एक आधुनिक एवं जीवंत वाणिज्यिक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

इस पहल का उद्देश्य यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना, स्टेशन परिसर में आधुनिक व्यावसायिक वातावरण विकसित करना, भारतीय रेल के लिए सतत गैर-किराया राजस्व अर्जित करना तथा प्रयागराज स्टेशन के आसपास आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

यह ऐतिहासिक ई-नीलामी प्रयागराज मंडल की दूरदर्शी योजना, पारदर्शी कार्यप्रणाली एवं प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण है। साथ ही यह प्रयागराज स्टेशन की अपार व्यावसायिक संभावनाओं में निवेशकों के मजबूत विश्वास को भी दर्शाती है। यह परियोजना न केवल गैर-किराया राजस्व को सुदृढ़ करेगी, बल्कि प्रयागराज स्टेशन को एक विश्वस्तरीय रेलवे हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

थाना तम्बौर में समाधान दिवस, डीएम-एसपी ने सुनीं जनता की शिकायतें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सचिन बाजपेई

अधिकारियों ने एक-एक शिकायत को ध्यान से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित, निष्पक्ष तथा गुणवाापूर्ण निस्तारण के सत निर्देश दिए। थाना परिसर में पुलिस अधिकारी, राजस्व कर्मचारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सीतापुर। थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल ने थाना तम्बौर परिसर में संयुक्त रूप से जनसुनवाई की। दोनों आला अधिकारियों ने आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को बेहद गंभीरतापूर्वक सुना। जिला प्रशासन की ओर से पहले ही घोषणा की गई थी कि 8 अगस्त को थाना तम्बौर में जिलाधिकारी महोदय का थाना समाधान दिवस आयोजित होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने एक-एक शिकायत को ध्यान से सुना और संबंधित विभागों को त्वरित, निष्पक्ष तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। थाना परिसर में पुलिस अधिकारी, राजस्व कर्मचारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जनता ने विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखीं, जिनमें राजस्व संबंधी विवाद, भूमि विवाद, पुलिस संबंधी शिकायतें तथा अन्य प्रशासनिक मामले शामिल रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीतापुर जिले में नियमित रूप से थाना समाधान दिवस एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे आला अधिकारियों के समक्ष रखना और मौके पर या शीघ्र निस्तारण कराना है। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं एसपी अंकुर अग्रवाल कई मौकों पर विभिन्न थानों और तहसीलों में जनसुनवाई करते रहे हैं। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी से फरियादियों में विश्वास बढ़ा कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।

एमओआईसी की कथित शह में निजी अस्पतालों में प्रसव के साथ गर्भपात का धंधा फलने-फूलने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पूरनपुर (पीलीभीत)। चिकित्सा प्रभारी अधिकारी की उदासीनता ही कहेंगे कि नगर के गली-मोहल्ले-कालोनियों में झोला-छाप डाक्टरों व बीयूएमएस एवं यूनानी आर्युवेदिक चिकित्सकों द्वारा बड़े-बड़े नर्सिंग होम खोलकर वहां पर अवैध रूप से महिला रोगियों के गम्भीर रोगियों का मोटा सुविधा शुल्क लेकर उपचार किया जा रहा है। यदि सूत्रों की माने तो एमओआईसी की शह पर ही प्राइवेट अस्पतालों में नॉर्मल व सिजेरियन सर्जरी के साथ अबॉर्शन का धंधा खूब चमकाया जा रहा है। यहां गंभीर रोगियों को ठेका धनराशि तय कर भर्ती कर बेखौफ उनकी जिंदगी से खिलवाड़ किया जाता है। यही नहीं विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि पुरुष चिकित्सक प्रसव, गर्भपात एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं। इस सब की जानकारी होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय जिम्मेदार सुविधा शुल्क लेकर मूक दर्शक बने हुए हैं। तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाका हो या नगर, कई जगह अवैध रूप से महिलाओं के प्रसव, गर्भपात एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य कृत्यों का ठेका तय कर उपचार के नाम पर नागरिकों का शोषण किये जाने के साथ ही उनको मौत के घाट उतारे जाने के मामले किसी से छिपे नही हैं। नगर व क्षेत्र में आये दिन कोई न कोई ऐसी घटना होती रहती है परन्तु स्वास्थ्य विभाग में शिकायतें होने के उपरांत भी सम्बन्धित के खिलाफ विभाग कार्यवाही करने से कतराता है। कहा जाता है कि कार्यवाही न किये जाने से झोलाछाप डाक्टर निडर होकर निर्धन रोगियों के जीवन से खिलबाड़ कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग या यूं कहें कि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 मनीष राज शर्मा की उदासीनता के कारण नगर के मोहल्ले गलियों एवं कालोनियों में फर्जी डिग्रियों के बोर्ड लगाकर अप्रशिक्षित महिलायें व पुरूष खुलकर अवैध प्रेक्टिस कर रहे है। बतातें चलें कि खासतौर पर पूरनपुर के कोतवाली रोड पर महिलाओं की गम्भीर बीमारियों एवं प्रसव अवैघ गर्भपात व कन्या भ्रूण हत्या जैसे अनेकों जधन्य अपराधों को मोटा सुविधा शुल्क लेकर उनका खुलकर उपचार किया जा रहा है। शासनादेश के अनुसार आर्युवेदिक एवं यूनानी डिग्री धारक चिकित्सक केवल आर्युवेदिक व यूनानी पेथी पर ही रोगियों का उपचार करने पर अधिकृत है, परन्तु स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों संरक्षण में झोलाछाप डाक्टर नगर के अनेकों स्थानों पर अपने अवैध क्लीनिक चलाकर महिला रोगियों के गम्भीर रोगों का उपचार कर उनसे अवैध धन की उगाही कर रहे है। नगर में चल रहे अवैध क्लीनिकों की शिकायतें पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आकर जांच तो करते है परन्तु जांच की खानापूरी कर सुविधा शुल्क वसूलने के बाद उक्त अबैध कारोबारियों को मनमानी करने की छूट देकर छोड़ देते है। यदि मामले की गंभीरता से अथवा अन्य किसी विवाग की टीम गठित कर जांच कराई जाए तो प्रकाश में आएगा कि सर्वाधिक ऐसे मामलों में बढ़ोत्तरी पूरनपुर में एमओआईसी डॉक्टर मनीष राज शर्मा की तैनाती के बाद से ही आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष राज शर्मा की तैनाती के बाद से नगर में अवैध रूप से क्लीनिक चला रहे अप्रशिक्षित महिला एवं पुरूष डाक्टरों द्वारा गरीब एवं निर्धन महिला रोगियों से मनमाना सुविधा शुल्क प्राप्त कर उनका उपचार किये जाने के मामलें ज्यादा सुर्खियों में रहते हैं। ऐसे मामलों में डॉक्टर मनीष राज शर्मा ने छापामार कार्रवाई कर नोटिस जारी कर अपने कर्तव्यों से इति श्री कर ली। ऐसा कोई भी मामला जानकारी में नहीं है कि उनके द्वारा किसी के विरुद्ध कोई विभागीय या कानूनी कार्रवाई की गई हो।

क्रांतिकारी विचार मंच ने सीतापुर में संगठन का किया विस्तार

पांच पदाधिकारियों को मिली नई जिमेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर। क्रांतिकारी विचार मंच के राष्ट्रीय संगठन ने जनपद सीतापुर में संगठनात्मक विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर पांच पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। संगठन की ओर से 06 अगस्त 2026 को जारी नियुक्ति पत्रों के माध्यम से इन पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी नियुक्ति पत्रों के अनुसार मिश्रिख निवासी अनुराग मिश्रा 'पवन पतौजा' को विधानसभा प्रभारी मिश्रिख, आर्या नगर, सीतापुर निवासी रामनारायण त्रिवेदी को विधानसभा प्रभारी (146) सीतापुर, जबकि सीतापुर निवासी हरिओम मिश्रा 'राजेंद्र' को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में मछरेहटा निवासी अंजनी शुक्ला को विधानसभा संयोजक मिश्रिख तथा सुभाषनगर, सीतापुर निवासी संदीप सिंह चौहान को जिलाध्यक्ष-युवा मोर्चा की जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्ति पत्रों में संगठन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की विचारधारा, उद्देश्यों एवं नीतियों के अनुरूप कार्य करते हुए शिक्षा में समानता, आरक्षण उन्मूलन, शिक्षा को राजनीति से मुक्त करने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के अभियान को आगे बढ़ाने की अपेक्षा जताई है। पत्र में पदाधिकारियों की निष्ठा, समर्पण, नेतृत्व क्षमता एवं संगठन के प्रति प्रतिबद्धता पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्हें जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी और दक्षता के साथ करने की बात कही गई है। नियुक्तियां क्रांतिकारी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ सिंह तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन संदीप अवस्थी के हस्ताक्षर से जारी की गई हैं। संगठन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे संगठन को जिले और विधानसभा स्तर पर मजबूत करने की अपेक्षा की है। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रांतिकारी विचार मंच जल्द शुरू करेगा रोजगार पोर्टल, सीतापुर के सामान्य वर्ग के युवाओं को मिलेगा लाभ सीतापुर क्रांतिकारी विचार मंच की ओर से सामान्य वर्ग के योग्य एवं प्रतिभावान युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल्द ही 'क्रांतिकारी विचार मंच रोजगार पोर्टल' शुरू किया जाएगा। संगठन की ओर से बताया गया कि पोर्टल के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योग्यता रखने वाले अथवा विभिन्न स्किल में दक्ष युवाओं का पंजीकरण कराया जाएगा। संगठन के अनुसार इस रोजगार पोर्टल का जिक्र पूर्व में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भी किया गया था। पोर्टल शुरू होने के बाद इच्छुक युवा अपना पंजीकरण करा सकेंगे। संगठन का दावा है कि पंजीकरण के एक माह के भीतर योग्य युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ उनके भविष्य को बेहतर दिशा दी जा सके। फिलहाल यह पोर्टल केवल सीतापुर जनपद के सामान्य वर्ग के युवाओं के लिए शुरू किया जाएगा। संगठन का विस्तार प्रदेश के अन्य जिलों में होने के साथ ही वहां के युवाओं को भी इस रोजगार पोर्टल के माध्यम से रोजगार से जोड़ने की योजना है। क्रांतिकारी विचार मंच ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य समाज के योग्य और प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से मजबूत करना है।

युवती ने प्रेमी संग मिलकर अपने ही घर में डाला था डाका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पूरनपुर (पीलीभीत)। कई वर्षों से प्रेम संबंध होने के चलते शादी करने के उद्देश्य से युवती ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही घर में डाका डाल दिया। इससे पहले युवती अपने प्रेमी के साथ फरार होती, पुलिस ने पूरे घटनाक्रम का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के शत-प्रतिशत जेवरात और 10 हजार रुपये की नकदी बरामद करने का दावा किया है। तहसील क्षेत्र के गांव हुसैनापुर में हुई चोरी की वारदात को लेकर पुलिस जांच में घर के किसी व्यक्ति की संलिप्तता होना उजागर हुई। पड़ताल करने पर पुलिस को ज्ञात हुआ कि पीड़ित की पुत्री के पिछले छः-सात वर्षों से एक युवक से प्रेम संबंध थे और उन्होंने शादी कर साथ रहने के उद्देश्य से घर में चोरी की। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनापुर खुर्द निवासी रामरतन के घर से पांच अगस्त को सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी हो गई थी। छह अगस्त को पीड़ित की तहरीर पर थाना पूरनपुर में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगाई गई।जांच के दौरान पुलिस ने प्रकाश में आए प्रसेन सरकार पुत्र पारस सरकार निवासी चंदिया हजारा और यशोदा देवी पुत्री रामरतन निवासी हुसैनापुर को आठ अगस्त को हुसैनापुर चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि यशोदा देवी और प्रसेन सरकार के बीच करीब छह-सात वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रसेन हुसैनापुर चौराहे के पास क्लीनिक चलाता है। दोनों ने विवाह कर साथ रहने के इरादे से घर में रखे जेवरात और 10 हजार रुपये चोरी किए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से हार, पुरुष व महिला अंगूठियां, मांग टीका, नथ, मंगलसूत्र का पेंडिल, कानों के झाले, पायल, कमर बिछुआ, करधनी और खड़वा समेत सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक राहुल कुमार, महिला उपनिरीक्षक पिंकी यादव, हेड कांस्टेबल बदन सिंह, महिला हेड कांस्टेबल मीनाक्षी तथा कांस्टेबल अरविन्द चौधरी और सचिन कुमार शामिल रहे।

बिजेएमटीयूसी का संगठनात्मक विस्तार, ब्रह्मा कुमार सिंह बने यूपी के प्रदेश महासचिव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता मज़दूर ट्रेड यूनियन काउंसिल ने संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लखनऊ निवासी ब्रह्मा कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विक्रम प्रताप सिंह की अनुशंसा तथा कार्यकारी अध्यक्ष सनत आचार्य की सहमति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश शर्मा ने यह नियुक्ति की। संगठन ने ब्रह्मा कुमार सिंह को प्रदेश महासचिव के साथ-साथ ऑल इंडिया कैजुअल एंड कॉन्ट्रैक्चुअल वर्कर्स यूनियन सेक्टर का प्रभारी भी बनाया है। वे अगले आदेश तक दोनों दायित्वों का निर्वहन करेंगे। संगठन की ओर से इस नियुक्ति की सूचना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया तथा भारत सरकार के मुख्य श्रम आयुक्त को भी प्रेषित की गई है। ब्रह्मा कुमार सिंह की नियुक्ति पर BJMTUC के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव तारा पाठक, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी दीपक पाण्डेय सहित संगठन के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं प्रदेश अध्यक्षों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन उत्तर प्रदेश में और अधिक मजबूत होगा तथा श्रमिकों के हितों की प्रभावी ढंग से पैरवी करेगा।

बिना पंजीकरण कृषि भूमि पर कॉलोनियां बसाने का व्यवसाय कर शासन लगाया जा रहा चूना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

शादाब अली



पूरनपुर (पीलीभीत)। तहसील मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायतो को जाने वाले मुख्य मार्गो पर चारों तरफ अवैध रूप से बसाई जाने वाली मानक विहीन कालोनियों की बाढ़ सी आई हुई है। जिन्हें सजाने संवारने व गड्ढा मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन कर लाई गई मिट्टी का प्रयोग किए जाने से करोड़ों की राजस्व क्षति हो रही है। परंतु प्रशासन सब कुछ जानने के बाद भी मूकदर्शक बना हुआ है। प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती भरा सवाल यह है कि नगर के आस-पास अवैधानिक तरीके से बसायी जा रही कालोनियों के अधिकांश कॉलोनाइजर लाइसेंस विहीन व अपंजीकृत है। जिससे स्पष्ट होता है कि अवैधानिक क्लोनाइजरों द्वारा गलत व मानक विहीन तरीके से बसायी जा रही विभिन्न कालोनियां भी अवैध है, जिन्हें रोका जाना प्रशासन के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। विधिक रूप से बसे पूरनपुर नगर के आस-पास तमाम ग्राम पंचायतो को जाने वाले मुख्य मार्गो जैसे ढका जमीमा पूरनपुर व सिमरिया ता0 महाराजपुर, शेरपुर कलां, खमरिया पट्टी, माधोटाण्डा रोड, मुझा खुर्द रोड, खुटार रोड, बंडा रोड एवं सुड़कुआ तालाब के आस-पाज सहित कई मार्गो पर अनाधिकृत लोगों द्वारा अनाधिकृत मानक विहीन नगर व कालोनिया बसा दी गई है या बसायी जा रही हैं। जिनका राजस्व अभिलेखों में कोई भी उल्लेख नहीं है। यही नहीं बसाई गई अधिकांश इन कालोनियों का जिला पंचायत विभाग में विधिक रूप से नक्शा पास कराये जाने की कोई जानकारी सामने आती है, और ना इनके पास कोई रजिस्टर्ड फर्म है। दर्जनों की तादाद में बने पार्टनर नगर के बाहर की सस्ती मद्दी गड्ढों वाली जगह को खरीद लेते हैं और उस पर प्लाटिंग शुरू कर देते हैं। ऐसी ही कई कॉलोनियां ब्लॉक रोड पर ग्राम पंचायत ढका जमीमा पूरनपुर होते हुए राजीव नगर चैराहे व सिमरिया तक बसाई जा रही है। जिसमें कई दर्जन लोग जमीन को कई गुना कीमत पर बेच कर कॉलोनी आबाद करने में लगे हुए हैं। बतादें कि गहरी तलहटी वाली जमीनो को प्लाटिंग करने योग्य बनाने के लिए यह लोग लाखों रुपए की मिट्टी खनन कर के डालते हैं। जबकि इन प्लाटियो ने मिट्टी खनन करने के लिए कोई भी रॉयल्टी जमा नहीं की होती है। यह बात दीगर है कि मिट्टी खनन करके रातों-रात पाटी जा रही जमीन के लिए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को सुविधा शुल्क की मोटी रायल्टी देकर खुश कर दिया गया हो। इसीलिए अधिकारी-कर्मचारी बड़े पैमाने पर खनन कर लाई जा रही मिट्टी से पाटी जा रही प्लाटिंग वाली जमीन के प्रति अनजान बने रहते हैं। मजे की बात यह है कि जिन पार्टनरो द्वारा उक्त कॉलोनी को आबाद करने के लिए लगातार अवैधानिक कार्य किए जा रहे हैं, इनके पास कोई रजिस्टर्ड फर्म तक नहीं है, और ना ही इन कॉलोनियों का नक्शा पास बताया जाता है। क्षेत्र के खमरिया पट्टी रोड, कलीनगर रोड, माधोंटांडा रोड, धनाराघाट रोड, घुंघचाई रोड, सिरसा रोड सहित सुड़कुआ ताल के समीप दर्जनों स्थानों पर अवैध कालोनियों को अपंजीकृत अवैध लोगों द्वारा रातों रात भारी सुविधाओं के वादों के नाम पर बसाया जा रहा है, जहां सुरक्षा को सिरे से नकारा गया है। करोड़ों का खेल खेलने वाले कॉलोनाइजर प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर रातों-रात धनकुबेर बनने की होड़ में लगे हुए हैं। अवैध रूप से जमीनों को कृषि भूमि दर्शाकर खरीदने और उसका व्यवसायीकरण करने तथा उससे प्राप्त असीमित आय का टैक्स न देने सहित खनन कर बड़े पैमाने पर मिट्टी का पटान करने के मामले में जिला प्रशासन कार्रवाई करता है या फिर एक बार मामला आर्थिक समझौते के आधार पर दबा दिया जाता है? यह बात समय के गर्भ में कैद है। प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही अथवा अभयदान दिए जाने के निर्णय का क्षेत्रवासियों को इंतजार है।